RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 97
फरीदाबाद, रविवार, 15 मई, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



रॉयल्स को हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की करने उतरेगी लखनऊ

पेज - 12

ANIL GENERATOR
SILENT GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1250 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
Surendra Kapoor, Prop.
Add.: 20/6, Mathura Road, Nuchem compound Faridabad
Ph. 0129-4873365,
Mob.: 9811056365, 9311056365
Email : anil.kapoor74@yahoo.com
surendra.kapoor@gmail.com

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम $45.00^0C$
न्यूनतम $32.00^0C$

## क्विक न्यूज

### सुरक्षाबलों को निशाना बनाने वाला आतंकी पकड़ा

**जम्मू।** इंडियन आर्मी ने जम्मू-कश्मीर के रोहामा रफियाबाद से एक आतंकी को पकड़ा है। आतंकी की पहचान हंदवाड़ा निवासी रिजवान शफी लोन के रूप में हुई है। सेना के मुताबिक आतंकवादी सुरक्षा बलों और वीवीआईपी को निशाना बनाने की योजना बना रहा था, इससे पहले ही आर्मी ने आतंकी को पकड़ लिया। आतंकी के पास से पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। वहीं नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने सुबह द रेजिस्टेंस फ्रंट मामले में जम्मू-कश्मीर में चार जगह पर छापेमारी की।

### हिमाचल विस पर खालिस्तानी झंडा लगाने वाला एक गिरफ्तार

**हिमाचल।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मेन गेट पर खालिस्तानी झंडा लगाने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी की पहचान वनीत सिंह के रूप में हुई है। जानकारी प्रदेश के सीएम जयराम ठाकुर ने दी। उन्होंने ट्वीट किया- हिमाचल प्रदेश का हर नागरिक देश को बांटने वाली ताकतों के खिलाफ एकजुट है। इससे पहले पिछले बुधवार को पंजाब के हरवीर सिंह को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में अब तक कुल दो लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### गेहूं निर्यात पर भारत में रोक, इंटरनेशनल मार्केट में बढ़त के बाद फैसला

**नई दिल्ली।** भारत ने तत्काल प्रभाव से गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार ने शुक्रवार देर रात नोटिफिकेशन जारी कर इसकी जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि निर्यात के जिन ऑर्डर के लिए 13 मई से पहले लेटर ऑफ क्रेडिट जारी हो चुका है, उनको एक्सपोर्ट करने की अनुमति होगी। केंद्र ने रोक की वजह इंटरनेशनल मार्केट में गेहूं के बढ़ते दामों को बताया है।

### पूर्व आईपीएस अरविंद दिग्विजय नेगी और छह अन्य के खिलाफ एक्शन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के साथ मिलकर साजिश रचने के मामले में पूर्व आईपीएस अधिकारी अरविंद दिग्विजय नेगी और छह अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। जांच एजेंसी का आरोप है कि ये पाकिस्तान में स्थित लश्कर के गुर्गों के साथ मिलकर जम्मू-कश्मीर और भारत के अन्य हिस्सों में आतंकवादी गतिविधियों को आगे बढ़ाने में शामिल थे।

---

हरियाणा में **पंचायती चुनाव** की तैयारियां

# चुनाव आयोग ने मतदाता सूची को रिवाइज करने के लिए भेजा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार ने पंचायत चुनाव कराने के लिए राज्य चुनाव आयोग को चिट्ठी सौंप दी है। चुनाव आयोग ने अब चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आयोग ने सभी जिलों के डीसी को पत्र लिखकर मतदाता सूची को रिवीजन करने के आदेश जारी कर दिए हैं। चुनाव आयोग के पत्र अनुसार वार्ड वाइज मतदाता सूची तैयार करने का समय 23 मई से 13 जून तक है। इसके बाद 15 जून 2022 से मतदाता सूची के क्लेम और ऑब्जेक्शन मांगे जाएंगे। डिस्ट्रिक्ट इलेक्ट्राल ऑफिसर के समक्ष 21 जून तक ऑब्जेक्शन और दावे प्रस्तुत किए जा सकते हैं। 28 जून तक




ऑब्जेक्शन और क्लेम डिस्पोज ऑफ किए जाएंगे।

डिस्ट्रिक इलेक्ट्राल ऑफिसर के निर्णय के खिलाफ 1 जुलाई 2022 तक डिप्टी कमिशनर के पास अपील की जा सकती है। 6 जुलाई तक अपीलों की सुनवाई होगी। 22 जुलाई को फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश की जाएगी। ऐसे में पंचायती चुनाव अगस्त के अंतिम सप्ताह में होने के आसार है।

बतां दे, प्रदेश में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने 4 अप्रैल को सरकार को पंचायती चुनाव करवाने की अनुमति दे दी थी। प्रदेश में 6311 पंचायतें हैं, जिनमें अब चुनाव होंगे। इसके अतिरिक्त जिला परिषद व पंचायत समिति के सदस्यों के भी चुनाव होंगे। सरकार दो फेज में चुनाव करवा सकती है, एक बार पंचायतों का और दूसरे फेज में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों का।

प्रदेश में फरवरी 2021 में हरियाणा में पंचायती चुनावों का कार्यकाल खत्म हो गया था। सरकार ने पंचायती चुनावों को लेकर नए नियम लागू किए थे, जिसके तहत महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया था। साथ ही ओबीसी के लिए 8 प्रतिशत सीटें निर्धारित की गई थी।

### सरकार चाहे तो पुराने नियमों पर चुनाव करवा सकती है

गुरुग्राम निवासी प्रवीण चौहान, फिरोजपुर झिरका की बाबा भीम राव अंबेडकर दलित समाज विकास समिति सहित 13 याचिकाएं में पंचायती चुनावों को लेकर चुनौती दी गई। सरकार ने याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सरकार को कहा था कि सरकार चाहे तो पुराने नियमों पर चुनाव करा सकती है। परंतु सरकार ने कोर्ट में अंडरटेकिंग दी कि जब तक याचिकाओं का फैसला नहीं होता, तब तक सरकार निकट भविष्य में चुनाव नहीं करा रही है। इसके बाद सरकार ने दोबारा कोर्ट में अंडरटेकिंग दी कि कोरोना की स्थिति ठीक है, अब सरकार चुनाव कराना चाहती है, अनुमति दें। इसके बाद चार अप्रैल 2022 को हाईकोर्ट ने चुनाव करवाने के लिए सरकार को अनुमति दे दी।

---

**हिंसा और संवेदनहीनता की हद :** एमपी में ड्राइवर को जिंदा जलाया

# बच्ची को कुचलने वाले ड्राइवर को भीड़ ने गाड़ी में आग लगा उसी में फेंका

एजेंसी। आलीराजपुर

**मध्यप्रदेश** में दुर्घटना की एक घटना के बाद भीड़ द्वारा किए गए हिंसक कृत्य और संवेदनहीनता की हदें पार करने वाली खबर सामने आई है। आलीराजपुर में एक पिकअप वेन ने आठ साल की बच्ची को कुचल दिया। हादसे में बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। गुस्साए लोगों ने ड्राइवर की पिटाई करते हुए पिकअप में आग लगा दी, फिर ड्राइवर को भी उसी आग में फेंक दिया। बुरी तरह झुलसे ड्राइवर की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें लोग ड्राइवर से मारपीट करते और वाहन में आग लगाते दिख रहे हैं। ड्राइवर मगन सिंह (37 साल) निवासी जामली जोबट



अपने परिवार में अकेला ही कमाने वाला सदस्य था। उसके परिवार में पत्नी, तीन छोटे बच्चे और बूढ़े माता-पिता हैं।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 7-8 बजे के बीच ग्राम छोटी पोल में एक पिकअप ने बच्ची को रौंद दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने ड्राइवर से मारपीट करते हुए वाहन में आग लगा दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, उसके कार्रवाई की जाएगी।

---

बारातियों के स्वागत में हिरण का मांस परोसना था, जंगल से मिले हिरणों के सिर

## हिरण के शिकारियों को दबोचने गई पुलिस टीम पर फायरिंग, जंगल में हुई मुठभेड़

# बदमाशों ने तीन पुलिसकर्मियों को गोलियों से भूना

- राउंडअप कार्रवाई के दौरान हमलावरों में से दो बदमाश ढेर किए
- बिकरू कांड जैसी वारदात की पुनरावृत्ति सरकार ने किया पुलिस को फ्री हैंड

पायनियर समाचार सेवा। गुना

**गुना** में यूपी के बिकरू कांड जैसी वारदात की पुनरावृत्ति हुई है। इस बार दबंगों ने हिरणों का शिकार करने पर कार्रवाई करने पहुंची गुना पुलिस की टीम पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। फायरिंग में तीन पुलिसकर्मी शहीद हो गए। शनिवार तड़के हुई इस वारदात ने देश भर में फिर सनसनी फैला दी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद मध्यप्रदेश सरकार ने पुलिस को फ्री हैंड किया। बाद में जब पुलिसकर्मियों ने हमलावर बदमाशों की तलाश में छापामारी की तो मुठभेड़ के दौरान तीन पुलिसकर्मियों की हत्या में शामिल एक बदमाश को पहले ढेर किया, जिसका नाम नौशाद बताया जा रहा है। इसके कुछ घंटे बाद दूसरे हमलावर बदमाश शहजाद को भी पहाड़ी क्षेत्र में एनकाउंटर में ढेर कर दिया गया। इस हमले में शामिल अन्य हमलावर बदमाशों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। इस वारदात के बाद प्रशासन ने सख्त एक्शन लेते हुए हमलावर आरोपियों के मकान जमींदोज किए हैं।

इससे पहले इस मुठभेड़ में नया खुलासा हुआ है। शिकारियों ने बारातियों के स्वागत के लिए काले हिरण और मोर का शिकार किया था। दरअसल, पुलिस फायरिंग में मारे गए नौशाद की भतीजी का शनिवार को निकाह था, जिसमें मेहमानों को हिरण और मोर का मीट परोसा जाना था। उसी के लिए शिकारियों ने काले हिरणों का शिकार किया था। रात में इन्हें लाते समय उनकी पुलिस से मुठभेड़ हो गई, जिसमें नौशाद नाम का आरोपी मारा गया। वहीं, तीन पुलिसकर्मी भी शहीद हो गए।


घटना शनिवार तड़के 3 से 4 बजे के बीच की बताई जा रही है। पुलिस की जवाबी फायरिंग में शिकारी नौशाद मेवाती मारा गया। शहीद एसआई राजकुमार जाटव ने शहादत से पहले हाथ में गोली लगने के बाद भी कई राउंड फायर किए थे। पुलिस ने इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं बताई है, लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस ने करीब 13 लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं, जंगल में बड़ी मुठभेड़ की खबर आ रही है।

घटना को लेकर मुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय बैठक बुलाई है। घटनास्थल पर देरी से पहुंचने पर ग्वालियर के आईजी अनिल शर्मा को हटा दिया गया है। मध्यप्रदेश सरकार ने तीनों पुलिसकर्मियों के परिवार को एक-एक करोड़ का मुआवजा देने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अपराधियों की पहचान हो गई है। पुलिस फोर्स को भेजा गया है। जवाबी एक्शन के लिए पुलिस को फ्री हैंड दिया गया है। इसके बाद दोपहर में प्रशासन ने आरोपियों के घर को बुलडोजर से ढहा दिया। एसपी राजीव कुमार मिश्रा का कहना है कि सगा बरखेड़ा की तरफ से बदमाशों के जाने की सूचना मिली थी। इनकी घेराबंदी के लिए 3-4 पुलिस टीम लगाई गई थीं। शहरोक के जंगल में 4-5 बाइक से बदमाश जाते हुए दिखे। पुलिस ने घेराबंदी की तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। हमले में सब इंस्पेक्टर राजकुमार जाटव, आरक्षक नीरज भार्गव और आरक्षक संतराम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। शिकारियों के पास से पांच हिरण और एक मोर के अवशेष जब्त किए हैं।



### 10 थानों की पुलिस और 100 के लगभग पुलिसकर्मी धरपकड़ में लगे

पुलिस ने धरपकड़ में 10 से ज्यादा संदिग्धों को उठाया है। बजरंगगढ़ थाने से पूरी कार्रवाई की मॉनिटरिंग हो रही है। एसपी खुद बजरंगगढ़ थाने में मौजूद हैं और टीम को लीड कर रहे हैं। लगभग 10 थानों की पुलिस और 100 के लगभग पुलिसकर्मी धरपकड़ में लगे हैं। पंचायत मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया, कलेक्टर फ्रैंक नोबल ने अस्पताल पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर पार्थिव शरीर रवाना कराए। अंतिम संस्कार के लिए शहीद एसआई राजकुमार जाटव का शव अशोकनगर भेजा गया। आरक्षक संतराम मीना का शव श्योपुर भेज गया। राजकीय सम्मान के साथ शहीद नीरज भार्गव का गुना में अंतिम संस्कार हुआ। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उनके 12 साल के बेटे वंशी ने उन्हें मुखाग्नि दी।





राजकुमार जाटव, SI | नीरज भार्गव, आरक्षक | संतराम, आरक्षक

### हमारे परिवार के तीन जांबाज सदस्यों की मौत हो गई

**गृहमंत्री** नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि हमारे परिवार के तीन जांबाज सदस्यों की मौत हो गई। अपराधी कोई भी हो, पुलिस से बचकर जा नहीं सकते। कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सख्त से सख्त कार्रवाई हमलावरों पर की जाएगी। ऐसी कार्रवाई करेंगे, जो नजीर बनेगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान खुद घटना की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह बोले- गुना की घटना दुखद है। इससे स्पष्ट है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब वह पुलिस को ही नहीं छोड़ रहे। गुना की घटना के बाद तो गृह मंत्री को अपने पद से इस्तीफा



दे देना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा- आखिर शिवराज सरकार में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं? प्रदेश की कानून व्यवस्था की स्थिति इतनी लचर क्यों है? हर घटना के बाद जागना सरकार की आदत बन चुका है। घटना के दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो और भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिये सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं।

---

### हरियाणा में टीजीटी से पीजीटी बने अध्यापकों को अलॉट हुए स्टेशन

**चंडीगढ़।** हरियाणा शिक्षा विभाग में टीजीटी से पीजीटी प्रमोट हुए 1215 अंग्रेजी और एसएस मास्टरों को स्टेशन अलॉट कर दिए हैं। विभाग द्वारा इन्हें करीब एक माह पहले पदोन्नति प्रदान कर दी गई थी। अब इनकी स्टेशन अलॉटमेंट को लेकर सूची जारी कर दी गई है। इनकी पदोन्नति के साथ ही प्रदेश में (इतिहास, भूगोल, समाज शास्त्र, राजनीतिक विज्ञान, अर्थशास्त्र और अंग्रेजी) विषयों को लेकर चल रही अध्यापकों की कमी भी काफी हद तक पूरी हो जाएगी। प्रदेश के विभिन्न स्कूलों में कार्यरत विभिन्न विषयों के करीब 1215 टीजीटी की अंग्रेजी और एसएस मास्टर से पीजीटी पद पद पर पदोन्नति होनी थी। इसके लिए टीजीटी इंतजार कर रहे थे। अब सरकार ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं और ऑफलाइन कक्षाओं को देखते हुए सभी पदोन्नत पीजीटी को स्टेशन अलॉट कर दिए हैं। हरियाणा स्कूल लेल्चरर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष सतपाल सिंधू ने कहा कि काफी समय के बाद टीजीटी की पीजीटी पद पर पदोन्नति हुई है। लगभग एक माह से पदोन्नत प्राध्यापक नए स्कूलों में कार्यग्रहण का इंतजार कर रहे थे। अब इन्हें स्कूल आवंटित कर दिए गए हैं। इन्हें आगामी 7 दिनों में अपने-अपने स्कूलों में कार्यग्रहण करना होगा। इसके लिए हसला सरकार का आभार व्यक्त करती है।

### उज्जैन : बच्चों को चलती ट्रेन से फेंका, खुद भी कूदी

**उज्जैन।** उज्जैन में रेलवे स्टेशन पर शनिवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यहां एक महिला ने अपने दो मासूम बच्चों को चलती ट्रेन से फेंक दिया, इसके बाद खुद भी कूद गई। महिला को वहां तैनात कॉन्स्टेबल ने ट्रेन की चपेट में आने से बचा लिया। तीनों सुरक्षित हैं। दरअसल, महिला जल्दबाजी में गलत ट्रेन में चढ़ गई थी। जैसे ही उसे इस बात का अहसास हुआ, तो उसने बच्चों समेत खुद की जान भी दांव पर लगा दी। पूरी घटना स्टेशन पर लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई। जीआरपी ने उस कॉन्स्टेबल महेश कुशवाह को इनाम देने की घोषणा की है, जिसने फुर्ती के साथ तीनों की जान बचाने में मुस्तैदी दिखाई।

---

# त्रिपुरा में नेतृत्व परिवर्तन माणिक साहा होंगे नए सीएम

एजेंसी। नई दिल्ली

**माणिक** साहा त्रिपुरा के मुख्यमंत्री अगले मुख्यमंत्री होंगे। विधायक दल की बैठक में सीएम पद के लिए माणिक का नाम तय किया गया है। लेकिन कुछ विधायक माणिक के सीएम बनने से नाराज दिखे। उन्होंने बैठक के बाद जमकर हंगामा किया। वहीं बिप्लब देब ने अगले सीएम माणिक साहा को बधाई दी।

बिप्लब देब ने शनिवार शाम 4.30 बजे इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफे के बाद बिप्लब ने कहा, 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी करनी है। यह भी बोले कि इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत भी हो चुकी है। सूत्रों का कहना है कि बिप्लब त्रिपुरा भाजपा



**फैसले से नाराज विधायकों का बैठक के बाद हंगामा**

अध्यक्ष बन सकते हैं। बिप्लब देब ने एक दिन पहले ही गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। इस दौरान अमित शाह ने यह साफ कर दिया था कि वे चुनाव में नए चेहरे के साथ उतरना चाहते हैं। माणिक साहा त्रिपुरा भाजपा अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद हैं।

---

2024 के लिए कांग्रेस का ब्लूप्रिंट तैयार

# राहुल गांधी की लीडरशिप और 50 फीसद अहम पोस्ट पर युवा नेता

एजेंसी। उदयपुर

**उदयपुर** में जारी चिंतन शिविर के दूसरे दिन कांग्रेस खेमे से बड़ी खबर सामने आई है। राहुल गांधी के नेतृत्व में यूथ ब्रिगेड 2024 के आम चुनावों में उतर सकती है। संगठन से लेकर सत्ता में कांग्रेस 50 साल से कम उम्र के नेताओं को 50 फीसद हिस्सेदारी देगी। इसका ब्लूप्रिंट तैयार किया जा रहा है। वहीं, इस बार पार्टी कई मुद्दों को नए सिरे से जनता के पास ले जाएगी। इनमें जातीय जनगणना, एमएसपी की लीगल गारंटी प्रमुख है।

सूत्रों के मुताबिक- अगस्त में होने वाले कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में राहुल गांधी को फिर से कमान मिल सकती है। इसका रोड मैप चिंतन शिविर में तैयार किया जा रहा है।

**एमएसपी, जातीय जनगणना पर एग्रेसिव मोड**



शनिवार को सोनिया गांधी सभी महासचिव, प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष और सीएलपी लीडर की बैठक बुलाई थी। इस बैठक में आगामी रणनीति पर चर्चा की गई है। इधर, सचिन पायलट ने अपने एक बयान में कहा कि कांग्रेस में अब युवाओं को हिस्सेदारी मिलेगी। पार्टी इस पर भी काम कर रही है।

कांग्रेस किसानों के मुद्दे को समाधान करने के लिए एक आयोग बनाएगी। साथ ही किसानों के एमएसपी कानून बनाने और उसके लीगल गारंटी दिलाने की घोषणा करेगी। खेती किसानी समिति के प्रमुख भूपिंदर सिंह हुड्डा ने पिछले दिनों इसको लेकर किसान नेता राकेश टिकैत से मुलाकात की थी। कांग्रेस के युवा मामलों पर बनाई गई कमेटी में राहुल गांधी शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक युवा नेताओं ने राहुल से कमान संभालने और पार्टी के भीतर हिस्सेदारी देने की बात कही। इधर, सामाजिक समिति ने जातीय जनगणना के मुद्दों पर देशभर में लड़ाई छेड़ने का सुझाव दिया है। रविवार को सीडब्ल्यूसी में इसका प्रस्ताव पेश किया जाएगा। जातीय जनगणना की मांग वर्षों से चल रही है, लेकिन सरकार ने पिछले साल इसे खारिज कर दिया था।

दरअसल, 2019 में हार के बाद सीडब्ल्यूसी की मीटिंग में राहुल ने अशोक गहलोत और कमलनाथ के बेटे को टिकट दिलवाने का जिक्र किया। राहुल दोनों नेताओं से नाराज थे। कांग्रेस ने चिंतन शिविर में वन फैमिली-वन टिकट का फॉर्मूला लागू कर दिया है। कांग्रेस में जी-23 समेत कई नेता लगातार पार्टी फोरम से बाहर जाकर बात रखते हैं। राहुल ने एक रैली में नाराजगी भी जताई थी। अब चिंतन शिविर में कांग्रेस अनुशासन पर सख्त नियम लागू करने जा रही है।

### कांग्रेस के भीतर पेंशनभोगी नेताओं को लेकर राहुल ने नाराजगी जताई

**आनंद** शर्मा समेत कई नेता वर्षों से राज्यसभा के भरोसे सियासी मैदान में है। कांग्रेस के भीतर पेंशनभोगी नेताओं को लेकर राहुल ने नाराजगी जताई थी। अब चिंतन शिविर में कांग्रेस राज्यसभा में 2 टर्म से अधिक नहीं रह सकते का फॉर्मूला लाने जा रही है। सोनिया गांधी ने शुरुआती संबोधन में कहा कि निजी इच्छाओं का त्याग कर सभी लोग पार्टी के लिए काम करें। ये कर्ज चुकाने का वक्त है। जमीन पर काम करने वालों को तरजीह, पैराशूट नेताओं को टिकट नहीं, कांग्रेस 2024 से पहले संगठन में बड़े स्तर पर फेरबदल करने की तैयारी कर रही है। चिंतन शिविर में जिला से लेकर राज्य स्तर पर नेताओं का कार्यकाल फिक्स्ड होगा। साथ ही पैराशूट नेताओं को चुनाव में टिकट नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा, संगठन में काम करने वाले नेताओं को सरकार बनने पर तरजीह दी जाएगी।

Good Morning!
# फरीदाबाद पायनियर
हरियाणा, रविवार, 15 मई, 2022 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 45.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 32.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- सेक्टर-86 स्थित शिरणी साई बाबा सोसायटी में रक्तदान शिविर: सुबह 10 बजे
- सेक्टर-सात ए में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन : शाम 6 बजे
- शहर में विभिन्न स्थानों पर वैक्सीनेशन: सुबह 10 बजे
- जेसी बोस यूनिवर्सिटी में मनाई जाएगी नारंद जयंति: सुबह 10.30 बजे

## निवेश गुरु

**हर** व्यक्ति अमीर बनना चाहता है। भविष्य की जरूरतों के लिए लोग छोटी-मोटी बचत तो कर लेते हैं, लेकिन बचत और निवेश का सही तरीका पता नहीं होने की वजह से वे अमीर नहीं बन पाते। अगर आप निवेश में अनुशासन बनाये रखें तो आप भी करोड़पति बन सकते हैं। इक्विटी म्युचुअल फंड में नियमित निवेश कर लंबी अवधि में अपने वित्तीय लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। म्युचुअल फंड से मिलने वाला रिटर्न हालांकि शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव पर निर्भर करता है, लेकिन लंबी अवधि में एसआईपी के जरिए किया गया निवेश अच्छा रिटर्न देने में कामयाब रहा है।

## यूटीलिटी न्यूज

### सूरदास पार्क में चलाया सफाई अभियान

**फरीदाबाद।** नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा सेक्टर-8 में स्थित सूरदास पार्क और उसके आसपास के क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया। अभियान का शुभारंभ शनिवार को विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने किया। विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने पार्क में झाड़ू लगाकर गंदगी को इकट्ठा किया और फिर उसको रिक्षा में डालकर डंपिंग ग्राउंड के लिए भेजा। विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता मनुष्य के जीवन का पहला अहम हिस्सा है। स्वच्छता से ही मनुष्य स्वस्थ रहता है। इसलिए स्वच्छता के प्रति संपूर्ण भावना से मनुष्य को काम करना चाहिए। मनुष्य को अपने शरीर की साफ सफाई के साथ घर, कार्यालय और गली की भी स्वच्छता में विशेष योगदान देना चाहिए। विधायक गुप्ता ने सफाई अभियान और गार्बेज को उठाने वाले सभी मशीनरी का काफी बारीकी से निरीक्षण किया। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि निगमायुक्त के निर्देशनुसार मुहिम के अंतर्गत सेक्टर-8 स्थित सूरदास पार्क सफाई अभियान चलाया है।

## क्विक न्यूज

### स्कूली बच्चों ने रंगोली सजाई

**फरीदाबाद।** रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड जिला फरीदाबाद के आग्रह पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनएच तीन फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड सदस्यों ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा के निर्देशानुसार किसान भवन सेक्टर 16 फरीदाबाद में सांसद खेल महोत्सव मैराथन के आयोजन पर रंगोली सजाई। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि विद्यालय की अध्यापिका ममता और जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड सदस्य छात्रा ताबिंदा के समूह द्वारा आकर्षक रंगोली सजाई गई। स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा में 20 से 22 मई तक होने वाले सांसद खेल महोत्सव से सामान्य जनों को जोड़ने के लिए 14 मई शनिवार को सुबह छह बजे सेक्टर-12 खेल परिसर से एक विशाल मैराथन का आयोजन किया गया।

# बेखबर की खबर : तो सोच समझकर ....काबू हुआ है धनवान निगम का मलाईखोर



**वरिष्ठ संवाददाता**
**राजेश दास**

**यूं तो** धनवान निगम और घोटालों का पूराना साथ है। लेकिन इन दिनों बड़े घोटाले में दो बड़े सिपाही और अन्य लोगों पर शिकंजा कसने से धनवान निगम काफी चर्चा में है। शिकंजा कसते ही दोनों बड़े सिपाहियों ने चौकसी विभाग से बचने के लिए काफी पैतरेबाजी की।

लेकिन दोनों को कहीं से कोई राहत नहीं मिली। यहां जमानत याचिका रद्द होने पर एक बड़े सिपाही ने तो हाईकोर्ट में याचिका लगा दी। लेकिन दूसरे ने वहां जाना मुनासिब नहीं समझा और भागता ही रहा। लेकिन उस समय बड़ी हैरानी हुई, जब पता लगा कि चौकसी विभाग ने शहर के ही एक होटल से इस बड़े सिपाही को काबू कर लिया। जो मलाईखोर इतने लंबे समय से फरार चल रहा था, वह इतनी आसानी से वो भी शहर में ही काबू कर लिया गया।

सम्भव है, तीन दिन की सरकारी छुट्टी और अन्य किसी जुगाड़बाजी का फायदा उठाने के लिए कहीं वह खुद ही तो काबू हुआ हो? बहरहाल जो भी हो काबू तो हुआ। कालू चौकसी विभाग के सामने कई मलाइखोरों के नामों का खुलासा पहले ही कर गया था। अब काबू में आया यह बड़ा सिपाही भी जल्दी ही घोटाले में शामिल कई बड़े मलाईखोरों का खुलासा कर सकता है।

### शहर में आया रामराज

**चीफ** कॉप्स साहब के शहर में आते ही लोगों को भरोसा हो गया था कि अब यहां काफी सुधार होगा। क्योंकि उनकी ईमानदारी और अच्छे स्वभाव के चर्चे पहले ही पूरे सूबे में चलते रहते थे। सम्भव है कि सूबे के मुखिया ने यही सोच कर उन्हें यहां भेजा है। चीफ साहब कानून व्यवस्था में सुधार लगाने का प्रयास भी लगातार कर रहे हैं। लेकिन बिगड़ैल व्यवस्था में सुधार लाने में समय तो लगता ही है। कुछ समय पहले तक तो लोग लूटपाट के डर से रात तो क्या दिन में मोटी रकम यहां से वहां ले जाने में डरते थे। लेकिन अब लगता है, रामराज आ गया। क्योंकि अब रात को भी लोग भारी भरकम रकम ले चलने से नहीं डर रहे हैं। हाल ही रक्षक विभाग ने एक संदिग्ध व्यक्ति को मोटी रकम बोरे में रखकर ले जाते हुए पकड़ा है। व्यक्ति पैदल भारी भरकम रकम को लेकर चले जा रहा था। रक्षकों ने उस व्यक्ति को संबंधित विभाग के हवाले कर दिया। पता लगाया जा रहा है कि रकम मेहनत की है या मलाई की।




### महा विभाग को मिला सहारा

**सूबे** के मुखिया शहर को सुंदर नगरी बनाने के हर सम्भव प्रयास कर रहे हैं। जिसके तहत उन्होंने कई विभागों का भी गठन किया। पहले सुंदर विभाग और बाद में महा विभाग का गठन किया गया। लेकिन महा विभाग के गठन का फायदा नहीं हो रहा था। क्योंकि विभाग के मुखिया के पास दो महा विभागों की जिम्मेदारी थी। मुखिया छह दिन दूसरे शहर में और एक दिन यहां आते थे। ऐसे में यहां का काम काज कैसे देखते होंगे, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। जिसे ध्यान में रखते हुए मुखिया जी ने एक बड़े साहब को महा विभाग की जिम्मेदारी दी है। यह बड़े साहब आते ही एक्शन मोड में दिखाई दिये। इन्होंने आते ही अधिकारियों की मिटिंग लेकर शहर का दौरा भी किया। लगता है कि अब महा विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार आएगा।

# विकास या विनाश : चढ़ा दी हजारों पेड़ों की बलि, अब पारा 45 के पार

### प्रशासन की लापरवाही के कारण बिगड़ चुका है शहर का पर्यावरण

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**शहर** में शनिवार को पारा 45 डिग्री के पार पहुंच गया। इस झुलसा देने वाली गर्मी में लोगों को राहत देने के लिए अब पेड़ भी कम होते जा रहे हैं। एक तरफ सरकार लाखों पेड़ लगाने का दावा कर रही है। वहीं दूसरी तरफ पेड़ लगाना तो दूर कहीं विकास के नाम तो कहीं शहर को स्मार्ट बनाने के नाम पर लगातार पेड़ों की बलि चढ़ाई जा रही है। पिछले दिनों शहर में स्मार्ट रोड बनाने के नाम पर सैंकड़ों पेड़ों की बलि चढ़ा दी गई थी। साथ हरी भरी ग्रीनबेल्ट को मलवा डालकर उजाड़ दिया गया था। हाल ही में मुम्बई बड़ौदरा एक्सप्रेस वे के निर्माण के दौरान अवैध निर्माण को बचाने के लिए इस हाइवे की एनलाइनमेंट तक बदल दी गई। अवैध निर्माणों को तोड़ने की वजाए ग्रीनबेल्ट पर लगे हजारों पेड़ों को काटना ज्यादा मुनासिब समझा गया। वहीं प्रशासन की लापरवाही के कारण लोग भी लगातार पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ कर रहे हैं। बिल्डिंग बायलॉज का उल्लघंन कर लोग तीन तीन गेट लगाकर ग्रीनबेल्टों पर रैम्प का निर्माण कर रहे हैं। अरावली के साथ लगातार हो रही छेड़छाड़ के कारण पहले ही पर्यावरण को काफी नुकसान हो चुका है। शेष कसर विकास के नाम विनाश कर पूरी की जा रही है। आने वाले समय में शहर रहने लायक नहीं रहेगा।


सेक्टर 24 में पाइप लाइन डालने के नाम पर उजड़ी ग्रीनबेल्ट।


सारन प्याली रोड पर ग्रीनबेल्ट पर लगा कूड़े का ढेर।

### अरावली को कर रहे बर्बाद

**सरकार** और प्रशासन की तरफ से पर्यावरण को बचाने के नाम पर सिर्फ दिखावा ही किया जा रहा है। अरावली पर्वत को दिल्ली एनसीआर का फेफड़ा माना जाता है। लेकिन अरावली की तरफ ध्यान देना तो दूर बल्कि इसका जमकर चीरहरण किया जा रहा है। अरावली पर जगह जगह धड़ल्ले के साथ अवैध रूप से फार्म हाउस, वैंक्वेट हॉल, व्यवसायिक संस्थानों और अन्य कई तरह का निर्माण हो रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद अरावली पर गुरूग्राम और फरीदाबाद जिले में करीब एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर अवैध खनन किया जा रहा है। पिछले दिनों अरावली का भ्रमण करने गए पर्यावरण प्रेमियों ने इसका खुलासा किया था। गत वर्ष 15 अप्रैल को गुरूग्राम के पर्यावरण प्रेमियों ने इस संदर्भ विभिन्न संबंधित विभागों के पत्र लिख कर कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद पर्यावरण प्रेमियों ने कार्रवाई के लिए एक के बाद एक तीन रिमाइंडर भी भेजे थे। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि यदि इसी तरह अरावली को बर्बाद किया जाता रहा तो एनसीआर रहने लायक नहीं रह जाएगा।

### विकास के नाम पर काटे पेड़

**सड़कों** के निर्माण और अन्य विकास कार्यो के रास्तों में आने वाले पेड़ों को अन्य स्थानों शिफ्ट करने के खोखले दावें लंबे समय से किए जाते रहे हैं। निगम आयुक्त मौहम्मद शाइन के कार्यकाल में भी सड़कों के रास्तों में आने वाले पेड़ों को शिफ्ट करने की योजना बनाई गई थी। लेकिन उनके तबादले के बाद इस योजना को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। स्मार्ट सिटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सेक्टर 21ए व 21डी की डिवाइडिंग रोड और बड़खल मोड़ से सेक्टर 28 व सेक्टर 19 की डिवाइडिंग रोड को स्मार्ट रोड बनाने का काम काफी समय पहले शुरू कर दिया गया था। सड़क के निर्माण का ठेका करोड़ों रुपये में दिया गया था। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने सड़क निर्माण के रास्ते में आने वाले पेड़ों को अन्य स्थानों पर शिफ्ट करने का दावा किया था। लेकिन काम शुरू होते ही दोनों सड़कों पर रास्ते में आने वाले हरे भरे पेड़ों को ठेकेदार ने बिना किसी अनुमति के काट दिया था। सबकुछ खत्म हो जाने के बाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड पेड़ों को शिफ्ट करने का ठेका दे रही थी।


45 डिग्री में गर्मी से बचाव करते लोग।

### अवैध निर्माणा के कारण कटे पेड़

**निर्माणों** को हटाने के दौरान होने वाले विरोध और राजनीति संरक्षण की वजह से आखिरकार उन्हें न हटाने का फैसला लिया गया था। इस संदर्भ में सरकार अथवा एचएसवीपी की तरफ से कोई अधिकारिक घोषणा तो नहीं की गई थी। सूत्र बताते हुए है कि बाधा न हटने से निर्माण कार्य में लगातार देरी हो रही थी। जिसके कारण मुम्बई एक्सप्रेस वे निर्माण के लिए दूसरी एनलाइनमेंट पर काम करते हुए ग्रीनबेल्ट को उजाड़ दिया गया हैं। सैंकड़ों हरे भरे पेड़ों को काटने के बाद इन दिनों जमीन को समतल कर एक्सप्रैस वे का निर्माण हो रहा है। यदि विकास के नाम पर ऐसे ही पर्यावरण से खिलवाड़ होता रहा तो पेड़ खत्म हो जाएंगे। जबकि ग्रीनबेल्ट की जगह वास्तव में आसपास के सेक्टर के निवासियों की है। लेकिन सेक्टर वासियों की रजामंदी लेने का प्रयास किसी ने भी नहीं किया। 143 अतिक्रमणों को अभयदान देने के लिए सेक्टर वासियों की ग्रीनबेल्ट को उजाड़ दिया गया है। जबकि कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा द्वारा मामला विधानसभा में उठाए जाने के बाद ग्रीनबेल्ट को नहीं उजाड़ने के दावें किए गए थे।

### पर्यावरण संरक्षण का दिखावा



**सामाजिक** कार्यकर्ता विष्णु गोयल का कहना है कि विकास के नाम पर शहर का लगातार विनाश किया जा रहा है। कहीं पर्यावरण से खिलवाड़ हो रहा है तो कहीं पैसों की बर्बाद हो रही है। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत सरकारी धन का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है। पेड़ काटने के बाद स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने उन्हें शिफ्ट करने की योजना बनाई थी। सरंक्षण की जगह पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के काम किए जा रहे हैं।

# मानव अधिकार आयोग ने किया वृद्धाश्रम का दौरा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** मानव अधिकार आयोग के सदस्य दीप भाटिया ने शनिवार को एनआईटी एनएच-2 में स्थित वृद्धाश्रम का दौरा किया। उनके साथ ज्वाइंट कमिश्नर अनिल यादव, बड़खल की तहसीलदार नेहा, आयोग के स्पेशल सचिव ईश कुमार, सोशल वेलफेयर डिपार्टमेंट के अधिकारी एवं वृद्ध आश्रम के संचालक आश्रम में मौजूद रहे।

इस दौरान दीप भाटिया ने बुजुर्गों से बातचीत की और उनकी भोजन व्यवस्था आदि के बारे में पूछा। वृद्ध आश्रम के संचालकों से भी जानकारी प्राप्त की गई। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस वृद्धाश्रम को कोई आर्थिक सहायता सरकार द्वारा नहीं दी जा रही क्योंकि संचालकों ने इसका निवेदन कार्यालय को नहीं किया है। दीप भाटिया ने इस बारे में संचालकों से अनुरोध किया है कि वे सरकार की स्कीम के तहत मिलने वाली सहायता के लिए अप्लाई करें यदि फिर भी कोई दिक्कत आती है तो आयोग से संपर्क करें। वहां मौजूद संयुक्त आयुक्त अनिल यादव तथा तहसीलदार नेहा ने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर वे वृद्धाश्रम को आवश्यक सरकारी मदद प्रदान कराने के लिए पूर्ण प्रयास करेंगे यदि वह आवेदन करते हैं तो, उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को उनके सभी अधिकार दिलाए जाएंगे तथा उनके आवश्यक सरकारी दस्तावेज कमियों को दूर करके जल्द से जल्द बनवाने के प्रयास किए जाएंगे। आवश्यकता पड़ने पर बुजुर्ग लोगों को कानूनी सहायता भी प्रदान की जाएगी तथा सरकार द्वारा दी जा रही पेंशन स्कीम तथा अन्य स्कीमों का लाभ भी दिलाया जाएगा उनके आधार कार्ड वह वोट बनवाने के लिए विशेष अभियान चलाएंगे।

दीप भाटिया ने बताया कि हरियाणा मानव अधिकार आयोग प्रदेश में सभी जिले बच्चों के लिए बने स्पेशल होम तथा एनजीओ से संचालित सरकारी सहायता प्राप्त संस्थाओं का दौरा कर उनकी जरूरतों के बारे में जानकारी ले रहे हैं। जल्द ही सारा ब्योरा प्राप्त होने के बाद सरकार के बड़े स्तर इस विषय पर अड़चनों को दूर करने के लिए बातचीत की जाएगी।


मानव अधिकार आयोग के सदस्य दीप भाटिया आश्रम का दौरा करते हुए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में सहमति से निपटाए केस

### 13 जजों की बेंच न्यायिक परिसर में बनाई गई थी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला** विधिक सेवा विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुणाल गर्ग ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए 13 जजों की बेंच न्यायिक परिसर में बनाई गई है। जहां लोगों की आपसी सहमति से केसो का निपटारा किया गया है।

उन्होंने बताया कि आजादी अमृत महोत्सव की श्रृंखला में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को प्रात:10 बजे स्थानीय न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण व आपसी सुलह समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण किया गया है। इनमें ट्रिब्यूनल राजेश कुमार की अदालत में मोटर दुर्घटना के केसों, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज की अदालत में भी मोटर दुर्घटना के केसों, अतिरिक्त प्रधान जज संजय कुमार शर्मा की अदालत में फैमिली कोर्ट के केसों, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. आशु संजीव की अदालत में लेबर के केसों का निपटान आपसी सहमति से करवाया गया है। एडी सीजीएम हरीश गोयल की अदालत में एमसीएफ, सिविल और क्रिमिनल केस, जुडिशल मजिस्ट्रेट संजय तुरकिया, जुडिशल मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह, जुडिशल मजिस्ट्रेट कुमारी रूपम, जुडिशल मजिस्ट्रेट तरुण चौधरी, जुडिशल मजिस्ट्रेट अमित नेन, जुडिशल मजिस्ट्रेट कुमारी चावी गोयल की अदालत में ट्रैफिक चालान के केसों का निपटान आपसी समझौते से किया गया है। इसी प्रकार जुटी जुडिशल मजिस्ट्रेट विशेष गर्ग की अदालत में एनआईएक्ट के केसों और पीएम जेजेबी महेंद्र सिंह की अदालत में सभी केसों का निपटारा लोगों की आपसी सहमति से किया गया है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव कुनाल गर्ग ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाईएस राठौड़ की अध्यक्षता में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना मुआवजा, चेक बाऊस, दीवानी मामले, बिजली के मामले व अन्य मामलो का मौके पर ही निपटारा किया गया। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से विचाराधीन विवादों का निपटारा जल्द कराया जा सकता है। लोक अदालत के माध्यम से सुलझाए गए मामलों में आगे कोई अपील दायर नहीं की जा सकती। राष्ट्रीय लोक अदालत में केसों का निपटान आपसी सहमति से करवाया जाता है। जिससे समय व धन की बचत होती है।


सीजेएम कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव कुणाल गर्ग की उपस्थिति में चलती अदालत।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**वतन का भाग्य भाषाओं के मिलने से सँवरता है**
**मगर कुछ हैं जिन्हें हिंदी का यूँ आदर अखरता है**
**वज़ारत आप पर तालीम की होगी मगर सुन लो**
**किसी भाषा का यूँ अपमान इक जाहिल ही करता है**

# राज्यपाल ने किया आंखों के अस्पताल का उद्घाटन

### महामहिम राज्यपाल हरियाणा बंडारू दत्तात्रेय ने 11 लाख रुपये की धनराशि देने की घोषणा भी की

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**आजादी** के अमृत महोत्सव के तत्वाधान में राष्ट्रीय नेत्रहीन संगठन हरियाणा राज्य शाखा फरीदाबाद के तत्वाधान में केवल प्रेम आंखों के अस्पताल का उद्घाटन समारोह में राज्यपाल हरियाणा बंडारू दत्तात्रेय में बतौर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि विधायक सीमा त्रिखा रहीं।

डॉ. ऋषभ राज पटवा ट्रस्टी केवल प्रेम फाउंडेशन जोधपुर की विशेष उपस्थिति रही। महामहिम राज्यपाल ने दृष्टिबाधित छात्राओं को दी जाने वाली खाना बनाने, रसोई का रखरखाव करने सहित अन्य गतिविधियों का भी निरीक्षण भी किया। महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि नेत्र बाधित बच्चों को शिक्षा, प्रशिक्षण, स्वरोजगार, पुन स्थापना, खेलकूद क्रिकेट, आदि में पारंगत किया जा रहा है। उन्होंने अपने वक्तव्य से संस्था के कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे ऐसे आंखों के अस्पताल का उद्घाटन करने का अवसर मिला जहां से आम जनता का करीब-करीब नि:शुल्क इलाज किया जाना है। उन्होंने संस्था के अध्यक्ष अजीत सिंह पटवा व उनकी टीम को इस तरह के उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की और अपने स्वैच्छिक कोष से रुपये 11 लाख के अनुदान की घोषणा भी की।

आपको बता दें राष्ट्रीय नेत्रहीन संगठन फरीदाबाद में पिछले 43 वर्षो से दृष्टिबाधित लोगों की सेवा कर रहा है। शिक्षा, प्रशिक्षण, रोजगार उपलब्ध, सेवा रोजगार के साधन, शादी ब्याह, खेलकूद पुन स्थापना आदि की सेवाएं दे रहा है। अब अंध निवारणता एवं नेत्र ज्योति सुरक्षा परियोजना का कार्य अब उसने अपने हाथ में लिया है। परिसर में केवल प्रेम आंखों का अस्पताल खोला गया है। जहां मोतियाबिंद ऑपरेशन करना, ओपीडी मात्र रुपये 10 में की जाएगी, स्कूल में पढ़ रहे छात्रों के नेत्र जांच करना, जो किसी कारण से नेत्रहीन हो गए उनकी विजन सुधार पर अनुसंधान करना शामिल है। इसके अलावा अपेक्षित सहयोग एक मोतियाबिंद ऑपरेशन 3000 रुपये की धनराशि का लाभ लेना। जिस पर सालाना खर्च 600000 रुपये की धनराशि का आएगा और ऑपरेशन के बाद दवाइयों के लिए मात्र 2000 रुपये प्रति मरीज देना जिस पर सालाना खर्च 400000 रुपये की धनराशि का किया जाएगा।


कार्यक्रम में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय केएल मेहता शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष आनंद मेहता को सम्मानित करते हुए।

# बाबा सूरदास क्रिकेट एकेडमी ने जीती ट्रॉफी

**फरीदाबाद।** 13 मई को वान्या क्रिकेट अकैडमी पाली ग्राउंड पर हुए अंडर 13 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में बाबा सूरदास क्रिकेट एकेडमी ने एमएम दिल्ली की टीम को तीन विकेट से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। टूर्नामेंट में 12 टीमों ने भाग लिया थ।

एमएम दिल्ली एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 141 रन बनाए। गुरतेज सिंह ने 75 रन की पारी खेली वहीं बाबा सूरदास क्रिकेट एकेडमी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए कबीर आनंद मंगला ने जो कि विद्या सागर इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-2 के छात्र है ने पांच ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट हासिल किए और अनुज भारद्वाज ने सात ओवर में 15 रन देकर दो विकेट हासिल किए लक्ष्य का पीछा करते उतरी बाबा सूरदास क्रिकेट एकेडमी की टीम ने 36.3 ओवर में टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला जीत ट्रॉफी अपने नाम की टीम के कबीर आनंद मंगला में 41 रन की जुझारू पारी खेली कबीर को उसके ऑलराउंड खेल की बदौलत मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई। इस पूरे टूर्नामेंट में कबीर आनन्द मंगला ने छह मैचों में 10 विकेट लिए वह 234 रन बनाए इसके लिए उसे मैन ऑफ द टूर्नामेंट की ट्राफी भी दी गई वहीं गुरतेज सिंह को पूरे टूर्नामेंट में अच्छी बल्लेबाजी के लिए बेस्ट बैट्समैन की ट्राफी दी गई।


गुरतेज सिंह टूर्नामेंट के बेस्ट बैट्समैन की ट्रॉफी पाते हुए।

# ब्लैकआउट : बीके में मैनटिनेंस के कारण एक घंटे रहा अंधेरा

**कविता । फरीदाबाद**

## डिलीवरी के लिए आई महिलाओं को लौटना पड़ा वापस

## हालांकि बिजली कट की सूचना अस्पताल प्रबंधन ने पहले ही दे दी थी, लेकिन गर्मी अधिक होने के कारण परेशान रहे मरीज

**बीके** सिविल अस्पताल में पैनल और ट्रांसफार्मर इंस्टॉलेशन कार्य के कारण 65 मिनट का बिजली कट रहा। जिसमें आधा घंटे बीके अस्पताल और 35 मिनट का कट कोविड-19 अस्पताल में रहा।

इस दौरान पीडब्ल्यूडी द्वारा कोविड-19 अस्पताल के लिए नए लगे पैनल में कनेक्शन देने का कार्य किया गया। कोविड-19 अस्पताल के लिए ट्रांसफार्मर और जनरेटर की सप्लाई भी अलग से की गई। हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने पहले ही सूचना जारी कर दी थी। लेकिन 45 डिग्री तापमान में मरीज गर्मी के कारण बेहाल नजर आए। मरीज आधे घंटे के लिए पार्कों में निकल गए। वहीं कोविड-19 अस्पताल में भर्ती मरीजों को बीके अस्पताल की लाईन शुरू होने पर वहां भर्ती कर दिया गया। जिसके बाद कोविड-19 अस्पताल की बिजली का काम शुरू किया गया।


लिफ्ट बंद होने पर सीढ़ियों से आते मरीज और स्ट्रेचर को रैंप पर ले जाते तीमारदार।

**ये था हाल :** बीके अस्पताल में आधे घंटे बिजली कट के कारण यहां आई गर्भवती महिलाओं के ऑपरेशन पूरी तरह से बंद कर दिए गए। ऐसे में महिलाओं को चिकित्सकों ने रेफर करना चाहा, तो वह रेफर के बजाय स्वयं ही बिना डिलीवरी करवाये यहां से वापस लौट गईं। वहीं बच्चों की नर्सरी में 22 बच्चे भर्ती थे। लेकिन गर्मी के कारण उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने बताया कि बच्चों को गर्मी में नहीं सर्दियों में बिजली कट के कारण दिक्कत होती है। उन्होंने बताया कि ऑक्सीजन की कमी होती, तो बच्चों को ऑक्सीजन सिलेंडर लगाकर नर्सरी में भर्ती किया जा सकता है। वहीं दूसरी तरफ अपातकालीन कक्ष में मरीजों को बिजली न होने के कारण गर्मी में भर्ती रहना पड़ा। पहले से सूचना होने के कारण तीमारदार मरीजों को हाथ के पंखे और कागजों से हवा करते नजर आए। वहीं ओपीड़ी में बिजली गुल होने के कारण लिफ्ट बंद हो गई और अंधेरा छा गया। जिससे मरीजों को परेशानी हुई, लेकिन संख्या कम के कारण और छुट्टी का समय होने के कारण मरीजों को कुछ हद तक राहत थी। वहीं वार्डो में भर्ती मरीज पार्कों में निकल गए।

**ये किया काम :** पीडब्ल्यूडी द्वारा बीके अस्पताल का पूरा भार 1600 और कोविड-19 अस्पताल की बिजली का भार 1200 वोल्टेज में डाला गया। वहीं ट्रासफार्मर 750 केबीए बीके के लिए और कोविड-19 अस्पताल के लिए 315 केबीए का लगाया गया है। वहीं बीके अस्पताल के लिए 625 केबीए के जनरेटर और कोविड-19 अस्पताल के लिए 250 केबीए के जनरेटर से सप्लाई जारी की गई है।

# सांसद खेल महोत्सव के तहत मैराथन में दौड़े हजारों शहरवासी

## केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा सहित विधायक गण और प्रशासनिक अधिकारियों ने की शिरकत

**पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद**


मैराथन में भाग लेते मंत्री, अधिकारी और सामान्य लोग।

**लोकसभा** क्षेत्र में 20 से 22 मई तक आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव को लेकर लोगों में जबरदस्त जुनून है। शनिवार सुबह इसकी एक बानगी तब देखने को मिली जब खेल महोत्सव से आमजन को जोड़ने के लिए आयोजित की गई मैराथन में हजारों शहरवासी एक साथ दौड़े।

करीब 11 किलोमीटर की इस मैराथन में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा सहित सभी विधायक, प्रशासनिक अधिकारी बच्चे बुजुर्ग और महिलाएं भी शामिल हुईं। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने पूरी मैराथन में साथ चलकर सांसद फिट-फरीदाबाद हिट का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह सांसद खेलकूद प्रतियोगिता पूरे फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति एक जागरुकता पैदा करने का अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में यह प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि 20 से 22 मई तक फरीदाबाद में अलग-अलग स्थानों पर 10 खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन खेल स्पर्धाओं में प्रत्येक नागरिक हिस्सा लें। उन्होंने मैराथन में हजारों लोगों के उत्साह को देखते हुए कहा कि यह मैराथन और इसमें शामिल हजारों लोग यह साबित करते हैं कि हम अपने स्वास्थ्य को लेकर बेहद सजग हैं। कहा कि यह सांसद खेल महोत्सव आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है।

शनिवार को प्रात: छह बजे सेक्टर-12 खेल परिसर से विशाल मैराथन का आयोजन किया गया। इस दौरान मसहूर गायक पदमजीत सहरावत के द्वारा तैयार किए गए थीम सांग खेल रहा है इंडिया, आगे बढ़ रहा इंडिया। बाबा फरीद की नगरी, राजा नाहर कर्म भूमि पर हो रहा है सांसद खेल महोत्सव को भी लांच किया गया। कृष्णपाल गुर्जर ने सेक्टर 12 फरीदाबाद के खेल स्टेडियम मैराथन की शुरुआत मंत्रीगण के साथ हरी झंडी दिखाकर की। मैराथन में क्षेत्र के हजारों बच्चे, बुजुर्ग, युवा और महिलाएं शामिल हुई। यह मैराथन सेक्टर- 12 से सेक्टर -14, सेक्टर-17, सेक्टर-15 से वापस सेक्टर-12 खेल परिसर में सम्पन्न हुई। मैराथन के राजनीतिक ग्रुप में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर प्रथम, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा दूसरे स्थान पर रहे। प्रशासन के पुरुष वर्ग में डीआईपीआरओ राकेश गौतम पहले, डीसी जितेन्द्र यादव दूसरे और महिला वर्ग में तहसीलदार नेहा सहारण प्रथम स्थान पर रही। बच्चों में खेल परिसर के भीकू प्रथम, भूपेन्द्र द्वितीय, लड़कियों में कंचन पहले, मानशी दूसरे स्थान पर रही। वहीं दो छोटे भाई- बहन पारस 6 वर्ष और तपस्या 7 वर्ष ने भी मैराथन में अपनी आयु वर्ग में जीत हासिल की। विधायक नरेंद्र गुप्ता, विधायक सीमा त्रिखा, विधायक प्रवीण डागर, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जेजेपी के जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गोड़, मीडिया कोर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, पलवल और फरीदाबाद के भाजपा कार्यकर्ता आदि मौजूद थे।

# पार्किंग ठेकेदार के गुंडों ने मां-बेटे को बेरहमी से पीटा

## डबुआ सब्जी मंडी में मारपीट का वीडियो वायरल होने पर मुकदमा दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद**

**डबुआ** सब्जी मंडी में बिना पार्किंग के पार्किंग शुल्क वसूल करने वाले ठेकेदार के गुंडे ने जमकर आतंक मचाया हुआ है। सब्जी मंडी परिसर में कहीं भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। लेकिन मंडी के गेट से एन्ट्री करते ही ठेकेदार के गुंडे शुल्क वसूली का दबाव बनाते हैं। ऐसा ही एक मामला शनिवार को उजागर हुआ है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 10 बजे डबुआ सब्जी मंडी में राजकुमार अपनी मां के साथ सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने के लिए आया था। पार्किंग में मौजूद आरोपी जॉनी और उसके साथियों ने पार्किंग पर्ची के नाम पर मां बेटों पर हमला किया जिसका एक वीडियो वायरल हुआ था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने अपनी बाइक डबुआ सब्जी मंडी में 10 रुपये की पर्ची कटवा कर खड़ी की थी। जो सब्जी मंडी से सामान लेकर अपनी मां से पहले आ गया और उसकी मां पीछे रह गई थी। आरोपी द्वारा पार्किंग की पर्ची मांगने पर शिकायतकर्ता ने बताया की पार्किंग पर्ची उसकी मां के पास है। जो पीछे आ रही है। लेकिन आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता के साथ मारपीट की। शिकायतकर्ता की मां ने आकर बीच-बचाव करने पर उसके साथ भी मारपीट की गई।


महिला के साथ मारपीट करते लोग।

वारदात के संबंध में थाना डबुआ में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आयुक्त महोदय ने डीसीपी क्राइम को आरोपियों की धरपकड़ के निर्देश दिए हैं आरोपियों की तलाश में क्राइम ब्रांच की टीम लगाई गई है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# 200 करोड़ का घोटाला : 7 दिन के रिमांड पर सीई डीआर भास्कर

**पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद**

**नगर** निगम में हुए 200 करोड़ के घोटाले का आरोपी चीफ इंजीनियर गिरफ्तार हो गया। पुलिस ने चीफ इंजीनियर डीआर भास्कर को देर रात गिरफ्तार कर लिया है। डीआर भास्कर को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे 20 मई तक रिमाण्ड पर दिया है। हालांकि इस घोटाले में शामिल ठेकेदार को विजिलेंस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस का दावा है कि भास्कर की गिरफ्तारी से 200 करोड़ के घोटाले से जल्द ही पर्दा उठ जाएगा। इस मामले में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

दरअसल, मुख्य अभियंता ने सिंगापुर, मलेशिया और थाईलैंड देशों की यात्राएं की। इन यात्राओं के दौरान हवाई जहाज के टिकट से लेकर वहां ठहरने सहित जो भी खर्चा हुआ ठेकेदार सतवीर ने इसके लिए भुगतान किया। यह भुगतान आरटीजीएस के जरिये हुआ। इसका पूरा रिकार्ड विजिलेंस के पास है। 2 मई को मुख्य अभियंता डीआर भास्कर की अग्रिम जमानत याचिका अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. पंकज सिंह की अदालत ने रद कर दी थी। दरअसल निगम अधिकारियों ने ठेकेदार को बिना काम करीब 200 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया।


200 करोड़ रूपए घोटाले का आरोपी डीआर भास्कर विजीलैंस टीम की गिरफ्त में।

यह सारा जनता का पैसा था, जो विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों की एवज में पास हुआ था। ठेकेदार के साथ मिलकर अधिकारियों ने जनता के इस पैसे का किस तरह दुरुपयोग हुआ, इसकी जानकारी विजिलेंस ने 2 मई को मुख्य अभियंता डीआर भास्कर की अग्रिम जमानत पर सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डा. पंकज सिंह की अदालत को दी।

# मानव रचना उत्कृष्टता पुरस्कार से दिग्गज सम्मानित

## उद्योग और शिक्षा जगत के 13 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया

**पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद**

**मानव** रचना उत्कृष्टता पुरस्कार का छठा संस्करण राजीव चंद्रशेखर, राज्य मंत्री - कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की उपस्थिति में मानव रचना के परिसर में संपूर्ण हुआ। शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम करने वाले मानव रचना के दूरदर्शी संस्थापक डॉ. ओपी भल्ला की समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाने के लिए अप्रैल 2017 में मानव रचना उत्कृष्टता पुरस्कार की स्थापना की गई थी।

एमआरईए 2022 राजीव चंद्रसेखर, डॉ. प्रशांत भल्ला - अध्यक्ष, डॉ. अमित भल्ला - उपाध्यक्ष, डॉ. संजय श्रीवास्तव - एमडी, डॉ एनसी वाधवा - डीजी, एमआरईआई, लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. आरके आनंद, डीजी, एमआरआईआईआरएस, डॉ. आईके भट, वीसी, एमआरयू, एचके बत्रा, अध्यक्ष, परफेक्ट ब्रेड्स, और उद्योग के दिग्गजों की उपस्थिति में 13 लोगों को दिया गया।


बुक लॉन्च करते हुए मुख्यातिथि व गणमान्य लोग।

डॉ. संजय श्रीवास्तव, एमडी, मानव रचना शिक्षण संस्थान और वीसी, MRIIRS ने मानव रचना उत्कृष्टता पुरस्कार 2022 का अवलोकन किया। उन्होंने हमारे दूरदर्शी संस्थापक का सपना बताते हुए कहा कि ये पुरस्कार हमारे संस्थापक के सपने का प्रमाण हैं और हर साल, इसमें नई श्रेणियां जोड़ी जा रही हैं। सभी को बधाई देते हुए, डॉ. प्रशांत भल्ला ने कहा, मानव रचना प्रतिष्ठित उत्कृष्टता पुरस्कारों की सहायता से हर साल ऐसे चैंपियंस की विनम्रता और विशिष्टता को सलाम करता है।

उत्कृष्टता पुरस्कार विभिन्न डोमेन से उपलब्धि हासिल करने वालों की सराहना करने के लिए शुरू किए गए थे जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन लाए हैं और अपनी एक प्रमुख पहचान बनाई है। पुरस्कार विजेताओं को प्रतिष्ठित एमआरईए 2022 प्रदान करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राजीव चंद्रसेखर ने कहा, अगले 25 साल भारत के युवाओं के होंगे और हमारी आर्थिक प्रगति, विस्तार और नवाचार का नेतृत्व युवाओं द्वारा किया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2022 के बाद अब पूरा ध्यान छात्रों के संदर्भ में न केवल ज्ञान प्राप्त करने पर है, बल्कि योग्यता और कौशल प्राप्त करने पर भी है, बल्कि व्यावसायिक शिक्षा और कौशल को भी अब पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। और इससे हमें वैश्विक क्षेत्र में अपने युवाओं के उत्थान के अपने मिशन में सफल होने में मदद मिलेगी। इसके बाद प्रो. (डॉ.) अमित सेठ, प्रोफेसर, फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, एमआरआईआईआरएस और सीएस (डॉ.) मोनिका गोयल, प्रोफेसर, वाणिज्य संकाय, एमआरआईआईआरएस द्वारा लिखित किताब रियल लाइफ मैनेजमेंट केस स्टडीज : डेवलप्ड इन फैक्टुअल कन्वर्सेशन विद इंडस्ट्री लीडर्स का लॉन्च किया गया। इस प्रतिष्ठित मंच पर कई दिग्गजों को सम्मानित किया गया।

# सुरक्षा की दृष्टि से चलाया जांच अभियान

**पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद**

**महत्वपूर्ण** स्थान, मॉल, होटल बैंक इत्यादि की जा रही चेकिंग के तहत तहत शनिवार को पुलिस लाईन सेक्टर-30 और प्रिसटीन मॉल के परिसर को सेक्टर-31 थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर बलराज की टीम ने बम निरोधक दस्ते के इंचार्ज संजय कुमार और उसकी टीम ने चेकिंग की ।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि बम निरोधक दस्ता पुलिस टीम के साथ मिलकर शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए फरीदाबाद में सर्च अभियान चलाया। इस दौरान बम निरोधक दस्ते ने पुलिस लाईन सेक्टर-30 और प्रिसटीन मॉल में सर्च अभियान चलाया है। बम निरोधक दस्ते द्वारा बम की तलाश करने पर मॉल के कर्मचारी एक बार तो सहम गए लेकिन जब उन्हें पता लगा कि यहां किसी तरह के बम होने की सूचना पर नहीं है केवल निरीक्षण किया जा रहा है। मॉल का पूर्ण निरीक्षण करके कर्मचारियों को आग लगने की परिस्थिती में कैसे लोगो को ए,बी,सी प्लानिंग के तहत कैसे सुरक्षित बाहर निकाला जा सकता है। मॉल कर्मचारी आग लगने या बम मिलने की स्थिति में कोर्ड वर्ड में बात करें ताकि लोग घबराए ना और उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। मॉल में आग लग जाए या लाईट कॉट हो जाए तो बाहर निकलने के लिए रेडियम धातु से के सिम्बल बनाकर मॉल के रास्ते में लगाए। मॉल के सभी एरिया में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे होने चाहिए। सुरक्षा को दुरुस्त करने के लिए बम निरोधक दस्ते 24 घंटे पुलिस लाइन में तैनात रहते है। बम या विस्फोटक पदार्थ आदि के संबंध में अगर कोई सूचना मिलती है तो बम निरोधक दस्ता तुरंत मौके पर पहुंचेगा तथा कार्रवाई करेगा। इसके अतिरिक्त बम निरोधक दस्ता प्रतिदिन चेकिंग अभियान चलाएगा। जिसके तहत शहर में संवेदनशील व महत्वपूर्ण स्थानों की बारीकी से जांच की जाएगी। थाना प्रबंधक और बम डिस्पोजल टीम के प्रिस्टन मॉल के मैनेजर नरेंद्र भाटिया, सिनेमा हाल के मैनेजर शराफत व राजीव के साथ सुरक्षा को लेकर मीटिंग की।


सुरक्षा की दृष्टि से जांच करती टीम।

# मेंस्ट्रुअल हाईजीन के प्रति जागरुकता अभियान शुरू

**पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद**

**आयुर्वेदिक** कैनबिस सेक्टर में भारत के पहले रिसर्च टु रिटेल वेंचर हेंपस्ट्रीट ने दिल्ली में गरीब तबके की महिलाओं और सेक्स वर्कर्स के बीच मेंस्ट्रुअल हाईजीन को लेकर जागरुकता अभियान शुरू किया है। इस अभियान को जॉइंट टार्गेट इनीशिएटिव एवं वीमेंस एक्शन ग्रुप चेल्सिया के सहयोग से लॉन्च किया गया है और इस उद्देश्य सभी के स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना है। हेंपस्ट्रीट महिलाओं की काउंसिलिंग कर उनमें मेंस्ट्रुअल हेल्थ के प्रति जागरुकता ला रहा है।

2019 में अपनी शुरुआत से ही हेंपस्ट्रीट सक्रियता से महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर करने की दिशा में काम कर रहा है। यह समाज के प्रति अपने दायित्व को पूरा करने की दिशा में अहम कदम है। अभियान के तहत हेंपस्ट्रीट डॉक्टरों की अगुवाई में विभिन्न कैंप आयोजित कर रहा है और हर कैंप में उसे क्षेत्र की 150 से ज्यादा महिलाएं हिस्सा ले रही हैं। 30 अप्रैल को एक सेमिनार एवं डॉ. प्रीति छाबड़ा एवं डॉ. पूजा कोहली द्वारा हेल्थ चेकअप कैंप के साथ इस अभियान को शुरू किया गया था। कैंप के बाद उसमें शामिल सभी महिलाओं को सैनिटरी पैड भी बांटे गए। दूसरा कैंप 5 मई को डॉ. आशिमा सरदाना के नेतृत्व में आयोजित किया गया।




जॉइंट टार्गेट इनीशिएटिव एक जॉइंट प्रोजेक्ट है। 2009 में शक्ति वाहिनी और इंडियन मेडिसिन डेवलपमेंट ट्रस्ट (आईएमडीटी) ने जीबी रोड स्थित सेक्स वर्कर्स के बीच एचआईवी, एड्स की रोकथाम के लक्ष्य के साथ इसकी शुरुआत की थी। जॉइंट टार्गेट इनीशिएटिव लोगों के बीच जागरूकता लाता है और एचआईवी टेस्ट करता है। वहीं वीमेंस एक्शन ग्रुप चेल्सिया दिल्ली का एक नॉन प्रॉफिट ऑर्गनाइजेशन है, जो हाशिए पर जी रहे लोगों के बीच बेहतर गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य एवं शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयासरत है। यह संगठन इस क्षेत्र में 1992 से कार्यरत है।

इस पहल पर हेंपस्ट्रीट की एवीपी, कम्युनिटी एंड आउटरीच डॉ. पूजा कोहली ने कहा, 'मासिक धर्म को लेकर आज भी खुलकर चर्चा नहीं होती है। हाल के दिनों में कुछ बदलाव आया है, लेकिन अभी मात्र 36 प्रतिशत महिलाएं ही सैनिटरी नैपकिन का प्रयोग करती हैं। पिछड़े इलाकों की महिलाओं के मामले में यह औसत और भी कम है। 50 प्रतिशत से ज्यादा सेक्स वर्कर्स कपड़े का प्रयोग करती हैं, जिससे संक्रमण का डर रहता है। हम इससे स्वास्थ्य को होने वाले खतरों को लेकर जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं और सैनिटरी पैड बांटकर बदलाव की दिशा में काम कर रहे हैं।'

जॉइंट टार्गेट इनीशिएटिव की डॉ. नगमा ने कहा, 'जाकिर हुसैन कॉलेज के आसपास की सस्ती बस्तियों में अक्सर मेंस्ट्रुअल हाईजीन नहीं होने के कारण बीमारियों का खतरा रहता है।

# संक्षिप्त समाचार

## फर्जी कागजों से जमानत कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी इंस्पेक्टर सेठी मलिक की टीम ने फर्जी डाक्यूमेंट्स बनाकर कोर्ट के मुकदमों में जमानत दिलाने वाले तीन आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान ने बताया कि आरोपी जमशेद गांव मादलपुर धौज, संजय डबुआ कॉलोनी और मनीष संजय कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने तीनों आरोपियों को गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर मुख्य सिपाही रविन्द्र को फर्जी डाक्यूमेंट्स बनवाने के लिए 5000 रुपये दिए और आरोपियों के पास भेज दिया आरोपियों ने पैसे लेकर आपस में बाट लिए। वकील ही सभी को जमानत का काम दिलाता था। पूछताछ में आरोपी जमशेद, मनीष व संजय नागर ने बताया कि वे वकील के कहने पर फरीदाबाद में फर्जी ID देकर फर्जी जमानत व फर्जी ड्राईवर बन कर एक्सीडेंट के केस के फर्जी क्लेम ले लेते थे। आरोपियों से मौके पर फर्जी आईडी और आरोपी जमशेद से 2250 रुपये, संजय से 1750 रुपये और आरोपी मनीष से 1610 रुपये बरामद हुए है। आरोपीयान को मामले की पूछताछ के लिए 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## टैंट गोदाम में लगी आग, लाखों का सामान स्वाह

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड थाना क्षेत्र में गांव अनंगपुर के पास टेंट गोदाम में शनिवार सुबह आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। इसमें किसी के झुलसने की सूचना नहीं है। आग की वजह शॉर्ट-सर्किट बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार आज सुबह 10 साढ़े बजे के करीब पूर्व सांसद अवतार सिंह भड़ाना के पैतृक गांव अनंगपुर में उनके निवास से कुछ दूरी पर अरावली पर्वत माला के समीप एक टैंट गोदाम में आग लग गई। आग लगने से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। कुछ ही देर बाद थाना सूरजकुंड पुलिस व फायर ब्रिगेड की आठ गाड़ियों ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 10 बजे टेंट गोदाम में आग लगने की सूचना मिली थी। आग की लपटों से उठ रहा घुआं दो किलोमीटर से दिखाई दे रहा था। आग से पूरा गोदाम जलकर राख हो गया।

## हरियाणा में बनेगी आम आदमी पार्टी की सरकार : भड़ाना

**फरीदाबाद।** जिला कार्यालय पर पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना के नेतृत्व में वार्ड नंबर 2 से एडवोकेट सिकंदर शर्मा एवं मनीष शर्मा की अध्यक्षता में भरत, गिर्राज, ब्रह्म सिंह, गोपी, बलवीर, दुर्गेश, रमेश, योगेश एवं दर्जन साथियों ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा। सभी साथियों को जिला महासचिव भीम यादव, साउथ जोन महिला अध्यक्ष मंजू गुप्ता, साउथ जोन सचिव बृजेश नागर एवं रमा तिवारी ने सभी लोगों को टोपी एवं पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी में सभी का स्वागत किया। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के दिल्ली मॉडल से दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे देश की जनता प्रभावित हैं और हमें उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आने वाली सरकार हरियाणा में आम आदमी पार्टी की होगी। जिस प्रकार से बिजली, पानी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं दिल्ली में दी जा रही हैं, उसी तर्ज पर हरियाणा की जनता को भी सभी सुविधाएं मिलनी चाहिए। जिस प्रकार हरियाणा के प्रभारी डॉ. सुशील गुप्ता पार्टी के विस्तार एवं संगठन की मजबूती के लिए कड़े प्रयास कर रहे हैं, वह जरूर रंग लाएंगे।

## शेयर बाजार का तकनीकी पर व्याख्यान का आयोजन

**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी कॉलेज में कार्यवाहक प्राधानाचार्या डॉ.सविता भगत के मार्गदर्शन में चल रही एलुमनस द्वारा व्याख्यान श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए पीजी कॉमर्स विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रुचि अरोड़ा के निर्देशन में लेक्चर-6 का आयोजन किया गया जिसकी कनवीनर डॉ.इमराना खान एवं रजनी टुटेजा थी। मुख्य वक्ता के रुप में एम.कॉम एलुमनस श्री अंशुल सुदर्शन को आंमत्रित किया गया था जो वर्तमान समय में ए.श्री डी कैपिटल कंपनी में वैल्थ मैनेजमेंट एसोसिएट के पद पर कार्यरत है। व्याख्यान का मुख्य विषय था तकनीकी विश्लेषण के आधार पर स्टॉक्स का चुनाव किस प्रकार किया जाना चाहिए। अंशुल ने स्टॉक्स के विश्लेषण के लिए उपयोग में आने वाली आधारभूत सांकेतिक रणनीतियों तथा पेर्टनो पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार इन तकनीकों का प्रयोग करके शेयर बाजार की भविष्य की कीमतों के परिवर्तनों का पूर्वानुमान लगाया जा सकता है तथा ये सूचनाये निवेशकों का प्रदान कर उनकी निवेशित पूँजी को बढ़ाया जा सकता है उन्होंने विभिन्न लाभकारी पेटर्नो जैसे कैंडिलस्टिक पेटर्न के विषय में महत्वपूर्ण ज्ञान से छात्रों को अवगत कराया और समकालीन ऑनलाइन व्यापर की एंट्री तथा एक्जिट गतिविधियों से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान से छात्रों को लाभन्वित किया। बीकॉम विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना भाटिया ने भी शेयर मार्किट से संबंधित व्यावहारिक तथ्य छात्रों के साथ सांझा किये तथा छात्रों के एवं श्री अंशुल के सुखद भविष्य के लिए शुभकामनायें दी।

## गन पॉइंट पर लूट करने वाला गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 प्रभारी सब इंस्पेक्टर ब्रह्म प्रकाश की टीम ने गन पॉइंट पर लूट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी कैप्टन फरीदाबाद के गांव सागरपुर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी को सेक्टर 12 से थाना आदर्श नगर के वैगनआर गाड़ी लूट के मामले में गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदी है नशे की पूर्ति के लिए लूट की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी ने वर्ष 2020 में बाईपास रोड गांव शाहपुरा के नजदीक एक वैगनआर गाड़ी को अपने साथी गौरव और कपूर के साथ मिलकर मोटरसाइकिल को गाड़ी के आगे लगाकर गन पॉइंट पर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। जिसका मुकदमा थाना आदर्श नगर में दर्ज है। आरोपी किसी काम से सेक्टर 12 में आया था। आरोपी से मौके पर ही थाना सूरजकुंड की चोरी की बाइक सहित काबू कर लिया था। आरोपी ने बाइक को वर्ष 2018 में थाना सूरजकुंड के एरिया से चोरी किया था। आरोपी से पता चला कि आरोपी ने एक लूट की वारदात को पलवल में भी अंजाम दिया है। क्राइम ब्रांच टीम ने पलवल पुलिस को आरोपी के बारे में सूचित किया है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया। आरोपी के दो अन्य साथी गौरव और कपूर को पहले ही गिरफ्तार कर आरोपियों से लूटी गई वैगनआर कार और देसी कट्टा बरामद किया जा चुका है।

## साईंधाम में वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन

**फरीदाबाद।** सेक्टर-86 स्थित शिरडी साईं बाबा टैंम्पल सोसायटी में बीके हॉस्पिटल के सिविल सर्जन फरीदाबाद के सहयोग से तथा खेड़ी की मेडिकल टीम द्वारा कोविड 19 टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में सोशल डिस्टेंस का ध्यान रखते हुए लोगों के बैठने की उचित व्यवस्था की गई थी। 12 प्लस, 15 प्लस और 18 प्लस से अधिक की आयु वर्ग को वैक्सीन लगाया गया। जिसमें कोरबीवैक्स, कोवेक्सीन और कोविशिल्ड वैक्सीन लगाई गई। इसमें कुल 142 लोगों कोविड-19 का टीका लगया गया। मेडिकल टीम ने टीकाकरण के प्रबंध की सराहना की और टीका लगवाने जो व्यक्ति आये उनकी भी अच्छे से देखभाल की गई। सभी का नंबर से टीकाकरण किया गया। उनके बैठने की उचित व्यवस्था की गई। शिरडी साईं बाबा टैम्पल सोसाइटी के अध्यक्ष डा. मोतीलाल गुप्ता ने कहा कि साईं धाम हमेशा से ही सामाजिक और धार्मिक कार्य में आगे रहता है। संस्था कोविड वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन समय-समय पर करता रहा है। कोविड वैक्सीनषन हर षनिवार साईं धाम सेक्टर 86 में लगया जाता है। लोगों से अनुरोध है कि वे इस कैंप का लाभ उठाएं।

## मात्र छह साल की बेटी आद्या ने लिखी पुस्तक ऑलवेज बी युनीक

### एम्बियंस मॉल में एससीईआरटी के उप-निदेशक सुनील बजाज और भाजपा नेता नवीन गोयल ने किया पुस्तक का लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मात्र** 6 साल की बेटी आद्या दुबे द्वारा लिखी गई पहली पुस्तक-ऑलवेज बी यूनीक का शनिवार को यहां एम्बियंस मॉल में लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर एससीईआरटी के उप-निदेशक सुनील बजाज व पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने अतिथि के रूप में शिरकत की। आद्या सेक्टर-15 स्थित सालवान स्कूल की छात्रा है। पहली कक्षा की छात्रा आद्या इस पुस्तक को लिखने के साथ इंडिया की यंगेस्ट लेखक बन गई हैं।

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि आद्या दुबे के पुस्तक लिखने जैसे बेहद ही गंभीर विषय पर इतनी गहरी सोच रखने का मतलब भविष्य में देश के लिए एक बहुत बड़ी प्रतिभा का अभी से तैयार होना है। उन्होंने आद्या के माता-पिता नीतीश दुबे व साक्षी दुबे, शिक्षिका आशिमा को भी बधाई दी। आद्या के इस प्रयास से हर बच्चे, बड़े को आद्या से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि गुरुग्राम में चाहे खेल हो, शिक्षा हो, लेखन हो, पेंटिंग हो या कोई और क्षेत्र हो। हर क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। गुरुग्राम की प्रतिभाओं को निखारना हमारा ध्येय है। उप-निदेशक बजाज ने कहा कि जीवन में लक्ष्य और रचनात्मकता बहुत जरूरी है। किसी भी काम को करने के लिए लक्ष्य बनाना चाहिए, तभी उस काम को पूरा किया जा सकता है। लक्ष्यहीन कार्य हमेशा अधूरे रह जाते हैं। यह हमारी सोच का विकास करता है। इस अवसर पर पुलक अग्रवाल, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, भाजपा रिटायर्ड प्रकोष्ठ से बाली पंडित, योगेश शर्मा, राजेश सिंह, धर्मेंद्र शर्मा समेत काफी लोग मौजूद रहे।


गुरुग्राम के एम्बियंस मॉल में आद्या दुबे की पुस्तक का लोकार्पण करते अतिथि।

### विश्व रिकॉर्ड के लिए भेजी जाएगी पुस्तक

**आद्या** की इस पुस्तक के प्रकाशक इंच पेपर प्रा. लिमिटेड के चेयरमैन एवं सीईओ पुलक अग्रवाल ने बताया कि आद्या अब तक की दुनिया की सबसे कम उम्र की लेखक बनी हैं। भारत में कम उम्र में किताब लिखने का रिकॉर्ड आठ साल के बच्चे के नाम है, जबकि विश्व में 14 साल के बच्चे के नाम है। अब आद्या ने इन दोनों रिकॉर्ड को तोड़ा है। जल्द ही इस पुस्तक को रिकॉर्ड में दर्ज कराने के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड व गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए भेजा जाएगा। पुलक के मुताबिक इस पुस्तक को आइएसबीएन में भी पंजीकृत करवाया गया है। भारत सरकार की ओर से पुस्तक को एक विशेष नंबर जारी किया जाता है। पहले चरण में 5000 पुस्तकें छापी गई हैं। आद्या ने इस पुस्तक में लिखा है कि दुनिया का हर आदमी किसी ने किसी रूप में युनीक होता है। हमें उस पर काम करना चाहिए। अपनी शक्ति को तलाशना चाहिए, ताकि जीवन में उसी के अनुसार दशा और दिशा तय की जा सके।

# यूक्रेन से लौटे छात्रों को सता रही है अपने भविष्य की चिंता

### यूक्रेन से लौटे मेडिकल छात्रों और उनके अभिभावकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

### विधायक ने सरकार से सकारात्मक बात करने का दिया आश्वासन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पेरेंट्स** एसोसिएशन ऑफ यूक्रेन एमबीबीएस स्टूडेंट्स इंडिया ने शनिवार को गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला को उनके कार्यालय में पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन ने सभी प्रतिष्ठित नेताओं और सभी संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि यूक्रेन से लौटे छात्रों के भविष्य के लिए वे अहम और जरूरी कदम उठाएं। विधायक सुधीर सिंगला ने उनकी मांग का समर्थन करते हुए कहा कि वे ज्ञापन मुख्यमंत्री हरियाणा तक पहुंचाकर सकारात्मक निर्णय का अनुरोध करेंगे।


गुरुग्राम में विधायक सुधीर सिंगला को ज्ञापन सौंपते यूक्रेन से लौटे छात्र व अभिभावक।

यूक्रेन से लौटे देशभर के छात्रों की ओर से उनके अभिभावकों ने मांग की है कि उनके बच्चों का भविष्य दांव पर लगा है, इसके लिए सरकार जल्द पॉजिटिव कदम उठाए, ताकि उनका भविष्य खराब ना हो। अभिभावकों ने कहा है कि वे मध्यम वर्गीय परिवारों से संबंध रखते हैं। उनके बच्चे यूक्रेन में मेडिकल की पढ़ाई करने गए थे, लेकिन पिछले कुछ महीने पूर्व वहां के हालात खराब हुए। रूस ने यूक्रेन पर हमला करके सब कुछ बाधित कर दिया। बड़ी मुश्किल से बच्चे अपनी जान बचाकर भारत लौटे। उन्होंने भारत सरकार द्वारा उन्हें यूक्रेन से सकुशल निकालने पर धन्यवाद करते हुए कहा कि अब सरकार उनके भविष्य को लेकर भी जरूरी कदम उठाए। क्योंकि अब उन्हें भारत में ही रहकर वे अपनी पढ़ाई को पूरा करना है। मांग की है कि सभी छात्रों को भारतीय मेडिकल कालेज में समायोजित किया जाए, ताकि वे पढ़ाई पूरी कर सकें। ज्ञापन में कहा गया है कि करीब 15-16 हजार मेडिकल के छात्र हैं, जिनमें से करीब 3000 छात्र फाइनल ईयर में पढ़ाई कर रहे थे। ऐसे में छात्रों को अनुमति दी जाए कि वे भारत के अस्पतालों में इंटर्नशिप कर सकें। बाकी के करीब 12 हजार छात्रों को एमबीबीएस के प्रथम वर्ष से लेकर तृतीय वर्ष में दाखिले देकर भविष्य बनाने के लिए सहायता की जाए। क्योंकि देश के अनेक मेडिकल कालेज में हाल ही में पहले वर्ष की पढ़ाई शुरू ही हुई है। ऐसे में उन्हें कोई ज्यादा दिक्कत नहीं आएगी। छात्रों ने यह भी बताया कि उनकी देश के अलग-अलग हिस्सों में मेडिकल कालेज प्रशासन से मीटिंग भी हुई है। वे सभी यूक्रेन से लौटे मेडिकल छात्रों को अपने परिसर में दाखिला देने के लिए सरकार की ओर से अनुमति मिलने के इंतजार में हैं। वे चाहते हैं कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत बनाने में अपना पूर्ण सहयोग देंगे। ज्ञापन देने वालों में एसोसिएशन के गुरुग्राम अध्यक्ष आरबी गुप्ता समेत काफी संख्या में लोग, छात्र शामिल रहे।

## कॉलेज से बाहर पार्कों, गली मोहल्लों में योग सिखा रहे एनएसएस स्वयंसेवक


गुरुग्राम के एक पार्क में महिलाओं को योग कराती सेक्टर-9 कालेज से एनएसएस की स्वयंसेवक।

**गुरुग्राम।** राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 की एनएसएस इकाई द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विद्यार्थियों में योग जागरुकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राईटिंग, निबंध लेखन, जागरुकता रैली का आयोजन किया गया है। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयं सेवकों ने विभिन्न गली-मोहल्लों एवं पार्कों में आम जन के साथ योगाभ्यास कर उन्हें योग के लिए प्रेरित किया है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्यमन्यु यादव ने बताया कि भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निदेशज़नुसार इन कार्यक्रमों का आयोजन 7 अप्रैल से आरम्भ किया है तथा 21 जून तक इन कार्यक्रमों को किया जाएगा। बताया कि योग हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक है। उन्होंने महाविद्यालय के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को योग ब्रेक लेकर प्रतिदिन योगाभ्यास करने तथा स्वयं को तनावमुक्त एवं स्वस्थ रखने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललिता गौड़ एवं रोहित शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों एवं आम जन में योग के प्रति अत्याधिक उत्साह है। दीक्षा, अदिति, नैना, आंचल, निहारिका, नेहा, शुभम, रोहित, धर्मबीर, पुनीत, चंद्रप्रकाश सहित अनेक स्वयंसेवक महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### संत तरुण सागर के नाम से अहिंसा क्रांति के तहत लगाए घोंसले


गुरुग्राम के लेजरवैली पार्क में घोंसले लगाते लोग।

**गुरुग्राम।** राष्ट्र संत तरुणसागर महाराज के 26 मई को आने वाले 55वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 3 मई से अहिंसा क्रांति की शुरुआत गुरुग्राम में की गई है। इसके तहत पशु पक्षी संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को जैन समाज सेक्टर-14 के प्रधान, अस्सिटेंट गवर्नर रोटरी क्लब और जीतो के सलाहकार रविंद्र जैन द्वारा लेजरवैली पार्क सेक्टर-29 तथा मेफिल्ड गार्डन के सेंट्रल पार्क में काफी संख्या में दाना-पानी घोंसले लगाए गए। रविंद्र जैन ने बताया कि पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, पार्षद अनूप सिंह, नारायण सिंह प्रधान लेजर वैली, मुकेश शर्मा प्रधान रोटरी ब्लड बैंक, भूपेन्द्र सिंह, गजेंद्र त्यागी, सूरज शर्मा, अलका दलाल, मनोज यादव, ओपी सिंह मैनेजर लेजर वैली पार्क, नवकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल आर्य की प्रेरणा से उनका सहयोग लेकर यह अभियान चलाया जा रहा है, ताकि पर्यावरण की रक्षा के लिए पशु पक्षी का जीवन भी सुरक्षित रहे।

### पेशी से लौटकर आए बंदी के सैंडल में मिला नशीला पदार्थ

**सोहना।** भोंडसी जिला जेल से पेशी पर गए विचाराधीन बंदी के पास लौटकर आते समय सैंडल से नशीला पदार्थ पकड़ा गया। आरोपी बंदी के खिलाफ जेल अधिकारी की शिकायत पर भोंडसी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भोंडसी जिला जेल के उपाधीक्षक चरण सिंह ने लूट चोरी के मामलों में आरोपी शमशेर निवासी गांव खरड़ सदर हिसार के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जेल अधिकारी ने पुलिस को बताया कि शमशेर को पुलिस गार्द में भोंडसी से हॉसी की अदालत में पेशी पर लेकर गए थे। लौटते समय जेल की ड्योढी में वार्डन जगजीवन ने शमशेर की तलाशी तो उसके सैंडल में छुपा नशीला पदार्थ मिला। पूछताछ में शमशेर ने पुलिस को बताया कि उसे नशा पदार्थ विकास उर्फ बच्ची निवासी गांव मयाना जिला हिसार ने दिया था। भोंडसी पुलिस ने बंदी समेत दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एएसआई अजीम अहमद ने बताया कि आरोपी बंदी शमशेर से जेल में ही पूछताछ की जाएगी। उसे विकास उर्फ बच्ची कहां मिला था।

### किशोर को मिल रही रंजिश में जान से मारने की धमकी

**सोहना।** भोंडसी थाने के गांव सहजावास निवासी 16 वर्षीय किशोर को पुरानी रंजिश में जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। पुलिस ने किशोर की मां की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सहजावास निवासी महिला सपना ने पुलिस को बताया कि वह विधवा है। उसका करीब दो साल पहले पड़ोसी भागीरथ के साथ झगड़ा हुआ था। भागीरथ का लड़का अभिषेक उसके बेटे देवेन्द्र से रंजिश रखता है। उसके साथ रिठैज निवासी रिषभ उर्फ रोकी भी उसके बेटे को जान से मारने की धमकियां देता है। गुरुवार को देवेन्द्र घर से गांव के बस स्टैंड पर गया था। जहां रास्ते में उसकी मुलाकात हुई थी। इस दौरान अभिषेक ने उसके बेटे को धमकाया और जान से मार देने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एसएमएस आने पर ही भरें जीएसटी रिटर्न : पंकज वर्मा

**गुरुग्राम।** कर सलाहकार व एमएसएमई वेलफेयर फाउण्डेशन के अध्यक्ष पंकज वर्मा ने व्यापारियों से आग्रह किया है कि वे जीएसटी 3बी रिटर्न भरने के लिए जल्दबाजी न करें। उन्होंने बताया कि जीएसटी पोर्टल पर इनपुट लेने के लिए जीएसटी 2बी का डाटा गलत दिखा रहा है। इसलिए जब तक विभाग द्वारा 2बी जनरेडिट का एसएमएस प्राप्त नहीं हो जाता, तब तक जीएसटी रिटर्न न भरें। यदि वे रिटर्न भर देते हैं तो उन्हें जीएसटी से संबंधित कई समस्याओं सामना करना पड़ेगा, जिसका समाधान करने में उन्हें परेशानियां भी आ सकती हैं।

### श्रमिकों के ग्रेच्युटी के मामले लोक अदालत में निपटे

**गुरुग्राम।** जिले में शनिवार को लोक अदालत का आयोजन किया गया। श्रम विभाग ने भी लोक अदालतों का आयोजन कर श्रमिकों के लंबित पड़े मामलों का श्रमिकों व प्रबंधनों की आपसी सहमति से समाधान कराया। श्रमिक संगठन एटक के जिला महासचिव कामरेड अनिल पंवार ने बताया कि श्रमिक लोक अदालत में परफेटी के ठेकेदार श्रमिकों के ग्रेच्युटी मामले की सुनवाई हुई। श्रम विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में दोनों पक्षों के बीच सेटलमेंट कराया गया। लोक अदालत के कुलदीप सिंह द्वारा योगेश कुमार, मनफूल, रोहित व ललित कुमार को ग्रेच्युटी के चेक भी दिए गए। अनिल पंवार का कहना है कि जो मामले लेबर ट्रिब्यूनल में लंबे चलते हैं, यदि इन मामलों को लोक अदालत में रखा दिया जाए तो उनका समाधान दोनों पक्ष अपनी सहमति से कर लेते हैं। लोक अदालत श्रमिकों के लिए बड़ी ही लाभप्रद है। इस अवसर पर श्रमिकों की ओर से श्रमिक नेता बलवीर कंबोज, सोमवीर सिंह व ठेकेदार की ओर से विपिन, मोहित, डालचंद तथा कंपनी प्रबंधन की ओर से सोनू राठी आदि भी मौजूद रहे।

## एक बूथ एक यूथ अभियान की शुरुआत करेगी युवा जजपा : दुष्यंत चौटाला


गुरुग्राम में शनिवार को जजपा कार्यकारिणी की बैठक लेते दुष्यंत चौटाला।

### नए युवाओं को जजपा के साथ जोड़कर संगठन को किया जाएगा और मजबूत

### गुरुग्राम में ली पार्टी कार्यकारिणी की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**बूथ** स्तर पर संगठन को और मजबूती प्रदान करने के लिए जननायक जनता पार्टी जल्द नया अभियान चलाने जा रही है। इसके लिए युवा जजपा एक बूथ एक यूथ कार्यक्रम की शुरुआत करेगी। साथ ही ब्लॉक स्तर पर नए युवा साथियों को जजपा के साथ जोड़ा जाएगा और युवाओं के लिए सेमिनार का आयोजन भी किया जाएगा। इस बारे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने जजपा युवा पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

शनिवार को गुरुग्राम में आयोजित जजपा युवा प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस बैठक में संगठन मजबूती सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर युवा पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया गया। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हर क्षेत्र के विकास में युवाओं की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि इसी तरह संगठन मजबूती के लिए जजपा के युवा पदाधिकारियों का हमेशा अहम रोल रहा है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि युवा जजपा ब्लॉक स्तर पर एक बूथ एक यूथ कार्यक्रम शुरू करें और इसके तहत हर बूथ पर एक मजबूत युवा साथी की जिम्मेदारी संगठन मजबूती के लिए लगाए। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ युवा पदाधिकारी इसके लिए बूथ वाइज युवा पदाधिकारियों की ड्यूटियां लगाना शुरू कर दें। डिप्टी सीएम ने यह भी निदेज़्श दिए कि युवा पदाधिकारी बूथ-बूथ जाकर युवाओं को पाटीज़् की नीतियों से अवगत करवाकर उन्हें संगठन के साथ जोड़े। इसके अलावा युवाओं के लिए सेमिनार का भी आयोजन करवाया जाए।

### जजपा युवा प्रकोष्ठ में विस्तार, 18 पदाधिकारी नियुक्त

**इस** बैठक में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के साथ विचार-विमर्श करके जजपा युवा प्रकोष्ठ में विस्तार करते हुए कई युवा जजपा नेताओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां भी सौंपी गई। युवा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सांगवान ने बताया कि जजपा युवा प्रकोष्ठ में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर जींद निवासी जसबीर रेढू, फरीदाबाद निवासी संदीप कपासिया व यमुनानगर निवासी रॉकी सांगवान को नियुक्त किया हैं। कैथल निवासी सम्पूर्ण कोयल, रोहतक निवासी सीना पहलवान व पंचकूला निवासी अमित सैनी को युवा प्रदेश सचिव बनाया हैं।

इनके अलावा दादरी निवासी रामफल कादमा, पानीपत निवासी रविंद्र मीणा, रोहतक निवासी जितेंद्र वाल्मीकि, झज्जर निवासी सुनील काला, भिवानी निवासी सीना पायल, जींद निवासी सतीश बिधान को युवा प्रदेश सहसचिव की जिम्मेदारी दी हैं। इसी तरह नूंह निवासी जावेद सलाहेड़ी, फरीदाबाद निवासी अनिल भाट्टी, महेंद्रगढ़ निवासी जोनी तंवर, रोहतक निवासी बलजीत तोमर व फरीदाबाद निवासी सूरत चौहान भी युवा प्रदेश सहसचिव होंगे।चरणजीत डोंगरा को इंद्री में युवा हलका अध्यक्ष बनाया गया है।

## कैनविन फाउंडेशन ने राजेंद्रा पार्क से शुरू किया फॉगिंग अभियान : नवीन गोयल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**बीमारी** चाहे कोई भी हो, उसे फैलने से पहले ही अगर रोक लिया जाए तो धन और समय का सदुपयोग करके मानसिक परेशानी से बचा जा सकता है। गर्मियां बढ़ने के साथ डेंगू का खतरा भी बढ़ सकता है। यह बात पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने शनिवार को यहां राजेंद्रा पार्क स्थित कैनविन फाउंडेशन के पॉलीक्लीनिक में मेडिकल कैंप का शुभारंभ और डेंगू से बचाव के लिए फॉगिंग मशीन लांच करते हुए कही। इस कैंप में करीब 350 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई।

नवीन गोयल ने कहा कि हमारा फोकस लोगों के बीमार होने पर सही करने का नहीं होना चाहिए, बल्कि बीमारियों को पनपने से पहले रोकने का भी होना चाहिए। इसलिए उद्देश्य के साथ आज फॉगिंग मशीन लांच की गई है, ताकि डेंगू का लार्वा पैदा ही ना होने दिया जाए। डेंगू के मच्छर अगर पैदा नहीं होंगे तो डेंगू जनित बीमारियों से बचाव अपने आप ही हो जाएगा। उन्होंने कहा कि विदेशों में इसी तर्ज पर काम होता है। श्री गोयल ने कहा कि राजेंद्रा पार्क के अलावा अन्य कालोनियों, गांवों में भी डेंगू से बचाव के लिए फॉगिंग का अभियान चलाया जाएगा, ताकि हर किसी को डेंगू से सुरक्षित किया जा सके। उन्होंने कैनविन फाउंडेशन की दिन-रात सजग रहने वाली टीम के सदस्यों के काम की भी सराहना की। उन्होंने कहा किसी भी संस्था की रीढ़ की हड्डी उसके कार्यकर्ता, उसके कर्मचारी होते हैं। जमीनी स्तर पर वे काम करते हैं। उन्हें खुशी है कैनविन की टीम दिन-रात गुरुग्रामवासियों की सेहत के लिए दौड़ती है। इस अवसर पर आकाश यादव, डिम्पल राठी, कैप्टन धीर सिंह, कैप्टन प्रेम सिंह, अमन हुड्डा, उमाकांत, नित्यानंद, महेश यादव, संदीप सिंधू, सतपाल चौधरी आदि मौजूद रहे।


गुरुग्राम के राजेंद्रा पार्क से फॉगिंग की शुरुआत करते नवीन गोयल।

### फर्जी एलएलबी की डिग्री पर अनेक वकीलों के लाइसेंस रद्द

**गुरुग्राम।** बार काउंसिल ऑफ दिल्ली ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया के आदेश पर डेढ़ दर्जन से अधिक अधिवक्ताओं के लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं। बताया जाता है कि अधिवक्ताओं के निरस्त किए गए लाइसेंस में गुरुग्राम के भी 3 अधिवक्ता शामिल हैं। जानकारी के अनुसार इन अधिवक्ताओं के एलएलबी की डिग्री व मार्कशीट में अनियमितता पाई गई हैं। यानि कि ये फर्जी सिद्ध हुई हैं। इसी पर कार्रवाई करते हुए बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने बार काउंसिल ऑफ दिल्ली को आदेश दिए हैं कि इन अधिवक्ताओं के लाइसेंस निरस्त कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को सूचित कर दिया जाए। बार काउंसिल ने सभी अधिकारियों, विभागों व जिला अदालतों को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए सूचित कर दिया है। गुरुग्राम से अशोक कुमार, मुकेश कुमारी व अव्या कपूर अधिवक्ता शामिल हैं।

## शहर में दो दिन के बाद उठे कूड़े-कचरे के ढेर


शनिवार की सुबह अपनी मांगों को लेकर नगर परिषद के सफाई कर्मचारी शहर में झाड़ू प्रदर्शन करते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**अपनी** मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करने वाले नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने शहर में सरकार के खिलाफ झाड़ू प्रदर्शन किया। शहर में तीसरे दिन बाजार, कॉलोनी और वार्डों में सफाई की। शनिवार सुबह 7 बजे नगर परिषद के स्थाई व अस्थाई सफाई कर्मचारियों ने राज्य व केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान सफाई कर्मचारियों ने झाड़ू हाथों में था। यूनिट प्रधान विक्रम सिंह ने कहा कि उनका यह अभिभयान लंबा चल सकता है। अभी तक 18 मई को अलग-अलग स्तर पर रैली निकाली जाएगी।

### तीन दिन बाद हुई शहर में सफाई

**नगर** परिषद के सफाई कर्मचारियों ने पिछले दो दिन से हड़ताल होने के कारण शहर में सफाई नहीं की थी। सार्वजनिक और गली मोहल्लों में कूड़े के ढेर लगे हुए थे। जिन्हें शनिवार को विरोध प्रदर्शन के बाद उठाया गया। नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने गुरुवार से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की दी थी। उससे दो दिन पहले नगर परिषद ने शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू किया था। जिसमें सफाई कर्मचारियों की मुख्य भूमिका होती है, लेकिन सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से नगर परिषद का अतिक्रमण के खिलाफ चलने वाला अभियान बीच में ही दमतोड़ गया।

## अनुसूचित जाति के 500 युवाओं को मिलेगी फर्स्ट एड का निशुल्क प्रशिक्षण

**गुरुग्राम।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा के महासचिव डा. मुकेश अग्रवाल के दिशा-निर्देशों से जिला रेडक्रॉस सोसायटी गुरुग्राम के अंतर्गत अनुसूचित जाति के 500 युवक-युवतियों को निशुल्क प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्ट एड) प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 16 मई से 20 मई 2022 तक पंजीकरण कराए जा सकते हैं। रेडक्रॉस सोसायटी सचिव विकास कुमार ने बताया कि जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में सोसायटी काम कर रही है। आगामी होने वाली प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण जिला रेडक्रॉस सोसायटी चंदन नगर सेक्टर-15 पार्ट-2 गुरुग्राम, उपमंडल अधिकारी नागरिक कार्यालय पटौदी और सामान्य अस्पताल सोहना के कांफ्रेंस रूम में कराया जा सकता है। पंजीकरण के लिए अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज की फोटो, आधार कार्ड की फोटो कॉपी, रिहायशी प्रमाण पत्र और आय का प्रमाण पत्र जमा कराना होगा।

## इंडिया इंक का हायरिंग वॉल्यूम 23 फीसद तक पहुंचने के लिए तैयार : इनडीड हायरिंग ट्रैकर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**जैसे-जैसे** दुनिया इस महामारी से उबर रही है, वैसे-वैसे जॉब मार्केट भी इसका अनुसरण कर रहा है; दुनिया की #v जॉब साइट इनडीड द्वारा जारी तिमाही हायरिंग ट्रैकर के निष्कर्षों से पता चलता है कि जनवरी से मार्च 2022 की तुलना में अप्रैल से जून 2022 के दौरान काम पर रखने वाले नियोक्ताओं के अनुपात में 5 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है।

वित्तीय वर्ष 23 के पहले क्वार्टर से वित्तीय वर्ष 22 के चौथे क्वार्टर की तुलना करने से पता चलता है कि हायरिंग वॉल्यूम में 3 प्रतिशत की वृद्धि होने के साथ ही कुल वृद्धि दर 23 प्रतिशत तक पहुंचने की भी संभावना है। हायरिंग ट्रैकर ने वित्तीय वर्ष 22 के चौथे क्वार्टर में जनवरी और मार्च 2022 के बीच नियोक्ताओं तथा नौकरी चाहने वाले, दोनों का ही विश्लेषण किया ताकि हायरिंग की गतिविधि तथा नियुक्ति के अनुपात को समझा जा सके। हायरिंग ट्रैकर ने इस बात का भी विश्लेषण किया कि नियोक्ताओं की प्राथमिकता क्या है, नौकरी चाहने वाले लोगों की अपेक्षाएं क्या हैं, और दोनों पक्षों के बीच किस तरह से तालमेल बैठ सका जिससे की नियुक्ति तथा नौकरी चाहने वाले, दोनों ही सुविधा के साथ अपनी अपेक्षाओं को पूरा कर सके। निष्कर्षों ने आगे खुलासा किया कि पहली बार नौकरी चाहने वालों को नियोक्ताओं से व्यापक स्वीकृति मिली, जिसमें सर्वेक्षण किए गए दस नौकरी चाहने वालों में से लगभग आठ (54 प्रतिशत से बढ़कर 77 प्रतिशत, दिसंबर 2021 तिमाही के दौरान) ने वित्तीय वर्ष 22 के चौथे क्वार्टर के दौरान अपनी नौकरी हासिल की। पहली बार नौकरी चाहने वालों को नियुक्ति देने वाले सेक्टर में से अधिकांश सूचना प्रौद्योगिकी (85 प्रतिशत), दूरसंचार (79 प्रतिशत) और ई-कॉमर्स (75 प्रतिशत) क्षेत्रों से थे।

शशि कुमार, हेड ऑफ सेल्स, इनडीड इंडिया ने कहा, महामारी की शुरुआत के बाद से भारतीय जॉब मार्केट में उथल-पुथल मची हुई है। हालांकि, पिछली तिमाही में COVID-19 मामलों की संख्या में कमी और अर्थव्यवस्था के फिर से खुलने के साथ, हमने नौकरी के बाजार में कुछ स्थिरता देखना शुरू कर दिया है। वित्तीय वर्ष की शुरुआत में हायरिंग वॉल्यूम में वृद्धि नियोक्ताओं और नौकरी चाहने वालों, दोनों के लिए अच्छी खबर है, यह विकास के बहुत सारे अवसरों को खोल देगा। सच तो यह है कि सभी क्षेत्रों की कंपनियां पहले से ही अपने कारोबार को बढ़ाने पर विचार कर रही हैं, तथा कुशल और लचीले कार्यबल के निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं, हमें उम्मीद है कि आने वाली तिमाही में हायरिंग बढ़ती रहेगी क्योंकि अब अधिक से अधिक कर्मचारी कार्यालय में वापस लौट रहे हैं।

**शीर्ष भूमिकाएं और कौशल :** तेजी से बढ़ते हुए डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी के कारण व्यवसाय में तेजी से विकास हो रहा है, जिस कारण विशिष्ट कौशल वाले कर्मचारियों की आवश्यकता बढ़ रही है। कम से कम 71 प्रतिशत नियोक्ताओं ने आईटी कौशल के लिए लोगों को काम पर रखा, हालांकि मात्र 29 प्रतिशत मामलों में ही आईटी कौशल के लिए नौकरी चाहने वालों की वरीयता से मेल खाता है। डेटा साइंस, एनालिटिक्स और अन्य तकनीकी भूमिकाओं जैसी नौकरीओं की मांग बनी हुई है। साथ ही सेल्स, उत्पाद प्रबंधकों जैसी पुरानी भूमिकाओं में भी मांग में वृद्धि देखी गई। पिछले तिमाही (29प्रतिशत) की तरह इस तिमाही (33प्रतिशत) में पायथन, सी ++, रूबी और जावास्क्रिप्ट के कौशल, नियोक्ताओं द्वारा सबसे वांछित तकनीकी कौशल बने हुए हैं।

# मेवात जिले में हीट वेव को लेकर स्वास्थ्य विभाग गंभीर, गर्मी से लोग तिलमिलाए

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**भीषण** गर्मी में लोगों का घर से निकलना दुश्वार हो गया है तो वहीं गर्मी से बचने के लिए घरों में छुपे हुए हैं। नूंह स्वास्थ्य विभाग ने हीट वेव देखते हुए जिले के अस्पतालों में उपचार के इंतजाम पूरे कर लिए हैं।

बता दें कि स्वास्थ विभाग अस्पताल में 3 वार्ड बनाए हैं, एसी - पानी, दवाइयां का इंतजाम किया गया है। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. आशीष ने बताया कि जिले के

### विभान ने जिले के अस्पतालों में उपचार के किए पूरे इंतजाम

पीएसी सीएचसी अस्पतालों में भी इंतजाम के करने के दिशा-निर्देश दे दिए हैं ताकि हीट वेव के मरीजों का समय पर इलाज हो ओर उनकी जान बचाई जा सके।

कहा कि गर्मी के मौसम में जिलेवासियों को अपने स्वास्थ्य और अपने बच्चे का खास ध्यान रखना चाहिए। मई और तापमान की



जुगलबंदी के बीच भीषण गर्मी सितम ढा रही है। ऐसा लग रहा है सूरज इस बार गर्मी के सारे रिकॉर्ड तोड़ने को आतुर है। पिछले कई दिनों से पारा 45 डिग्री को पार कर रहा है। यह मौसम लोगों की परेशानी और बढ़ा देता है। गर्मी से सिर दर्द, चक्कर, हैजा, उल्टी और भूख की कमी आदि तरह-तरह की परेशानी होती हैं।

गर्मी से बचाव करने के लिए नारियल पानी, लस्सी, शिकंजी ठंडे पेय पदार्थों का सेवन करें घर से बाहर न निकलें। जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकलें, गर्मी से बचाव के लिए ठंडी जगह पर रहे। इन दिनों धूप बहुत ज्यादा है तो यात्रा करने से बचें। तबीयत खराब होने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर डॉक्टर की सलाह से अपना उपचार कराएं।

डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. आशीष ने कहा है कि सभी अस्पतालों में सुविधाओं के दिशा निर्देश दे दिए गए हैं भीषण गर्मी को लेकर ग्रामीणों से जब बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि सूरज आग उगल रहा है गर्मी ज्यादा पड़ रही है गर्म हवाएं चल रही हैं, ऐसे में हम घरों से कम निकल रहे हैं और गन्ने का जूस लस्सी आदि का सेवन कर रहे हैं ।

# परिवार पहचान पत्र नहीं होने से बच्चों को नहीं मिल रहा स्कूलों में प्रवेश

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**क्षेत्र** में रह रहे प्रवासी मजदूरों के पास परिवार पहचान पत्र नहीं होने के चलते उनके बच्चों को स्कूलों में प्रवेश नहीं मिल रहा है। प्रवेश नहीं मिलने के चलते यह प्रवासी मजदूर अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

तावडू शहर की एक बस्ती में रहने वाली प्रवासी महिला सोमवती, सरोज, बबीता, सुमन और बीरमति ने बताया कि जब भी वह अपने बच्चों के लेकर सरकारी स्कूलों में जाते हैं तो उनसे सबसे पहले परिवार पहचान पत्र मांगा जाता है। परिवार पहचान पत्र नहीं होने के कारण उन्हें वापस घर भेज दिया जाता है। उन्हें अपने



तावडू में प्रवासी मजदूर अपने बच्चों के साथ।

बच्चों के भविष्य की चिंता सताने लगी है। उन्होंने कहा कि प्राइवेट स्कूलों में वह अपने बच्चों को पढ़ा नहीं सकते। प्राइवेट स्कूलों की फीस भरने की वह स्थिति में वह नहीं है।

बता दें कि तावडू क्षेत्र में बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश से आए हुए प्रवासी मजदूरों के परिवार हैं जो रोजी-रोटी की तलाश में यहां आकर बसे हुए हैं। इन परिवारों में से अधिकतर के पास परिवार पहचान पत्र नहीं है। इसबारे में जब कई सरकारी स्कूलों के मुखियाओं से बात की तो उन्होंने बताया कि जब तक छात्रों का रिकार्ड आनलाइन पोर्टल पर अपलोड नहीं होगा उन्हें सरकारी स्कूल का छात्र नहीं माना जाएगा। और न ही उन्हें सरकार द्वारा दी जाने वाली मुफ्त वर्दी व छात्रवृत्ति की सुविधा मिलेगी। अभी केवल छात्रों के दाखिले के लिए दाखिले फार्म भरकर जमा किए जा रहे हैं।

इस बारे में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी मुकेश यादव का कहना है कि जिले के सभी राजकीय विद्यालय के मुखियाओं को प्रोविजनल दाखिले देने के निर्देश दिए जा चुके हैं। परिवार पहचान पत्र संबंधित परेशानी का निवारण होते ही छात्रों को स्थाई दाखिले के साथ सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ मिलने लगेगा।

# 32 ठिकानों पर बिजली विभाग की छापेमारी

ललित गर्ग। पुन्हाना

**बिजली** विभाग के एसडीओ अशोक कुमार के नेतृत्व में शनिवार को स्पेशल बिजली चोरी पकड़ो अभियान चलाया गया। दिन निकलने से पूर्व शुरू किये अभियान में कुल 32 निजी अस्पताल, दुकान व मकानों आदि ठिकानों पर छापेमारी की गई। जिनमें लगभग 11 ठिकानों पर बिजली चोरी होती पाई गई। जिनमें अधिकांश व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर बिजली चोरी मिली। जिन पर लगभग सोलह लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

एसडीओ अशोक कुमार ने बताया कि प्रदेश भर में बिजली चोरी रोकने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को स्पेशल बिजली चोरी पकड़ो अभियान चलाया गया। जिसमें उनके अपने स्टाफ की टीम के अलावा विजिलेंस रिकवरी टीम व

### 11 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी, बसूला सोलह लाख का जुर्माना

पुलिस टीम के साथ छापेमारी अभियान चलाया गया। एसडीओ अशोक कुमार ने बताया कि शनिवार के दिन कुल 32 ठिकानों पर छापेमारी की गई। जिनमें कुल 11 ठिकानों पर बिजली चोरी पाई गई। जिनमें मुख्यत: निजी अस्पतालों में सबसे अधिक बिजली चोरी होना पाया गया। इसके अलावा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान व घरों में बिजली चोरी मिली। जिन पर करीबन सोलह लाख रुपये बिजली चोरी का जुर्माना लगाया गया है। एसडीओ ने बताया कि यूं तो शहर व गांवों में लगातार बिजली चोरी पकड़ो अभियान चलाया जा रहा है।

# मानव सेवा समिति शुरू करेगी सेवा प्रोजेक्ट



विधायक नरेंद्र गुप्ता का स्वागत करते मानव सेवा समिति के सदस्य।

**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति की कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को समिति के मुख्य सलाहकार प्रेम पसरीजा के सेक्टर-15 स्थित निवास पर आयोजित की गई। जिसमें कार्यकारिणी के 48 सदस्यों के साथ-साथ विधायक नरेंद्र गुप्ता ने भी भाग लेकर मीटिंग एजेंडे पर अपने विचार, सुझाव प्रकट किए।

समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, महासचिव सुरेन्द्र जग्गा ने बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया है कि फरीदाबाद के सभी 45 वार्डों में जरूरतमंद भाई-बहनों की सहायता के लिए सेवा प्रोजेक्ट शुरू किए जाएंगे। 29 मई को कई संस्थाओं के साथ मिलकर मानव भवन सेक्टर 10 पर रक्तदान शिविर, 10 जून को निर्जला एकादशी पर ठंडे मीठे पानी की छबील, पूरे जुलाई महीने में हरित-फरीदाबाद अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम, 15 अगस्त को परिवार मिलन व प्रतिभा सम्मान

### देवउठनी एकादशी को होगा सामूहिक विवाह

समारोह, शिक्षक दिवस 5 सितंबर को सरकारी स्कूलों के कर्मठ व निष्ठावान अध्यापकों का शिक्षक गौरव सम्मान समारोह, अक्टूबर में मानव परिवार का भारत भ्रमण कार्यक्रम, नवंबर में देवउठनी एकादशी को जरूरतमंद कन्याओं का सामूहिक विवाह व 24 दिसंबर से नौ दिवसीय राम कथा का आयोजन किया जाएगा। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने समिति के उद्देश्य व कार्यों की सराहना करते हुए समिति को अपनी ओर से पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। समिति के चेयरमैन अरुण बजाज, मुख्य सलाहकार प्रेम पसरीजा, चेयरमैन प्रोजेक्ट अमर बंसल, महिला सेल चेयरमैन उषाकिरण शर्मा ने विधायक नरेंद्र गुप्ता को शाल पहनाकर, स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत सत्कार किया।

# मंत्री के दफ्तर पर प्रदर्शन करने पहुंचे कर्मचारी

### मूलचंद शर्मा के कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए निगम कर्मचारियों ने ज्ञापन सोपा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**संघ** के राज्यव्यापी आंदोलन के तहत नगर निगम कर्मचारियों ने सेक्टर 2 मार्केट में एकत्रित होकर रोडवेज मंत्री मूलचंद शर्मा के कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सोपा। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कर्मचारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि में मुख्यमंत्री से बात कर मांगो का समाधान करवाने का ठोस प्रयत्न करुंगा। प्रदर्शन की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के जिला कार्यकारी प्रधान रघुबीर चौटाला ने की। इस अवसर पर जिला सचिव बलवीर सिंह बालगोहेर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, उप प्रधान कमला व उपमहासचिव सुनील चिंडालिया ने आंदोलन की घोषणा करते हुए बताया कहा कि 17-18 मई को सभी पालिकाओं, परिषदों व नगर निगमों में क्रमिक भूख हड़ताल की जाएगी। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि इसके बावजूद सरकार ने कर्मचारियों



मंत्री कार्यालय पर पहुंचे कर्मचारियों को समझाते मूलचंद शर्मा।

की लंबित मांगों को गंभीरता से नहीं लिया तो 23-24 मई को दो दिवसीय टूल डाउन, पैन डाउन हड़ताल की जाएगी।

नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के जिला वरिष्ठ उप प्रधान रघुवीर चौटाला, सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरचरण खांडिया, सीवर मैन यूनियन के प्रधान अनूप चिंडालिया, बेलदार यूनियन के प्रधान शहाबुद्दीन, इलेक्ट्रिशियन यूनियन के प्रधान मनोज शर्मा, वाटर सप्लाई यूनियन के प्रधान देवी सिंह, ड्राइवर यूनियन के प्रधान परस राम आधाना, वेद भड़ाना, कार्यालय विंग के प्रधान रंजीत शुक्ला, सैनिटेशन यूनियन के प्रधान शिवकुमार ने कहा कि प्रशासन अपनी विफलताओं को छुपाने एवं निगम में फैले भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए निगम के छोटे कर्मचारियों पर उत्पीड़नात्मक कार्रवाई कर आंदोलन के लिए भड़का रहा है। उन्होंने कहा कि 2018 से 2022 तक सेवानिवृत्त एवं मृतक कर्मचारियों का जीपीएफ, लिव-इन कैशमेंट,पेंशन एवं अन्य राशि का भुगतान नहीं किया गया है वहीं निगम के आउटसोर्सिंग पार्ट वन के कर्मचारियों को पिछले तीन महीने से वेतन नहीं दिया गया है, सरकार द्वारा गेहूं खरीदने के लिए भी अभी तक गेहूं ऋण भी नहीं दिया है।

कर्मचारियों के मैरिज लोन, शिक्ष्ज्जा भत्ता, एसीपी एरियर एवं पदोन्नति के मामले भी लंबित है, निगम आयुक्त कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने की बजाय अन्य कार्यों में व्यस्त हैं। प्रदर्शन को अन्य के अलावा कर्मी नेता राम रतन, कृष्ण चिंडालिया, प्रेमपाल, शक्ति सिंह, मोरिया, सुदेश, दर्शन सिंह सोया, महिला नेता सत्तो, सुरेश, कमलेश, ललिता, माया, राजबाला, शकुंतला आदि ने संबोधित किया।

# उन्नत भारत अभियान टीम ने सोतई गांव से विकिरण जांच के लिए नमूने एकत्रित किए

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की एक टीम ने उन्नत भारत अभियान के तहत गोद लिए गए गांव सोतई का दौरा किया। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत के मार्गदर्शन में सोतई गांव की यूबीए सदस्य पूजा और महाविद्यालय के 4 विद्यार्थियों की टीम (शुभम, शीतल, सुरभी और प्रियंका) ने सरकारी उच्च विद्यालय सोतई के विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों को पीने योग्य जल, मृदा की उर्वरा शक्ति तथा विकिरण के प्रभावों से अवगत कराया।

उन्होंने अपने व्याख्यान में भूमि तथा पानी में उपस्थित विकिरण की मात्रा के विषय में भी बताया कि किस प्रकार ये विकिरण हमारी जीवन शैली को प्रभावित करती है तथा किस प्रकार प्रदूषण व विकिरण के हानिकारक प्रभावों से कैसे बचा जा सकता है। इसके बाद महाविद्यालय के विद्यार्थियों की टीम ने पानी व मिट्टी के कुछ नमूने एकत्रित किए। कुछ मापदंड को विद्यार्थियों के साथ स्कूल प्रांगण में ही टेस्ट किया गया तथा एकत्रित किए नमूने के कुछ मापदंडों के परीक्षण के लिए उन्हें महाविद्यालय की अनुसंधान प्रयोगशाला में लाया गया।

# गोकशी करने वालों पर 51 हजार का जुर्माना और बताने वाले को 5100 रुपये का इनाम

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**गोहत्या** रोकने को लेकर शनिवार को शाह चोखा गांव में छह गांवों के प्रमुख लोगों की पंचायत आयोजित की गई। जिसमें औथा, फलेंडी, मुंढेता, शाह चोखा और हिंगनपुर के प्रमुख लोगों ने भाग लिया। गोकशी और सामाजिक बुराइयों को रोकने के लिए 31 सदस्य कमेठी का गठन किया गया।

पंचायत ने गोकशी को लेकर कई कड़े फैसले लिए, जिसका प्रस्ताव पारित किया गया। गोकशी करने वालों पर 51 हजार का जुर्माना अदा करना होगा वहीं गोकशी की सूचना देने वाले को 5100 रुपये का इनाम दिया जाएगा। पंचायत के लोगों ने कहा फैसला कड़ाई से लगा किया जाएगा और गोकशी के नाम पर किसी भी कीमत पर मेवात का भाईचारा टूटने नहीं दिया जाएगा। चौधरी इदरीस फलेंडी, एडवोकेट गुलाम नबी, हकीम आस मोहम्मद का कहना है कि जिस कार्य से दूसरे



गो हत्या को लेकर मुस्लिम समाज पंचायत करते हुए।

### पंचायत का फैसला किसी भी कीमत पर मेवात का भाईचारा टूटने नहीं दिया जाएगा

मजहब के व्यक्ति की भावनाएं आहत होती हों और उसे ठेस पहुंचती हो ऐसा कार्य करने की इस्लाम धर्म में मनाही है। उनका कहना है कि गोरक्षक दल के लोग हों या फिर गोहत्या करने वालों की वजह से मेवात के आपसी हिन्दू मुस्लिम भाईचारा बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा आज पंचायत ने जो फैसले लिए हैं उनको कड़ाई से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा गोहत्या करने वालों पर 51 हजार रुपये का आर्थिक जुर्माना लगाया गया है जबकि इसकी सूचना देने वाले को 5100 रुपये बतौर इनाम दिया जाएगा। पंचायत में गोकशी के खिलाफ हुई पंचायत के फैसले का मौजूद लोगों ने हाथ उठाकर समर्थन किया।

# पंजाबी वाड़ा में 87 लाख की लागत से सीवर और पानी के कार्य शुरू

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कैबिनेट** मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ के पंजाबी वाड़ा को नाली मुक्त बनाने के कार्य का शुभारंभ करते हुए कहा कि अब पंजाबी वाड़ा नाली मुक्त होगा, यहां पर आधुनिक तकनीकी से सिवरेज व्यवस्था तथा स्वच्छ पेयजल सप्लाई की लाइनें डाली जाएगी। प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने शनिवार को करीब 87 लाख की लागत से सीवर और पानी के कार्य की शुरुआत करके स्थानीय लोगों के हाथों नारियल तुड़वाकर कर कार्य का मुहूर्त किया। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम से पहले सीवर लाइन डालने के कार्य को पूरा किया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में और मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश में लोगों के लिए चहुमुखी विकास कार्यों की सौगात दे रहे हैं। देश और प्रदेश के हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। लोगों की मूलभूत जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के सहयोग से बल्लभगढ़ में भी चहुमुखी विकास कार्य तेज गति से करने का प्रयत्न किया जा रहा है। आपकों बता दें पंजाबी वाड़ा के लोगों में करीब 50 साल पुरानी सीवर लाइन को बदले जाने से स्थानीय लोगों में खुशी की लहर



कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा पंजाबी वाड़ा में सीवरेज व्यवस्था का शुभारंभ करते हुए साथ में है गणमान्य नागरिक।

देखने को मिली। लोगों ने परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा का आभार जता कर तहेदिल से शुक्रिया अदा किया। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने भी स्थानीय लोगों को आश्वासन देकर कहा कि बल्लभगढ़ शहर में विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। यमुना से मीठे रैनीवेल के पानी की सप्लाई बल्लभगढ़ में की जा रही है। जरूरत पड़ेगी तो और भी पानी की क्षमता बढ़ाएगे। उन्होंने कहा कि पंजाबी वाड़ा के बाद ब्रह्मणवाड़ा को भी नाली मुक्त किया जाएगा। मौके पर भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, निवर्तमान पार्षद दीपक यादव, पारस जैन, लखन बैनीवाल, राहुल गोयल, महेश गोयल, मास्टर तेजपाल, हरिचंद छाबड़ा, बॉबी अरोड़ा, अनिल कालरा, सीपी धवन, राजपाल आर्य, सोनू ठुकराल, प्रताप भाटी, पुरनलाल शर्मा, अभिषेक दीक्षित, सुषमा यादव बिल्लू पहलवान, योगेश मंगला सहित कालोनी के लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सरदार हरपाल सिंह चीका का नूंह पहुंचने पर किया स्वागत



सरदार हरपाल सिंह चीका का स्वागत करते मंडलाध्यक्ष हेमराज शर्मा व किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रमेश मानूवास।

**नूंह।** शनिवार को सरदार हरपाल सिंह चीका राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन सुगरमिल का पार्टी के आठ वर्ष 100 से सम्पर्क अभियान के अंतर्गत नूंह (मेवात) में आगमन हुआ। जिनका नूंह भाजपा मंडलाध्यक्ष हेमराज शर्मा ने अपने ऑफिस पर क्षेत्र के किसानों के साथ फूलमालाओं से स्वागत किया। इसके बाद चीका का सरदार जीएस मालिक के स्कूल एसजीएमएस नूंह पर स्वागत किया। सरदार हरपाल सिंह से नूंह भाजपा मण्डल अध्यक्ष ने अपनी बात रखते हुए कहा कि सरकार द्वारा किसानों को मिलने वाली हर प्रकार की योजनाओं पर सही रूप से सब्सिडी दिलाई जाए जिस पर सभी ने अपनी सहमति जताई। इसी बात पर चीका द्वारा आश्वासन दिलाया कि मेवात में सरकार द्वारा मिलने वाली सब्सिडी उन्ही इम्प्लीमेंट पर दिलाई जाएगी जिनका प्रयोग मेवात में किया जाता है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष नरेन्द्र पटेल, भानीराम मंगला पूर्व चैयरमेन गौसेवा आयोग हरियाणा, सरदार जीएस मलिक समाजसेवी एवं डायरेक्टर एसजीएसएम पब्लिक स्कूल नूंह, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ सुरेश बघेल, रमेश मानुवास जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा, मंजूर इलाही जिला महामंत्री किसान मोर्चा, ईशु रजा, मोहमद जैद जिला महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा, संजय मनोचा पार्षद, कमल गोयल पार्षद, कृष्ण बघेल, सत्य प्रकाश जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा एवं अन्य कार्यकर्ता व किसान मौजूद रहे।

### नेशनल लोक अदालत में आपसी रजामंदी से हुआ केसों का निपटारा



**नूंह।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार को जिला न्यायिक परिसर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष डालसा संदीप गर्ग की अध्यक्षता व सीजेएम एवं डालसा सचिव प्रतीक जैन की देखरेख में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अदालत में वाहन दुर्घटना, मुआवजा केस, मजदूरी, विवाद, दीवानी मामले जैसे बैंक ऋण, राजस्व, नौकरी, बच्चों व पत्नी के लिए भरण-पोषण विवाद, वैवाहिक मामले, जमीन अधिग्रहण, मुआवजा से संबंधित मामलों, बिजली-पानी बिल मामलों व चेक बाउंस आदि से संबंधित मामलों का आपसी समझौते व सुलह के आधार पर निपटारा किया गया। अध्यक्ष डालसा संदीप गर्ग ने कहा कि लोक अदालत आपसी समझौते के आधार पर मामलों का निपटारा करवाने का सशक्त माध्यम है। इसके माध्यम से केसों का निपटारा जल्द होता है और फरियादी को सस्ता एवं सुलभ न्याय मिलता है। लोक अदालत के माध्यम से निपटाए गए मामलों में भविष्य में कोई अपील व पुनरीक्षण दायर नहीं की जा सकती, जिससे समय व धन दोनों की ही बचत होती है। शनिवार को उपमंडल फिरोज पुर झिरका न्यायिक परिसर में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। सीजेएम एवं डालसा सचिव प्रतीक जैन ने कहा कि लोक अदालत को आयोजन करने का मकसद लोगों को जल्द न्याय दिलवाना होता है। इससे उनके समय और पैसे की बचत होती है। दूसरी ओर अदालतों में केसों के पेंडेंसी रेट में भी कमी आती है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के फैसले अंतिम होते हैं और उनकी कोई अपील नहीं होती।

### रविंद्र फागना ने 7 विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** 8वें अंडर 16 नाइट मेंटोर कप का फाइनल मैच स्पोर्ट्स लैंड क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड फरीदाबाद में खेला गया। मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने वर्षा क्रिकेट अकादमी को सात विकेट से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि मैच 20-20 ओवर का था और वर्षा क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए ओवर 20 में आठ विकेट पर 107 रन बनाए टीम की ओर बल्लेबाजी करते हुए निखिल ने 39 रन, जतिन ने 19 रन, विजय ने 16 रन, सुनील ने 13 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए समीर खान ने 3 विकेट, युवराज और आशीष, यश और ऋषभ ने एक-एक विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने 17.3 ओवर में तीन विकेट पर 108 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए कुणाल कौशिक ने 34 रन, यश अधाना ने 33 रन, समीर खान ने 28 रन बनाए। वर्षा क्रिकेट अकादमी टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए विजय ने 2 विकेट, आदित्य ने एक विकेट ली। मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार समीर खान को दिया गया।

### कृषि मंत्री दलाल आज बिस्सर अकबरपुर में जल संचय केंद्र का करेंगे उद्घाटन

**नूंह।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल 15 मई को सुबह 11 बजे कामधेनु आरोग्य संस्थान एवं गोधाम बिस्सर अकबरपुर गांव नजदीक तावडू में जल संचय केंद्र का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर विजय देव, चुनाव आयुक्त, दिल्ली में नियुक्ति पर अभिनन्दन समारोह का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर सुधांशु पांडे, सचिव उपभोक्ता मामले राजेश कुमार चतुर्वेदी, सचिव, उर्वरक व रसायन, प्रसिद्ध फिल्म निर्माता एवं निर्देशक केसी बोकाड़िया, यशपाल सिंघल, पूर्व महानिदेशक हरियाणा पुलिस, योगेश चन्द्र मोदी, पूर्व डीजीएन आइए केबी अग्रवाल अन्य गणमान्य उपस्थित रहेंगे। कामधेनु संस्थान के संस्थापक एवं चेयरमैन डॉ. एसपी गुप्ता ने बताया कि संस्थान में सेवार्षिकोत्सव एवं प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र के उद्घाट्न समारोह में गो भक्त और क्षेत्रीय नागरिक शामिल रहेंगे।

## पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Awadh Pratap Narayan Singh S/o Late Sh R.P. Singh R/o 102 OAK, Tower-6, Omaxe Forest Spa, Surajkund Road, Faridabad have changed my minor son name Akkash Pratap Singh to Aryavardhan Singh Somvanshi

I, Anikat S/o Har Prasad Saini R/o H. No. D-522, Ajronda, Sector-15A, Faridabad have changed my name to Aniket Saini.

◆ खोया-पाया ◆

I Hasnen Khan S/o Yasin Khan have changed my name to Hasnain Khan in my original qualifying examination certificate of secondary examination of year 2020 and Roll No 14222479 issued by CBSE

◆ बेदखली सूचना ◆

मैं, सुनीता रानी पत्नी श्री राम फल निवासी वार्ड नं०-7 असंघ तहसील असंघ जिला करनाल ने अपने सगे पुत्र भुपिन्द्र पाल व उसकी पत्नी कायां एवं मेरे पोते युधराक्ष को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं। भविष्य में इनसे से लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# वैवाहिक बलात्कार
## मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**हिंदू** विवाह संस्था का विकास शताब्दियों में हुआ है। इसलिए उसके मूल्य व स्वरूप स्थाई नहीं हैं। इसी कारण वे अब समाप्त भी किए जा सकते हैं। इन दोनों तथ्यों का अर्थ है कि विवाह संस्थान पत्थर पर खिंची लकीर नहीं है और पहले की तरह वह आज भी लगातार बदल रहा है। अपने बीच संबंधों तथा परस्पर सम्मान के मामले में दोनों साझीदारों की स्थिति समान है। संस्थान के विकास का प्रमाण है कि अब लिव-इन संबंधों, अंतर-धार्मिक विवाहों, प्रेम विवाहों, अंतर-जातीय विवाहों तथा समान-लिंग विवाहों की घटनायें सामने आ रही हैं। ये सभी प्रवृत्तियां उन पितृसत्तात्मक मूल्यों के विरोध में हैं जो परंपरागत रूप से हिंदू विवाहों पर हावी रहे हैं। आज इन सारी अवधारणाओं को कानून के अंतर्गत संरक्षण प्राप्त है। यहां तक कि कानून पंजीकृत विवाह को भी अनुमति देता है। आर्य समाज विवाह की ऐसी व्यवस्था का समर्थन करता है जो परंपराओं, पृथाओं, जाति व पितृसत्ता जैसे कट्टरपंथी मूल्यों को अस्वीकार करती है। शिक्षित, आर्थिक रूप से स्वतंत्र तथा उदारवादी सोच वाली महिलायें व पुरुष स्वयं तय करते हैं कि उनको कब और किससे विवाह करना है। हालांकि, विवाह संस्था तथा उसमें शामिल होने वाले लोगों के बीच हितों का टकराव भी है। अधिकाधिक लोग, खासकर महिलायें संस्थान के कारण अपने अधिकारों में कमी के खिलाफ आवाज उठा रही हैं। वे विवाह का



चरित्र स्वयं परिभाषित किए जा सकने वाले मूल्यों के आधार पर करना चाहते हैं। इसलिए सवाल यह है क्या यौन संबंध के मुद्दे पर वैवाहिक विवाद हो सकता है? क्या कानून को विवाह संस्था में आधे से अधिक युगलों के अधिकारों व पसंद के अधिकार को सुरक्षा देनी चाहिए जिनको संस्थान में व्याप्त तानाशाही के कारण अनदेखा किया जाता है? दिल्ली उच्च न्यायालय ने वैवाहिक बलात्कार के अपराधीकरण के मुद्दे पर परस्पर विरोधी फैसला दिया है।

भारतीय दंड संहिता की धारा 375 का अपवाद 2 विवाद का विषय है जिसके अंतर्गत यदि पत्नी नाबालिग न हो तो पति द्वारा पत्नी से बिना उसकी सहमति के जबरन सेक्स बलात्कार नहीं माना जाएगा। यदि पत्नी व पति कानून की नजरों में समान हैं तो यह उल्टा प्राविधान क्यों है जिसके चलते बिना सहमति के भी पति अपनी पत्नी से यौन संबंध स्थापित कर सकता है? तथ्य यह है कि अपवाद एकपक्षीय है और पितृसत्तात्मक पूर्वाग्रह स्पष्ट करता है। इससे यह तर्क भी सामने आता है कि समाज में अपवाद 2 का कोई स्थान नहीं होना चाहिए क्योंकि अन्य सारी चीजों के अलावा यह महिला के अपने शरीर पर अधिकार का उल्लंघन करता है। सामाजिक मानक के रूप में यह अपवाद महिला के सहमति के अधिकार का अपमान करता है। लेकिन इस दृष्टिकोण पर अलग- अलग राय रखने वाले न्यायाधीशों ने याचिकाकर्ताओं को सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने की अनुमति दी है। यह स्वागत योग्य है। वर्तमान समय में समाज और उसके कानूनों को महिलाओं व पुरुषों की समानता का सम्मान करना और उसे सुरक्षा देनी चाहिए। महिलाओं को दबाने वाले पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण के चलते शताब्दियों से उनके अधिकारों व पसंद को कुचला जा रहा है। ऐसे में समाज और कानून पर अतिरिक्त जिम्मेदारी है कि उनके अधिकारों को बहाल करें। एक समय महिलायें अपने पति का चयन 'स्वयंवर' के माध्यम से करती थीं, लेकिन बाद में उनकी परंपरागत स्वतंत्रता छीन ली गई और उनको पुरुष संरक्षण के आधीन कर दिया गया। वर्तमान समय में महिलायें अपना खोया हुआ दर्जा वापस पाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। लेकिन उनको बताया जा रहा है कि विवाह का अर्थ उनको अपने पति द्वारा जबरन यौन संबंध को बर्दाश्त करने की जिम्मेदारी भी है। इस दृष्टिकोण पर स्वाभाविक रूप से सवाल उठ रहे हैं?

# न्यायिक प्रक्रिया को भी नई दिशा देने की जरूरत

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सरकार ही सबसे बड़ी मुकदमेबाज है, इसलिए वह कोर्ट के आदेशों को वर्षो तक लागू नहीं करने के कारण अवमानना का मुकदमा बढ़ाने से एक नई श्रेणी तैयार होती है।



**निशिकांत ठाकुर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक हैं)



किसी विषय पर जनहित के लिए सर्वसम्मत मत बनाने के लिए जिस प्रकार के मंथन का नियम भारतीय संविधान के तहत संसद के दोनों सदनों में होता है, उसका उससे श्रेष्ठतम उदाहरण देश में दूसरा नहीं मिल सकता। संसद द्वारा देश के लिए जो भी कानून बनाए जाते हैं, उसमें हिस्सा लेने का, उस पर अपना मंतव्य देने का अधिकार प्रत्येक सांसद को है। इस संविधान को उस समय बनाया गया था जब सड़क, रेल, फोन आदि का विकास नहीं हुआ था, लेकिन संविधान सभा के सदस्यों ने एक—एक नागरिक, एक— एक स्थान और उनकी हर समस्या को समझा। फिर उनका निदान किस तरह हो, इस पर विचार मंथन का प्रावधान किया। इन्हीं सब खूबसूरती के कारण हमारे देश का उज्जवल विकास होता जा रहा है और हम गर्व से कहते हैं कि हमने आजादी के बाद से बहुत कुछ पाया है। यह भी सही है कि लूटने वालों ने हमें जी भरकर लूटा, लेकिन भारतीय भंडार खाली नहीं हो सका। हमारे देश में हर सुख-दुख को मिल—बैठकर उस पर पहले मनन करते हैं, विचार—विमर्श करते हैं, फिर अच्छा-बुरा का भेद करके देश के कोने—कोने में उसे पहुंचते हैं। कहते हैं जब तक जमीन समतल नहीं होगी, उसके हर कोने में सामान्य रूप से पानी नहीं पहुंचाया जा सकता और परिणाम स्वरूप फसल भी एक जैसी नहीं होगी। इसलिए जो भी सरकारें आजादी के बाद आईं, सबने इन्हीं नियमों का पालन उन्नीस-बीस करके किया, जन-जन को एक माला में तरह-तरह के फूलों से गूंथने का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।

पिछले सप्ताह नई दिल्ली में आयोजित राज्यों के मुख्यमंत्री और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों के संयुक्त सम्मेलन के दौरान भारत के प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिस्सा लेकर देश को नई दिशा देने के लिए गंभीर विषय पर चिंतन-मनन किया है। अपने भारत में यह भी कहा जाता है कि समुद्र मंथन के कारण ही अमृत प्राप्त हुआ था। जिस विषय पर यह मंथन आयोजित था, वह गुलामी काल का अति गंभीर विषय था। विषय था— न्याय आम जनता की भाषा में होना चाहिए। सच में अपने यहां यदि किसी व्यक्ति को फांसी की सजा भी दी जाती है तो यह बात उसके वकील द्वारा बताई जाती है। फांसी पर झूलने जा रहे शख्स को यह बात समझ में नहीं आई होती है कि किन परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर उसे इस तरह की सजा दी गई है। इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि किसी भी देश में सुराज का आधार न्याय होता है, इसलिए न्याय जनता से जुड़ा होना चाहिए, जनता की भाषा में होना चाहिए। जब तक न्याय के आधार को सामान्य मानव नहीं समझता, उसके लिए न्याय और राजकीय आदेश में फर्क नहीं होता। प्रधानमंत्री ने कहा कि अदालतों को स्थानीय भाषाओं को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है; क्योंकि इससे आम आदमी का न्याय प्रणाली पर भरोसा बढ़ता है। प्रधानमंत्री का यह कहना कि न्याय त्वरित, सुलभ के साथ-साथ सबके लिए होना चाहिए, आमजन की सोच के लिए हृदय स्पर्शी है। रही न्याय पर आमजन के भरोसे की बात, तो सच तो यह है कि एक अति साधारण व्यक्ति भी यदि नौकरशाही के फंदे में फंस जाता है या बाहुबलियों के जुल्म-ओ—सितम से आक्रांतित होता है। वह केवल यही चुनौती देता है कि %हम न्याय पर भरोसा करते हैं, इसलिए अदालत में ही देख लेंगे।% इस सम्मेलन का परिणाम यह हुआ कि वर्ष 1968 में स्थापित विधि साहित्य प्रकाशन का काम सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट द्वारा दिए गए फैसलों को हिंदी अनुवाद करना है । अभी तक पचास हजार फैसले अनुवादित कर दिए गए हैं ।

देश के प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण ने स्पष्ट किया कि न्यायपालिका कभी शासन के रास्ते में आड़े नहीं आएगी, लेकिन अगर वह नियमानुसार अर्थात कानून के अनुसार हो तभी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सरकार ही सबसे बड़ी मुकदमेबाज है, इसलिए वह कोर्ट के आदेशों को वर्षो तक लागू नहीं करने के कारण अवमानना का मुकदमा बढ़ाने से एक नई श्रेणी तैयार होती है। कोर्ट का आदेश होने के बावजूद कदम न उठाना लोकतंत्र लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने अदालतों में लगे मुकदमों के ढेर के कुछ कारण भी गिनाए। इसका उदाहरण देते हुए बताया कि अगर तहसीलदार जमीन के सर्वे या राशन कार्ड के बारे में किसान की शिकायत पर कार्रवाई करे, तो किसान कोर्ट क्यों आएगा? अगर ग्राम पंचायत और नगर निगम ठीक से काम करे, तो नागरिक अदालत की और क्यों देखेंगे? अगर राजस्व विभाग कानून का पालन करते हुए जमीन अधिग्रहीत करे, तो मुकदमों का बोझ नहीं होगा। मुकदमों का अधिकांश प्रतिशत इसी तरह का है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यायिक प्रणाली में तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल का जिक्र करते हुए कहा ई-कोर्ट परियोजना मिशन मोड में लागू हो रही है। न्यायपालिका में तकनीकी समग्रता और डिजिटलाइजेशन का काम तेजी से आगे बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने न्यायाधीशों और मुख्यमंत्रियों से इस अभियान को विशेष महत्व देने का आग्रह भी किया। प्रधानमंत्री ने जेल में बंद साढ़े तीन लाख विचाराधीन कैदियों की जमानत पर विचार करने का भी अनुरोध करते हुए कहा कि इनमें से अधिकांश गरीब या सामान्य परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि देश के हर जिलों में जिला जज की अध्यक्षता में एक कमेटी हो, ताकि इन सबके मामले की समीक्षा हो सके। साथ ही उन्होंने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों और मुख्यमंत्रियों से आग्रह किया कि मानवीय आधार और कानून को देखते हुए अगर संभव हो तो इसे वरीयता दी जाए।

भारत के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण ने न्याय प्रणाली के भारतीयकरण पर जोर देते हुए उच्च न्यायालय में स्थानीय भाषाओं में कार्यवाही की जरूरत बताई। चीफ जस्टिस ने कहा कि उन्हें उच्च न्यायालयों में स्थानीय भाषाओं में कार्यवाही के संबंध में कई ज्ञापन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता कि अब समय आ गया है जब इस मांग पर विचार किया जाए और इसे तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचाया जाए। इस पर प्रधानमंत्री ने प्रधान न्यायाधीश के इस स्थानीय भाषा में निर्णय देने की बात की सराहना की। उन्होंने भारत के मुख्य न्यायाधीश की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुझे अच्छा लगा कि उन्होंने स्वयं इस विषय को चुना। प्रधानमंत्री ने इस मामले पर सरकारी प्रयासों के बारे में कहा कि कानूनी भाषा को सरल बनाने की जरूरत है और उस दिशा में प्रयास करने की जरूरत भी है। इस संदर्भ में उन्होंने एक नई जानकारी दी कि हमारे देश में भी कानून की पूरी शब्दावली हो, जो सामान्य जनमानस के समझ में आने वाली भी हो। यह दोनों बात एक साथ विधानसभाओं और सांसद में पारित हो, ताकि आगे चलकर सामान्य व्यक्ति उसके आधार पर अपनी बात रख सके। प्रधानमंत्री ने बताया कि कई देशों में यह परंपरा है जिसके अध्ययन के लिए भारत ने भी एक समिति बनाई है।

देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी कहते थे कि सरकार अपनी योजना पर पूरा ध्यान देती है, लेकिन उस योजना का लाभ पंक्ति में खड़े आखिरी व्यक्ति तक कितना पहुंचता है, यह जानना महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री की सोच में कोई कमी नहीं है। कमी है तो उस नीयत की, उस आत्मविश्वास की, जिसके बल पर हम कोई भी हितकारी योजना का लाभ पंक्ति में खड़े आखरी व्यक्ति तक कितना अधिक से अधिक पहुंचा पाते हैं। इस सम्मलेन में जो भी बातें हुईं, जो भी योजनाएं बनाने की बात की गई, वह जनहित के लिए श्रेष्ठ सोच है। लेकिन, प्रश्न यह है कि यह योजना कब तक बनकर विधानसभाओं और सांसद से पास होकर कानून बनेगा, फिर कब उस पर अमल होगा। अब तक होता तो यही रहा है कि बिना सजा सुनाए ही वर्षों तक निरपराध सलाखों के अंदर अपनी जिंदगी खत्म कर लेते हैं। जैसा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष ही प्रधानमंत्री ने कहा कि बिना सजा सुनाए लाखों व्यक्तियों के जेल में बंद होना भारतीय न्यायिक व्यवस्था का कितना दुखद पहलू है, इसे दोहराने की जरूरत नहीं। अब तक जो भी होता रहा, उसे यदि हम नजरंदाज कर भी देते हैं तो इस बात की क्या गारंटी होगी कि भविष्य में ऐसा नहीं होगा। यह ठीक है कि भारत एक विशाल देश है। यहां अनेक भाषाएं हैं। जल्दी पुरानी स्थिति को खत्म करके नई स्थिति से कल की शुरुआत करें, ऐसा तो नहीं हो सकता। इसमें समय तो लगेगा ही, लेकिन योजना पहले प्रारंभ तो हो।

एक बड़ी चुनौती वाली बात यह है कि सब कुछ हो जाएगा, लेकिन तब, जब पूरा देश जो चाहेगा। लेकिन, जब तक हमारा समाज शिक्षित नहीं होगा, हम पिछड़े ही रहेंगे और किसी रास्ते पर निर्भिङ्ग होकर आगे नहीं बढ़ सकेंगे। हमारा समाज पूरी तरह शिक्षित नहीं है। हमें सबसे पहले समाज को शिक्षित करना होगा। ऐसा इसलिए माना जाना चाहिए क्योंकि विकसित देशों में इतनी असामानताएं नहीं हैं। भारत आजादी के बाद ही विकसित हुआ है, लेकिन उस अनुपात में नहीं, जैसा कि अमेरिका, जापान जैसे विश्व के विकसित देश हैं। इसके अतिरिक्त विश्व में कई ऐसे देश भी हैं जहां मुफ्त शिक्षा का प्रावधान है। उनका मानना होता है कि जब तक हम शिक्षित नहीं होंगे, हमारा देश विकास नहीं कर पाएगा। अपने भारत के ही कई राज्य ऐसे हैं, जहां शिक्षा शत प्रतिशत है। इसलिए वहां देश का विकास दर भी सबसे अधिक है। हर नागरिक के अतिरिक्त सरकार का ही मुख्य दायित्व कि वह समाज को शिक्षित करे। समाज विकसित होगा तो कानून और व्यवस्था में अपने आप परिवर्तन आ जाएगा। अब देखना है कि भारत सरकार समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से कितनी तेजी से उसके विकास पर ध्यान देती है जिससे समाज में कानून व्यवस्था बिल्कुल नियंत्रित हो जाए।

# कोरोना के बाद अब एंटीबायोटिक प्रतिरोध संकट

**सुजाता शर्मा**
(जीवविज्ञानी प्रोफेसर)



मौजूदा कोविड-19 महामारी की मांगों को ध्यान में रखते हुए, रोगाणुरोधी प्रतिरोध प्रबंधन कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। 11 मार्च, 2020 को, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने सार्स-कोव-2 वायरस के कारण होने वाली बीमारी कोविड-19 को एक महामारी घोषित किया। दो साल बाद भी कोविड महामारी का साया हम पर छाया हुआ है। हालांकि दुनिया महामारी के बाद के चरण में जाने के लिए साहसी प्रयास कर रही है, मगर स्थिति ''एक कदम आगे, दो कदम पीछे'' जैसी है, क्योंकि इस वायरस के नए रूप अभी भी उभर रहे हैं।

कोविड-19 ने जीवन के हर पहलू में मुख्य स्थान ले लिया है। नीति निर्माताओं और चिकित्सा कर्मियों को अभी भी आग से लड़ने और कोविड मामलों की संख्या में कमी, मौतों और टीकाकरण के भीषण कार्य में उलझा पाया गया है। इसलिए, यह पूरी तरह से आश्चर्यजनक नहीं है कि एक और भावी वैश्विक संकट की गहराती छाया पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। रोगाणुओं के कारण रोगाणुरोधी प्रतिरोध - जो अधिकांश दवाओं के प्रतिरोधी बनकर चुपचाप और गुप्त रूप से शक्ति प्राप्त कर रहे हैं - कोविड महामारी के आने से पहले ही एक वैश्विक चिंता थे। यह इस तथ्य से स्पष्ट था कि डब्ल्यूएचओ ने इसे वर्ष 2020 के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए वैश्विक प्राथमिकता के रूप में नामित किया था। रोगाणुरोधी प्रतिरोध स्वाभाविक रूप से होता है, लेकिन एंटीबायोटिक दवाओं के अति प्रयोग, एंटीबायोटिक खुराक का पालन न करने, पर्यावरण में कारखानों और अस्पतालों से अनुपचारित रसायनों की अनुचित डंपिंग , पशुधन को एंटीबायोटिक दवाओं की मनमानी खुराक और फसलों पर कीटनाशकों का अत्यधिक छिड़काव के कारण कई गुना तेजी से बढ़ जाता है।

यह अनुमान लगाया गया था कि दुनिया में एंटीबायोटिक प्रतिरोधी संक्रमणों के कारण हर साल दस लाख से अधिक मौतें हो रही थीं। उम्मीद थी कि वर्ष 2050 तक यह संख्या दस गुना बढ़ जाएगी। इस बात पर पहले से ही सहमति थी कि रोगाणुरोधी प्रतिरोध का टाइम बम टिक टिक कर रहा है, और आसन्न कयामत को फैलने से रोकने के लिए तत्काल, वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता है। इसलिए, तथ्य यह है कि कई बैक्टीरिया पारंपरिक एंटीबायोटिक मोड से बाहर निकल रहे थे, जिसने बुरे दौर वाले सार्स-कोव-2 के प्रकट होने से बहुत पहले खतरे की घंटी बजा दी थी। भविष्य में 'पूर्व-एंटीबायोटिक' युग में आसन्न गोता मारने के डर ने



शोधकर्ताओं को निरंतर एवं प्रतिरोधी जीवाणु संक्रमण के लिए तत्काल व वैकल्पिक दवा चिकित्सा की तलाश करने के लिए मजबूर किया था। यह सुनिश्चित करने के लिए कि जरूरत और मांग के अनुसार संक्रमणों का इलाज किया जा रहा है, एंटीबायोटिक प्रबंधन कार्यक्रम को प्राथमिकता देने के लिए एक वैश्विक प्रयास किया गया था। इस बेचैन करने वाले परिदृश्य के बीच, 2019 में कोविड-19 महामारी आई, जिसने उनके सिर पर सबसे अच्छी तरह से रखी गई योजनाओं को उलट दिया। इसने न केवल जीवन को छीना और अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया, बल्कि रोगाणुरोधी प्रतिरोध का मुकाबला करने के लिए किए जा रहे वैश्विक प्रयासों को भी पटरी से उतार दिया। उग्र महामारी से पैदा हुई दहशत ने कोविड-19 की समय पर और तत्काल प्रतिक्रिया के लिए जनशक्ति और वित्तीय संपत्तियों की योजना और रुख-परिवर्तन को तोड़ फोड़ दिया, जिससे कोविड महामारी से लड़ने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती के कारण प्रयोगशालाओं का उत्पादन कम हो गया। नतीजतन, विभिन्न दबावों के बीच एंटीबायोटिक प्रतिरोध का परीक्षण और निगरानी धीमा हो गई। इस महामारी के अप्रत्याशित रूप से उभरने ने स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को चकित कर दिया था। इससे अस्पताल में भर्ती होने, सुरक्षात्मक उपकरणों की कमी, लंबे समय तक अस्पताल में रहने, मृत्यु दर में वृद्धि और इसके परिणामस्वरूप कोविड रोगियों में सेकेंडरी जीवाणु संक्रमण हुआ। यह अनुमान लगाया गया है कि लगभग 70 प्रतिशत कोविड -19 रोगियों को एंटीबायोटिक चिकित्सा प्राप्त हुई। ज्यादातर मामलों में, कोविड पॉजिटिव रोगियों व अन्य वायरस और बैक्टीरिया के कारण होने वाले निमोनिया के लक्षण एक जैसे पाए गए और जिनमें भेदभाव करना कठिन पाया गया। इसके अलावा, सार्स-कोव-2 से संक्रमित होने से प्रतिरक्षा प्रणाली और कमजोर हो जाती है, जिससे घात लगाए बैक्टीरिया और फंगी या कवक द्वारा संक्रमण का अधिक प्रसार होता है। कई बार, कोविड -19 के परीक्षण में देरी, खासकर जब महामारी आबादी के बीच व्याप्त थी, श्वसन-मार्ग के संक्रमण के लक्षणों की शुरुआत पर एंटीबायोटिक दवाओं के अंधाधुंध डाक्टरी परामर्शों का कारण बनी।

पूरी दुनिया में लॉकडाउन से समस्या और बढ़ गई, जिसके कारण बहुत से लोग आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों तक नहीं पहुंच पा रहे थे। इसके कारण एंटीबायोटिक दवाओं की अनुचित और अनावश्यक बिक्री हुई। महामारी के कारण कई टीकाकरण कार्यक्रम रुक गए या पटरी से उतर गए, जिससे दवा प्रतिरोधी बैक्टीरिया के कारण होने वाली बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया, जिन्हें अब तक दूर रखा गया था। कोविड महामारी से निपटने के वैश्विक प्रयासों ने इस बात का उदाहरण दिया है कि कैसे सभी राष्ट्रों के संयुक्त व सकारात्मक प्रयासों का एकचित्त उद्देश्य स्वास्थ्य-खतरे से लड़ने के लिए शानदार तरीके से काम कर सकता है। अभी भी मौजूदा महामारी की मांगों को ध्यान में रखते हुए, नए जोश और संशोधित कार्रवाई के साथ रोगाणुरोधी प्रतिरोध प्रबंधन कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने की तत्काल आवश्यकता है।

सभी स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों के लिए एंटीबायोटिक स्टीवर्डशिप कार्यक्रम को अद्यतन बनाने और उनकी निगरानी की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त, नई एंटीबायोटिक दवाओं के लिए ड्रग पाइपलाइन को बुनियादी प्रयोगशालाओं से लेकर दवा कंपनियों तक सभी स्तरों पर नवीनीकृत करने की आवश्यकता है।

## आप की बात

### दंगाइयों को कठोर दंड

**भारत** में दंगों का इतिहास बहुत पुराना है। परंतु इतने सालों में बार-बार होते दंगे क्या किसी समस्या को सुलझा पाए हैं। दंगों से हमेशा तबाही ही होती आई है। ऐसा देखने में आता है कि किसी भी दंगे के बाद अराजकता फैलती है और जान-माल का नुकसान होता है। फिर भी ये दंगे बार बार होते है कभी घर्म के नाम पर, कभी जातिवाद के नाम पर या अन्य राजनैतिक कारणों से। परंतु जब सभी वर्ग कभी न कभी दंगो में नुकसान में रहते हैं तो ये दंगे बार-बार क्यों होते हैं? क्या कुछ लोग इनसे लाभ में भी रहते हैं? कुछ लोग इस दौरान अपनी व्यापारिक या व्यक्तिगत रंजिश निकालते हैं, लूटमार करते हैं और जब इन अराजक तत्वों को सजा नहीं मिलती या इतनी कम मिलती है कि लूट फायदे का सौदा लगती है तो ये दंगे बार-बार होते है। अगर इन तत्वों को कड़ी सजा मिले तो चाहे कोई राजनैतिक दल या व्यक्ति कितना भी उकसाए, इस घाटे के सौदे के लिए कोई भी उत्सुक नहीं होगा। उम्मीद करनी चाहिए कि राज्य सरकारें दंगाइयों की निष्पक्ष पहचान करा कर उनको इतनी कठोर सजा दिलाएंगी कि भविष्य में लोग दंगे करने या उनमें शामिल होने का नाम तक न लें।

– **पुनीत अरोड़ा**, मेरठ

### श्रीलंका में संकट

**श्रीलंका** की स्थिति दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। चीन और जापान के भारी-भरकम कर्ज ने उसकी लुटिया डुबो दी है। कर्ज के कारण आवश्यक वस्तुओं का आयात बिल्कुल बंद हो चुका है। खाद्य सामग्री एवं दवाइयों की भारी किल्लत नागरिकों के सब्र का बांध तोड़ चुकी है। दुकानें खाली हो चुकी है एवं नागरिकों के पास भी पैसा नहीं है। आठ-नौ घंटे के पावर कट से जनजीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। श्रीलंका में आंतरिक युद्ध की स्थिति निर्मित हो चुकी है। यहां सैनिक शासन की संभावना को भी नकारा नहीं जा सकता है। वंशवाद की राजनीति ने श्रीलंका को आर्थिक रूप से खोखला कर दिया है। जब जनता राशन एवं ईंधन का खर्च उठाने में अपने आप को असहाय महसूस करती है तो असंतोष की ज्वाला विकराल रूप धारण कर लेती है। भारत ने सहयोग का हाथ बढ़ाते हुए चावल आदि की आपूर्ति सुनिश्चित की है पर श्रीलंका में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए पूरी दुनिया के देशों को मदद के हाथ बढ़ाने होंगे। संयुक्त राष्ट्र संघ एवं अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को श्रीलंका को त्रासदी से बचाने हेतु सार्थक एवं त्वरित प्रयास करना चाहिए।

– **ललित महालकरी**, इंदौर


### यौन उत्पीड़न की समस्या

**कहा** जाता है कि भारत देश एक परुष प्रधान देश है जहां समाज में पुरुषों का ही वर्चस्व रहा है। और कुछ हद तक यह कथन सत्य भी लगता है। लेकिन इस धारणा ने हमें अनौपचारिक रूप से कहीं न कहीं नुकसान भी पहुंचाया है। एक बच्चा जब थोड़ा बड़ा होता है तो पूरा परिवार उसे यह बताने में अभिमान व्यक्त करता है कि तुम तो लड़के हो, तुम्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं, लड़के रोते नहीं वो तो मजबूत होते हैं और जब बच्चा रोता है तो यह कहकर चूप करा देते हैं कि लड़की हो क्या। लड़के को खेलने के लिए बंदूक और गाड़ी दी जाती हैं। एक लड़की को घर से ही यह शिक्षा मिलती है कि कोई कुछ बोले जबान मत खोलना, खाना ही तो बनाना है क्या करोगी ज्यादा पढ़ लिखकर। हालांकि बच्चों व लड़कों के साथ बढ़ते अप्राकृतिक दुष्कर्म को देखते हुए आज जरूरत इस बात की भी है कि बच्चों को भी गुड टच और बैड टच बताया जाये। सभी प्रकार के यौन दुष्कर्म पर पाक्सो व अन्य कानून कठोरता से लागू हों।

– **मंगल सिंह**, लखनऊ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हमारा** टीकाकरण कार्यक्रम दुनिया में सबसे बड़ा है। हमने 90 प्रतिशत जनसंख्या का टीकाकरण कर दिया है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**देश** पाकिस्तान की एकता व सुरक्षा के लिए सेना की ओर देखता है। सेना प्रमुख योग्य व बेदाग होना चाहिए ताकि जनता पाकिस्तानी सेना को सलाम करे।

– **मरियम नवाज़**
पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष



**चिंतन** शिविर में आने वाले आधे प्रतिनिधि चालीस से कम आयु वाले हैं। इससे युवा नेतृत्व पर सोनिया की सोच स्पष्ट होती है।

– **सचिन पायलट**
कांग्रेसी नेता

# प्रवासी पक्षियों के संरक्षण व संवर्धन में योगदान दें : डॉ. तरसेम कौशिक

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



फ्लेमिंगों व सर पट्टी सवन प्रवासी पक्षी।



डॉ. तरसेम कौशिक।

**पूरी** दुनिया विश्व प्रवासी पक्षी दिवस मना रही है जिसका उद्देश्य आमजन को प्रवासी पक्षियों तथा उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण व संवर्धन के प्रति जागरूक करना है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हथीरा के जीवविज्ञान प्राध्यापक डॉ. तरसेम कौशिक ने बताया कि प्रति वर्ष मई व अक्टूबर माह के द्वितीय शनिवार को विश्व प्रवासी पक्षी दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ. तरसेम कौशिक के अनुसार प्रवासी पक्षियों का संरक्षण करना आसान नहीं है क्योंकि प्रवासी पक्षी वर्ष में दो अलग-अलग स्थानों पर रहते हैं। प्रवासी पक्षी अपने प्राकृतिक स्थल से शीतकालीन प्रवास के लिए दुर्गम यात्राएं करते हैं। प्रवासी पक्षियों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए परम आवश्यक है कि उनके फ्लाईवे को ही संरक्षित कर दिया जाए। हरियाणा सहित सम्पूर्ण भारतवर्ष विभिन्न प्रवासी पक्षियों का अस्थायी निवास है जहां हजारों, लाखों की संख्या में प्रवासी पक्षी शीतकालीन प्रवास के लिए आते हैं। डॉ. तरसेम कौशिक ने बताया कि इस वर्ष विश्व प्रवासी पक्षी दिवस 2022 का थीम प्रवासी पक्षियों पर प्रकाश प्रदूषण का प्रभाव रखा गया है, जिसका उद्देश्य प्रवासी पक्षियों को रात के समय बिना किसी परेशानी के यात्रा करने देना है ताकि प्रवासी पक्षी अपने मूल निवास पर लौट सकें तथा पुनः शीतकालीन प्रवास के लिए आ सकें। रात को रोशनी बंद करें, प्रवासी पक्षियों को सुरक्षित घर जाने दें। प्रकाश प्रदूषण प्रवासी पक्षियों के लिए घातक है। हजारों प्रवासी पक्षी लंबी दूरी की दुर्गम यात्राओं के दौरान कृत्रिम प्रकाश के कारण प्रवासी पक्षी या तो अपने गंतव्य से भटक जाते हैं या फिर किसी वस्तु से टकरा जाते हैं। डॉ. तरसेम कौशिक ने बताया कि पिछले कुछ दशकों से वैश्विक प्रकाश प्रदूषण में 1 से 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है जिसके कारण प्रवासी पक्षियों को प्रवजन में कठिनाई आई है। डॉ. तरसेम कौशिक ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से प्रवासी पक्षियों की संख्या में बेतहाशा कमी आई है जिसका कारण उनके प्राकृतिक आवासों का नष्ट होना है। अतः प्रवासी पक्षियों के संरक्षण व संवर्धन के लिए आवश्यक है कि हम प्रवासी पक्षियों के रहन सहन, भोजन पानी व उनके प्रवास के बारे में समाज में जनजागृति फैलाएं। विश्व प्रवासी पक्षी दिवस के अवसर पर हम सभी को यह संकल्प करना होगा कि हम प्रवासी पक्षियों के संरक्षण व संवर्धन के लिए समाज को जागरूक करेंगे तथा प्रवासी पक्षियों के प्राकृतिक आवासों को भी संरक्षित करेंगे।

## संक्षिप्त-समाचार

### लड़कियों के लिए शिक्षा बहुत जरूरी : रेणु फुलिया



**कुरुक्षेत्र।** अंबाला की कमिश्नर रेनू फुलिया ने कहा कि आज लड़कियों के लिए शिक्षा का बहुत ज्यादा जरूरत है, इसके लिए सभी संस्थाओं को आगे आकर प्रयास करने चाहिए। वे बतौर मुख्यातिथि महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षा विकास ट्रस्ट और ओसका संगठन द्वारा शिक्षा केंद्र का शुभारंभ करते हुए विचार व्यक्त कर रही थी। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षा विकास ट्रस्ट और ओस्का संगठन के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इससे काफी लड़कियों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इस पवित्र कार्य के लिए हम भी ट्रस्ट के साथ हमेशा मिल कर कार्य करेंगे, ताकि इन लड़कियों का उज्जवल भविष्य बना पाएं। उन्होंने कहा कि इस पवित्र कार्य के लिए ट्रस्ट के सभी सदस्यों का और जिन सम्मानित प्रोफेसरों ने पढ़ाने के लिए अपने समय की अनुमति दी है, वे उन सब का आभार व्यक्त करती हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिक्षा के कार्य में हम सब को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने अन्य संस्थाओं से भी आह्वान किया कि वे इस प्रकार के कोचिंग सेंटर चलाने की योजना जरूर बनाएं, ताकि लड़के और लड़कियों को लाभ मिल सके। इस कार्यक्रम में विधायक रामकरण के राजनीतिक सलाहकार विष्णु भगवान गुप्ता, अनिल चौहान एक्सईएन अंबाला, डॉ. अशोक कुमार प्रिंसिपल, निरंजन सिंह सेतिया प्रबंधक खानेवाल खालसा स्कूल, राजेश बावेजा मुख्य अध्यापक कलसाना विशिष्ट अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता ट्रस्ट के चेयरमैन मिहा सिंह रंग ने की। मंच का संचालन डॉ. शालिनी शर्मा और ट्रस्ट सचिव मास्टर राम रतन ने किया। ट्रस्ट की महिला प्रदेश अध्यक्ष स्वीटी रंगा, शाहबाद चेयरमैन प्रवीण सुलखनी और पदाधिकारियों ने आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस दौरान ट्रस्ट द्वारा शाहबाद की सामाजिक संस्थाओं हेल्पर सोसायटी, हेल्पिंग हैंड्स, नवचेतना ग्रुप तंगौर, नर नारायण सेवा समिति, विकास मंच फाउंडेशन मंच, शिव कृपा समिति, गुरमत एजुकेशन सोसायटी यूएसए, भगवान वाल्मीकि सभा शाहाबाद, श्री गुरु रविदास सभा शाहिबाद, रोटरी क्लब शाहाबाद, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर युवा संगठन कलसाना, शहीद-ए-आजम भगत सिंह यूथ क्लब हबाना के प्रधान मिल्खा सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा केंद्र को अपनी सेवाएं देने वाले प्रो. डॉक्टर शालिनी शर्मा, डॉक्टर देवराज शर्मा, जसविंदर कौर, प्रो. कपिल, डॉ. हरपाल सैनी, डॉ. एसएस काजल, गुरमीत सिंह प्रधानाचार्य खालसा स्कूल शाहबाद कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### आश्रम में संन्यास दिवस समारोह मनाया



**कुरुक्षेत्र।** राजेंद्र नगर स्थित श्रीअद्वैत स्वरूप अनंत आश्रम नंगली वाली कुटिया में आश्रम के संस्थापक स्वामी अनंत प्रकाशानंद पुरी जी महाराज की आपार कृपा से आश्रम के संचालक संत प्रकाश पुरी एवं संत अगम पुरी जी महाराज जी के पावन पवित्र संन्यास दिवस को बड़ी श्रद्धा और प्रेम के साथ मनाया गया। इस मौके पर आश्रम के संत प्रकाश पुरी ने प्रवचन करते हुए कहा कि हम कितने खुश किस्मत है कि हमारे गुरुदेव श्रीस्वामी ने हमें अपना सुंदर संन्यास वेष देकर इस काबिल किया कि आज हम उनके इस लगाए गए पेड़ की छाया में बैठकर फल खा रहे हैं। आज का ये दिन हमारे बहुत ही खुशी का दिन है कि आज हमे एक नया जीवन मिला है और गुरुदेव ने हमें जीने की कला सिखाई है। इस मौके पर आश्रम के संत निर्विकार पुरी, संत संतोष पुरी, संत त्याग पुरी, संत ज्ञान पुरी, संत अनुराग पुरी, संत आत्म विभोर पुरी पिहोवा, संत त्रिलोक पुरी, संत विनायक पुरी, संत माधव पुरी, महात्मा सुधमानंद, महात्मा हरदेवानंद, महात्मा गोपालानंद, महात्मा रामानंद, महात्मा अवधेशानंद आदि संतों ने अपने भजनों के माध्यम से संगत का मार्ग दर्शन किया। मंच का संचालन चन्द्र प्रकाश धमीजा ने किया। इस अवसर पर पंडित अंकित शर्मा, गुलशन बजाज, अजय बजाज, विजय गाबा, राजीव चावला, चन्द्र मोहन गाबा आदि भक्तजन मौजूद रहे।

### श्रीकृष्णा धाम में महालक्ष्मी यज्ञ आज

**कुरुक्षेत्र।** श्री कृष्णा धाम आश्रम कुरुक्षेत्र में 15 मई को महंत महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी प्रेमानंद के सानिध्य में महालक्ष्मी यज्ञ किया जाएगा। रविवार प्रातः यज्ञ प्रारंभ कर उत्तराखंड हरिद्वार से आए विद्वान ब्राह्मणों द्वारा आहुतियां दी जाएगी। श्रीसूक्त पाठ महामृत्युंजय पाठ जनकल्याण की भावना से संपन्न होगा। प्रेमानंद ने बताया कि विश्व के आर्थिक समस्या के समाधान और रोगों के निवारण के लिए इस अनुष्ठान की जरूरत है। श्री कृष्णा धाम आश्रम समय समय पर ऐसे अनुष्ठान करता है। षड्दर्शन साधुसमाज के संगठन सचिव प्रमोद कौशिक ने बताया कि यज्ञ की पूर्णाहुति दोपहर 12 बजे होगी, जिसमें वेदपाठी ब्राह्मण, संत समाज भाग लेगा। उन्होंने बताया कि दोपहर को भंडारा भी होगा।

# महाराणा प्रताप उद्यान विवि में बनेंगी बॉयो कंट्रोल लैब, 90 लाख होंगे खर्च

## कुलपति बोले, किसानों के लिए वरदान साबित होंगी प्रयोगशाला

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



**महाराणा** प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के अनुसंधान केंद्र अंजनथली में करीब 90 लाख रुपये से बॉयो कंट्रोल लैब बनाई जाएगी। जल्द ही लैब में शोध कार्य शुरू होंगे, जो किसानों के लिए लाभदायक साबित होंगे। बीमारियों व कीट की रोकथाम के लिए किसान अत्यधिक मात्रा में कीटनाशकों का प्रयोग करते है। जिनका वातावरण, जलवायु ओर मानव स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ता है।

बायो कंट्रोल लैब में मुख्यतौर से जमीन व बीज से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए लाभकारी फफूंद व जीवाणु की जनसंख्या वृद्धि करके किसानों को उपलब्ध कराएं जाएगे। महाराणा प्रताप उद्यान विवि करनाल के कुलपति प्रो. समर सिंह ने बताया कि एमएचयू के अनुसंधान केंद्र अंजनथली नीलोखेड़ी में बॉयो कंट्रोल लैब बनाने का कार्य चल रहा है, जो जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक तौर पर पाए जाने वाले कुछ फफूंद व जीवाणु जैसे ट्राइकोडर्मा बेसिलेस इत्यादि में बीमार करने वाली फफूंद-जीवाणु को नष्ट करने की क्षमता होती है। इन्हें जमीन से निकालकर बॉयो कंट्रोल लैब में इनकी क्षमता का आकलन किया जाएगा।

### नए किसान फफूंद का प्रयोग कर इन्हें मल्टीप्लाई करके इसे व्यवसाय के तौर पर ले सकते है

एमएचयू के अनुसंधान निदेशक डॉ.आरके गोयल ने बताया किविद्यार्थियों को बॉयो कंट्रोल लैब में प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे आने वाले समय में विद्यार्थी खुद का व्यवसाय भी शुरू कर सकते है। दूसरों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित कर सकेंगे। वहीं दूसरी ओर लाभदायक फफूंद-जीवाणुओं की जनसंख्या बढ़ाकर खेती के साथ-साथ रोजगार कर आमदनी में अतिरिक्त आमदनी कमा सकते है।

रिसर्च के बाद बेहतर परिणाम आने पर लाभकारी फफूंद व जीवाणु को (फामूलेशन) के रूप में तैयार करके किसानों को दिया जाएगा। किसान बॉयो कंट्रोल लैब से मिले लाभकारी फफूंद व जीवाणे को गोबर की खाद या केचूंए की खाद में मिलाकर जनसंख्या वृद्धि कर सकते है।

### मित्र कीटों पर भी रिसर्च

कुलपति प्रो.समर सिंह ने बताया कि बॉयो कंट्रोल लैब में बीमारियों के कीड़ों की रोकथाम के लिए मित्र कीटों पर भी रिसर्च की जाएगी। जिसमें मुख्यतौर पर ट्राइकोग्रामवाष्प के किसानों को ट्राइको कार्ड उपलब्ध कराएं जाएगे, जो सूडी वाली वाले कीटों की रोकथाम के लिए लाभदायक होंगे। वर्तमान में किसानों द्वारा फसलों में अत्याधिक रसायनों का प्रयोग करने से कीड़ों व बीमारियों में प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो चुकी हैं। जिससे किसानों को पेस्टीसाइड का अत्याधिक प्रयोग कर रहे है, परिणाम स्वरूप फसल पर लागत लगातार बढ़ चुकी है। लेकिन बॉयो कंट्रोल लैब में रिसर्च के बाद लाभदायक फफूंद व जीवाणु उपरोक्त सभी समस्याओं का समाधान हो सकेगा।

### ये होगा फायदा

- खेतों में पेस्टीसाइड का प्रयोग काफी कम होगा।
- अगर किसान खेतों में आग नहीं लगाएगे तो इनकी संख्या लगातार बढ़ती जाएगी।
- अगर फसल में बॉयो कंट्रोल एजेंट की मात्रा अधिक डल गई तो फसल पर कोई दुष्प्रभाव नहीं होगा।
- जो किसान आर्गेनिक खेती करते हैं तो उनके लिए कीट नियंत्रण का सबसे बेहतर तरीका हैं।
- मानव को रसायनमुक्त अनाज, फल, सब्जियां खाने को मिलेंगी, जिससे कैंसर जैसी भयानक बीमारियों से काफी हद तक मुक्ति मिलेगी।
- फसलों में पेस्टीसाइडों का प्रयोग कम होने से बढ़ते प्रदूषण की समस्या से काफी हद राहत मिलेगी।

# निजीकरण नीति के विरोध में शिक्षक संघ का धरना जारी



डीडीपीओ प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपते शिक्षक।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

### 18 मई को शिक्षक पंचकूला मुख्यमंत्री निवास पर करेंगे कूच

**शिक्षा** विभाग की निजीकरण नीति के विरोध में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र का धरना प्रदर्शन जारी रहा। शिक्षकों ने निजीकरण नीति के विरोध में जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम डीडीपीओ प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान स्कूलों की समस्याओं को लेकर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सतनाम सिंह भट्टी को ज्ञापन सौंपा।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से 20 मई को सभी मुद्दों पर बात करने के लिए समय मांगा गया है। संचालन राजेश राज ने किया। शिक्षकों ने कहा कि शिक्षा विभाग कक्षा दूसरी से बारहवीं तक सीधे निजी स्कूलों में भेज रही है और कक्षा पहली के सब काम, आनलाइन दाखिला, बैंक खाता, फैमिली आईडी, आधार अपडेट आदि काम प्राथमिक शिक्षक से करवा रही हैं, जो कि गैर शैक्षणिक कार्य है। जिला प्रधान राजेंद्र टंडन ने बताया कि 18 मई को सभी शिक्षक पंचकूला मुख्यमंत्री निवास पर कूच करेंगे। अपनी बात रखेंगे।

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र जिला की ओर से धरना प्रदर्शन किया गया। रमेश थाना ने शिक्षकों को संबोधित किया। इस दौरान विकास शर्मा, सूबे सिंह सुजान, सुरेश कुमार, नरेश फूले, स्वीटी शर्मा, मोनिका भारद्वाज, अमित कुमार, अमनपाल, दलीप कुमार, शाहबाद अध्यक्ष, राजेंद्र जांगड़ा खंड पेहवा, राजेंद्र टंडन ने अपने विचार रखे। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने कहा कि स्कूलों में अभी तक पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध नहीं हुई हैं। पोर्टल पर दाखिला सटीक नहीं हो रहा है।

# बुराई पर अच्छाई की जीत का दिन है भगवान नृसिंह जयंती : कृष्ण बेदी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र/ शाहाबाद



भगवान नृसिंह जयंती पर हुए हवन-यज्ञ में आहुति देकर आरती करते यजमान।

**मुख्यमंत्री** हरियाणा के राजनीतिक सचिव एवं पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि भगवान नृसिंह जयंती बुराई पर अच्छाई की जीत का दिन है, जिसे हर्षोल्लास से मनाया जाना चाहिए। वे शनिवार को भगवान नृसिंह परमार्थ ट्रस्ट शाहाबाद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विचार व्यक्त कर रहे थे। पूर्व मंत्री ने कहा कि भगवान नृसिंह ने प्रकट होते ही हिरण्यकश्यप को मार कर भगत प्रह्लाद का जीवन बचाया था, इसलिए हमें भी भगवान नृसिंह की शरण में जाकर अपना जीवन सफल बनाना चाहिए।

इससे पहले ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद शास्त्री ने पूर्व मंत्री का यहां पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें ट्रस्ट की उपलब्धियों और गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान महावीर प्रसाद शास्त्री, कृष्णानंद शास्त्री, विनोद जोशी, राकेश शास्त्री, प्रमोद शास्त्री, कृष्णा शास्त्री और वेद प्रकाश शास्त्री ने पूर्ण विधि-विधान से हवन-यज्ञ किया। इससे पहले शुक्रवार से रखे श्री रामायण अखंड पाठ का समापन किया गया। तत्पश्चात भगवान नृसिंह जाप किए गए। ट्रस्ट से जुड़े शांति प्रसाद, रमेश चंद्र, सुरेश प्रसाद शास्त्री, पूजा भट्ट, केशव, शैला भट्ट, उत्तम प्रसाद शास्त्री, भगवती प्रसाद शास्त्री और रमेश शास्त्री ने कार्यक्रम में विशेष रुप से सहयोग किया। लक्ष्मी प्रसाद शास्त्री ने बताया कि भगवान नृसिंह की पूजा करने से सभी बीमारियां दूर होती हैं। इस दिन व्रत रखने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और दुश्मनों पर विजय हासिल होती है। कार्यक्रम में नूरमहल पंजाब से कमलदीप सिंह, सूबे सिंह व हरदीप सिंह, मुलख राज गुंबर, तिलक राज अग्रवाल, महेंद्र शर्मा छपरी, राजेश कुमार जिंदल, नगर पालिका के पूर्व प्रधान सुदर्शन कक्कड़, विधायक रामकरण के राजनीतिक सलाहकार विष्णु भगवान गुप्ता, सार्जेंट सिंह, प्रोफेसर सुनील गुप्ता, शाहबाद प्रेस क्लब के चेयरमैन जसबीर सिंह दुग्गल, रंजीत गुप्ता, अरुण गुप्ता, राकेश सपरा, डॉ.उमेश गर्ग, हरजिंदर सिंह प्रिंसिपल, प्रिंसिपल आरपी सिंह, तेजबीर सिंह सिद्धू राय माजरा, उत्तमजीत कौर और मनजीत कौर सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

# बाबैन रसोई में लोगों को पांच रुपये में मिलेगा भरपेट खाना : संदीप गर्ग

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



बाबैन रसोई में समाजसेवी संदीप गर्ग खाना वितरित करते हुए।

### समाजसेवी की अगुवाई में रजनी शर्मा ने किया बाबैन रसोई का शुभारंभ

**बाबैन** की मुल्तानी धर्मशाला में स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा पांच रुपये में भरपेट बाबैन रसोई का शुभारंभ लड़की रजनी शर्मा द्वारा रिबन काटकर किया गया। वहीं शहर की धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों द्वारा बाबैन रसोई जैसे नेक कार्य को लेकर समाजसेवी संदीप गर्ग का फूल गुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया गया।

स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि यह बाबैन वासियों की अपनी रसोई है। इस रसोई में प्रतिदिन लोगों को दोपहर 12 बजे से लेकर दो बजे तक पांच रुपये में भरपेट खाना मिलेगा। उन्होंने कहा कि रसोई का संचालन बाबैन की धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं द्वारा प्रतिदिन किया जाएगा और जो संस्था जिस दिन इस रसोई के लिए संचालन करेगी उसी की जिम्मेदारी होगी कि किस प्रकार से इस रसोई को चलाना है।

उन्होंने कहा कि जिस किसी व्यक्ति के पास भोजन करने के लिए यदि पांच रुपये भी नहीं है उसे भी खाना वह धार्मिक व सामाजिक संस्था अपने पास से पांच रुपये देकर खाना खिलाएगी। यह कार्यक्रम पुरानी सब्जी मंडी हनुमान मंदिर के प्रागण में समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शहर की धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ-साथ सहारनपुर से आचार्य विरेंद्र शास्त्री, पूर्व विधायक बंताराम, जजपा के लाडवा हलका प्रधान जोगध्यान लाडवा, गुरदेव सूरा, अश्वनी जैन, शिव गुप्ता, उत्तरी हरियाणा पत्रकार एसोसिएशन के प्रधान विनोद खुराना, आरएस घुम्मन, जसमेर सुनारियां, मुल्तानी धर्मशाल के प्रधान मनोज धवन सहित अनेक नेताओं ने शिरकत की व अपना संबोधन दिया। वहीं मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक बंताराम ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा जो यह नेक कार्य करवाया गया है। इसकी जितनी सराहना की जाए उतनी कम है।

रोटरी क्लब बाबैन के प्रधान डॉ. दीपक देवगन ने कहा कि यह एक बहुत ही सराहनीय कार्य है। सहयोग फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक सिंघल ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा यह कार्य करवा कर बहुत ही अच्छा काम किया गया। उन्होंने बताया कि शनिवार को बाबैन रसोई में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग दो हजार लोगों को दोपहर भोजन किया। वहीं 15 मई दिन रविवार से दोपहर 12 बजे से दो बजे तक पांच रुपये में भरपेट खाना लोगों को वितरीत किया जाएगा।

# लैंक्सेस की बिक्री पहली तिमाही में 43.7 प्रतिशत बढ़कर 2.432 बिलियन यूरो हुई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### मैथियास जैशर्ट ने कहा, हमारा ध्यान विशिष्ट रसायनों पर है

### कंपनी के स्पेश्यलिटी ऐडिटिव्स सेगमेंट ने खासतौर पर अच्छा प्रदर्शन किया

**विशेष** रसायन कंपनी लैंक्सेस ने चुनौतीपूर्ण माहौल में वर्ष 2022 में मजबूत शुरुआत की है। लैंक्सेस को दूसरी तिमाही में भी अच्छा प्रदर्शन करने का पूरा भरोसा है और ग्रुप ने ईबीआईटीडीए प्री-एक्सेप्शनल्स 280 मिलियन यूरो से 350 मिलियन यूरो के बीच रहने की संभावना जाहिर की है।

पिछले वर्ष की समान तिमाही में, लैंक्सेस ने 277 मिलियन यूरो की कमाई की थी। पहली तिमाही में समूह की बिक्री 2.432 बिलियन यूरो रही। यह बीते वर्ष की समान अवधि के 1.693 बिलियन यूरो के आंकड़े से 43.7 प्रतिशत अधिक है। जारी परिचालनों से शुद्ध आय पूर्व वर्ष के 63 मिलियन यूरो की तुलना में 98 मिलियन यूरो पर पहुच गई।

लैंक्सेस एजी के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के चेयरमैन मैथियास जैशर्ट ने कहा, हमारा ध्यान विशिष्ट रसायनों पर है, हमने हाल के वर्षों में बाजार में स्थिति मजबूत की है, जो अब मौजूदा स्थिति में फलीभूत हो रही है। इसलिए हम अपनी विक्रय मूल्यों के जरिए कच्चे माल एवं ऊर्जा की उच्च लागत को आगे पास कर सकते हैं।

2022 की पहली तिमाही में, ईबीआईटीडीए प्री-एक्सेप्शनल्स में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और पिछले साल के 242 मिलियन यूरो की तुलना में 32.2 प्रतिशत बढ़कर 320 मिलियन यूरो पर पहुंच गया। कंपनी के सभी वर्गों ने वृद्धि में योगदान दिया, और स्पेश्यलिटी ऐडिटिव्स सेगमेंट ने खासतौर पर अच्छा प्रदर्शन किया।

# गांव शामडी में दादा-पोते को पीटा



**सोनीपत।** कस्बा गोहाना के गांव शामड़ी में दादा और पोते को गांव के लोगों ने रास्ते में मकान बनाने से रोका तो उनकी पिटाई कर दी गई। आरोपितों ने उनको जान से मारने की धमकी दी। परिजन दोनों को बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज के अस्पताल लेकर गए।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पोते अंकित ने उसे फोन करके बताया कि गांव का विजय अपने प्लाट के पास रास्ते को बंद करके मकान बना रहा है। इसके बाद दादा-पोता मौके पर पहुंचे और विजय को रास्ते में मकान न बनाने को कहा। राजकुमार का आरोप है कि विजय उसे गाली देने लगा। विजय के परिजन व अन्य लोग हथियार लेकर पहुंचे और दादा-पोते पर हमला कर दिया।

# ब्रेन स्ट्रोक से पीड़ित 85 साल के मरीज का नारायणा हॉस्पिटल में हुआ सफल इलाज

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

**हाल** ही में डब्ल्यूएचओ द्वारा उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 1.3 करोड़ लोग हर साल स्ट्रोक से पीड़ित होते हैं, जिनकी डिसेबिलिटी रेट 30-35 प्रतिशत (लगभग 50 लाख) है। इतने ज्यादा अनुपात के कारण भी लोग अभी भी डिसेबिलिटी का शिकार है, उनमें से 15 लाख लोग थ्रोम्बेक्टोमी के पात्र हैं, लेकिन उनमें से केवल दो लाख को ही यह उपचार मिल पाता है। ब्रेन स्ट्रोक उच्च मृत्यु दर और डिसेबिलिटी का दूसरा प्रमुख कारण है। जबकि समय पर उपचार से अधिक मात्रा में होने वाले नुकसान को काफी कम किया जा सकता है, स्ट्रोक से पीड़ित मरीजों के लिए शुरुआती लक्षणों को पहचानना और जल्द से जल्द से अस्पताल पहुंचना महत्वपूर्ण है।

हर चौथे व्यक्ति को स्ट्रोक होने का आजीवन जोखिम होता है। भले ही स्ट्रोक को बुजुर्गों की बीमारी के रूप में जाना जाता है और बढ़ती उम्र के साथ इसका जोखिम दोगुना हो जाता है, लेकिन भारत में स्ट्रोक के सभी मामलों में से 20-30 प्रतिशत से अधिक 45 वर्ष से कम आयु वर्ग के लोग शामिल हैं।

नारायणा सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल गुरुग्राम में कंसल्टेंट न्यूरोलॉजी डॉ. समीर अरोड़ा और डॉ. तारिक मतीन सीनियर कंसल्टेंट न्यूरोलॉजी की देखरेख में हाल ही में स्ट्रोक के दो ऐसे मामले सामने आए, जिनसे यह साबित हो गया की स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारी में उम्र का कोई किरदार नहीं है। स्ट्रोक एक ऐसी बीमारी है जो किसी भी उम्र में हो सकती है और उसे किसी भी उम्र में सही इलाज के साथ पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। नारायणा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में रोहतक के रहने वाले 85 साल के मरीज को पैरालिसिस और कोमा की गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था। उसे गंभीर स्ट्रोक था। वहीं एक 22 साल की युवती को बेहोशी की हालत में अस्पताल लाया गया। वह भी स्ट्रोक से पीड़ित थी। दोनों मामलों में दोनों मरीजों का सफल इलाज हुआ और उन्हें डिस्चार्ज किया गया। इन दोनों गंभीर मामलों से यह बात साफ हो गई की स्ट्रोक किसी भी उम्र में हो सकता है और उसे किसी भी उम्र में ही किया जा सकता है।

नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के कंसल्टेंट न्यूरोलॉजी डॉ. समीर अरोड़ा का कहना है नारायणा हॉस्पिटल के गुरुग्राम यूनिट ने पिछले 3 सालों में एक हजार सफल न्यूरो इंटरनेशनल सर्जरी का एक कामयाब रिकॉर्ड दर्ज किया है और न्यूरो इंटरवेंशनल प्रोसीजर किसी भी उम्र में हो सकता है। इससे किसी भी उम्र में ब्रेन स्ट्रोक को ठीक किया जा सकता है न्यूरो इंटरवेंशनल में किसी भी मरीज के लिए उम्र बांधा नहीं होती है।

## प्रेरणा



विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

शब्दों से प्रेम है तो मौन पर भी अधिकार करो,
असत को मिटाने के लिए सत को स्वीकार करो,
मुट्ठियों को मत भींचो जब तक प्रहार का मौका न हो,
क्रोध को पालो और सही वक्त का इंतजार करो।

# सांसद और विधायक के आवास पर सफाई कर्मियों ने की नारेबाजी

## मांगों को लेकर शहर में निकाला जुलूस

## सरकार के खिलाफ की जमकर नारे लगाए, सौंपा ज्ञापन

रणबीर रोहिल्ला। सोनीपत

**शहर** में आज नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर सफाई कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया और हाथों में बैनर लेकर सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए सांसद रमेश कौशिक और विधायक मोहनलाल बडोली के कार्यालय पर पहुंचे।

प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान राजा भाई व मंच संचालक जिला सचिव संदीप तुर ने किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी सफाई कर्मचारियों ने ठेका कर्मचारियों को पक्का करने हरियाणा कौशल विकास निगम भंग करने सहित कई मांग रखी। हरियाणा नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर आज सोनीपत में भी सफाई कर्मचारियों ने सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन किया। कर्मचारी सैकड़ों की तादाद में पैदल मार्च करते हुए सांसद रमेश कौशिक के आवास पर पहुंचे और प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रदर्शनकारी कर्मचारी विधायक मोहन लाल बडौली के कार्यालय पर पहुंचे और जमकर सरकार विरोधी नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी सफाई कर्मचारियों ने इस दौरान सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया और कहा कि सरकार ने उनकी मांगों पर जो सहमति बनाई थी। आज तक उन मांगों को पूरा नहीं किया। सफाई कर्मचारियों के प्रधान भारत कंडेला ने कहा कि सरकार से 25 अप्रैल और 17 अगस्त को वार्ता हो चुकी है, लेकिन अब तक उन वार्ता पर सरकार ने कोई अमल नहीं किया, जिससे कर्मचारियों में रोष बढ़ रहा है। कर्मचारियों के प्रदर्शन को आज विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने समर्थन दिया। सीटू के जिला प्रधान आनंद शर्मा ने कहा कि सरकार कर्मचारियों के साथ दमनकारी नीति अपना रही है। हरियाणा कौशल विकास निगम के नाम पर कर्मचारियों को अपना गुलाम बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि आज कर्मचारी की मांग है कि ठेके पर लगे सभी कर्मचारियों को पक्का किया जाए, हरियाणा कौशल विकास निगम को भंग किया जाए, पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर सड़कों पर उतरी हैं और सांसद और विधायक को ज्ञापन सौंपा है। नगर पालिका कर्मचारी संघ प्रेस सचिव राजीव खत्री ने कहा कि सरकार से मांगों के समाधान के लिए सांसद और विधायक को ज्ञापन भेजा गया है। प्रदर्शन में शामिल सोनीपत इकाई के प्रधान भारत कंडेरा, मनबीर, विरेन्द्र, भारत बोहत, दीपक, गीता, कमलेश, विजेंद्र चहल ने कर्मचारियों को संबोधित किया। इस दौरान नवीन, अजय, अमित दहिया, विजय कुमार, अजय, होशियार सिंह आदि शामिल रहे।


मांगों को लेकर शहर में जुलूस निकालते सफाई कर्मचारी।

# विश्वविद्यालयों में शुरू हो केजी से पीजी की शिक्षा : मनोहर लाल

## गरीब बच्चों की फीस का भुगतान करेगी सरकार

### कंप्यूटर शिक्षा अनिवार्य रूप से लागू करें

### एम्पलाईमेंट ऑरियेंट प्रोग्राम चलाए जाएं

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में केजी से पीजी तक की शिक्षा शुरू की जाएं ताकि बच्चों को एक ही स्थान पर गुणवतायुक्त शिक्षा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में पढने वाले गरीब बच्चों की फीस का भुगतान सरकार की ओर से किया जाएगा। इसके लिए शीघ्र ही नई योजना लाई जाएगी।

मुख्यमंत्री शनिवार को चंडीगढ़ में विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद की ओर से शिक्षा, नीति, स्वरोजगार एवं प्रबंधन को लेकर सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें एसीएस आनन्द मोहन शरण, अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित अग्रवाल, निदेशक उच्चतर शिक्षा राजीव रतन एवं शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष बी.के कुठियाला सहित सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की एमडीयू रोहतक, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालयों, महिला विश्वविद्यालय खानपुर सहित चार विश्वविद्यालयों ने केजी से पीजी तक की शिक्षा एक ही स्थान पर मुहैया करवाना शुरू कर दिया है। प्रदेश की शेष यूनिवर्सिटी भी केजी से पीजी तक की शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए तेजी से कार्य करें ताकि प्रदेश के हर युवा को एक ही स्थान पर उच्चतर तक की शिक्षा आसानी से मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवार पहचान पत्र में जिन परिवारों की सत्यापित आय 1.80 लाख रुपए से कम है,उन परिवारों के बच्चों को विश्वविद्यालयों में पढ़ाई करवाने के लिए नई योजना लाई जाएगी।

इस योजना के तहत गरीब परिवारों के बच्चों की फीस का भुगतान सरकार की ओर से किया जाएगा ताकि विश्वविद्यालयों पर आर्थिक बोझ न बढे और गरीब बच्चों को उच्च स्तर तक की शिक्षा भी उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालयों में एम्लाईमेंट ऑरियेंट प्रोग्राम तैयार किए जाएं तथा कम्प्यूटर एजुकेशन को अनिवार्य रूप से लागू किया जाए ताकि हर युवा कम्प्यूटर में दक्ष एवं निपुण हो सके।

### विश्वविद्यालयों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया जाए

सीएम ने कहा कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों को आर्थिक रूप से सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने पर बल दिया जाए ताकि उन्हें सरकार की ग्रांट पर निर्भर न रहना पड़े। इसके लिए सरकार द्वारा बाहर से करवाए जाने वाले कार्य विश्वविद्यालयों को दिए जाएंगे। कंसलटेंट, सर्वे आदि कार्य के लिए सरकार बाहर से एजेंसियां हायर करती है। भविष्य में ऐसे कार्य विवि को दिए जाएंगे। इससे विवि की आय में इजाफा होगा और वे आर्थिक रूप में सशक्त बनेंगे।

### कहा, पूर्व छात्र सम्मेलन एवं दीक्षांत समारोह का करें आयोजन

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालयों में पूर्व छात्र सम्मेलनों का हर वर्ष आयोजन किया जाए। प्रत्येक पूर्व छात्र पर विशेष ध्यान दिया जाए और जो पूर्व छात्र समर्थ होते हैं उन्हें इन सम्मेलनों में आमंत्रित किया जाए तथा उनकी मदद ली जाए। इसके अलावा वार्षिक दीक्षांत समारोह भी निश्चित अवधि में अवश्य किए जाएं। दीक्षांत समारोह में अंग्रेजो से समय से चली आ रही पुरानी प्रथा के ड्रेस कोड में भी बदलवा किया जाए।

### तकनीकी शिक्षा एवं उच्चतर शिक्षा विभाग का होगा समायोजन

हरियाणा के विश्वविद्यालयों से आए हुए कुलपतियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि युवाओं को गुणवतायुक्त और अच्छी शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए तकनीकी शिक्षा एवं उच्चतर शिक्षा विभाग का समायोजन किया जाएगा। इससे सरकार पर पडने वाला अनावश्यक बोझ भी कम होगा और युवाओं को बेहतरीन स्तर की तकनीकी और उच्चतर स्तर की शिक्षा संयुक्त रूप से मिल सकेगी। उन्होंने एलएलबी, इंजीनियरिंग आदि पाठ्यक्रमों में हिन्दी को बढावा देने और अमृत सरोवर योजना के तहत इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को सरकारी विभागों के साथ जोडने के भी निर्देश दिए।

# आंतकवादियों को फर्जी आरसी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



**बसताड़ा** टोल प्लाजा पर पकड़े गए चार आंतकवादियों को गाड़ी की फर्जी आरसी बनाकर देने वाले आरोपी नितिन शर्मा को पुलिस ने जम्मू से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने आरोपी से आंतकवादियों के राज खुलवाने के लिए रिमांड की मांग। जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए आरोपी को 3 दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया। सूत्रों की माने तो आरोपी नितिन शर्मा ने फर्जी आरसी बनाने में 2 साथियों के बारे में बताया हैं।

पुलिस आरोपी से पूछताछ के दौरान फर्जी आरसी बनाने वाले आरोपियों के बारे में जानकारी हासिल करेंगी। पुलिस पता करेंगी कि आरोपी किस तरीके से फर्जी आरसी बनाते थे। अब तक आरोपियों ने कितने वालों की फर्जी आरसी बनाई है ओर उन्हें किन-किन को दी हैं। पुलिस जानने में लगी है कि आरोपी द्वारा बनाई गई फर्जी आरसी वाले वाहनों का प्रयोग आपराधिक वारदातों में नहीं हो रहा।

मामले की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, उसी तेजी से नए-नए खुलासे हो रहे है। पुलिस की माने तो आंतकवादियों के साथियों आकाशदीप, गुरप्रीत ओर जश्न को पंजाब पुलिस ने रिमांड हासिल किया हैं। पुलिस आरोपियों को प्रोडेक्शन वारंट पर लाने के लिए कागजी कार्रवाई करने में जुटी है ताकि जल्द से जल्द आरोपियों को करनाल पुलिस रिमांड पर ला सके ताकि पता चल सके कि आरोपियों द्वारा देश के किन हिस्सों में अब तक विस्फोटक सामग्री पहुंचाई गई है। उनके साथ ओर कौन लोग मददगार बने हुए है।

### फडिंग करने वालों की जांच में जुटी पुलिस

**आरोपियों** को फंडिंग कौन करता हैं, पैसे कहां से मिलते है। हालांकि पुलिस को मामले को लेकर काफी महत्वपूर्ण जानकारियां हाथ लगी हैं। पुलिस आरोपियों से मिली जानकारी के बारे में फिलहाल खुलासा करने से बच रही है, पुलिस का कहना है कि जब तक जानकारियों की जांच नहीं हो जाती तब तक मामले का खुलासा नहीं किया जा सकता।

### ये था मामला

बता दें कि पांच मई को करनाल पुलिस ने बसताड़ा टोल प्लाजा के पास से इनोवा गाड़ी से चार संदिग्ध आंतकवादियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस को आरोपियों के कब्जे से भारी विस्फोटक सामग्री मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने देशभर में जांच का दायरा बढ़ाया था। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 10 दिन का रिमांड हासिल किया है, फिलहाल आरोपी रिमांड पर चल रहे है। रिमांड की अवधि पूरी होने के बाद आरोपियों से पुलिस ने क्या-क्या जानकारियां हाथ लगी है, उसके बाद ही पता चल पाएगा।

# पूर्व शिक्षा मंत्री ने राज्यपाल से की भेंट

**चंड़ीगढ़।** हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो.रामबिलास शर्मा ने बृहस्पतिवार को 19 मई 2022 को प्रस्तावित हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स के होने वाले सम्मान समारोह कार्यक्रम के संदर्भ में राजभवन चंडीगढ़ में महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात की।

## संक्षिप्त-समाचार

### जीवीएम में प्लेसमेंट अर्पोचुनिटीज का आयोजन



**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्ज कॉलेज में शनिवार को कैरियर ओरियंटेशन कम प्लेसमेंट गेटवेज-अर्पोचुनिटीज का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज की 125 छात्राओं को जॉब का ऑफर भी मिला। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी व प्राचार्या डॉ. रेनू भाटिया ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में पढ़ाई के दौरान ही रोजगार मिलना योग्यता के साथ सौभाग्य की बात है। जीवीएम के बीबीए विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण शर्मा ने बताया कि कैरियर गाइडेंस एंड ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल के तत्वावधान में यह आयोजन किया गया। जिसमें बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स तथा बीबीए और एमकॉम की छात्राओं ने हिस्सा लिया। कंपनी के रिजनल हैड विपिन गोस्वामी ने जानकारी दी कि आईआरडीएआई की परीक्षा उत्तीर्ण कर छात्राएं अपना स्वयं का बिजनेस शुरू कर सकती हैं। प्राचार्या डॉ. रेनू भाटिया ने अतिथियों को सम्मानित करते हुए उनका आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अनीता गाबा, डॉ. प्रवीण शर्मा, राकेश जुनेजा, मीनाक्षी, अंशू, आस्था, तारिका सेठी आदि उपस्थित रहे।

### संघर्ष लाया रंग, सरकार बैकफुट पर : डॉ. विवेक गौड



**कुरुक्षेत्र।** कुटा के प्रधान डॉ. विवेक गौड़ ने कहा है कि विश्वविद्यालयों को जारी ग्रांट को लोन में बदलकर सरकार ने शिक्षा क्षेत्र के अहित में फैसला लिया था इसे गुरुवार को वापिस लेकर सरकार ने एक बार सही निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से प्रदेश भर के विश्वविद्यालयों में काम कर रहे शिक्षकों एवं नॉन टीचिंग स्टाफ की जीत है। सरकार के इस फैसले का प्रदेश भर में जिस तरह से शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने विरोध किया वह काबिले तारीफ है। उन्होंने शिक्षकों एवं कर्मचारियों से आहवान किया है कि भविष्य में भी इस तरह के फैसलों का मिलकर विरोध करें ताकि प्रदेश में आने वाली पीढ़ियों के हितों की रक्षा की जा सके। इस संबंध में कुटा कार्यकारिणी के सदस्य शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कुलपित प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा से मिल कर सरकार के इस फैसले के लिए उनका व राज्य सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कुलपति स्वयं एक शिक्षक हैं व इस पीड़ा को अच्छे से समझते हैं। उन्होंने कुलपति से मांग कि वे शिक्षकों की अन्य लंबित मांगो को भी जल्द से जल्द पूरा करें। कुटा प्रधान ने इस पत्र का वापिस लेने के सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा पूर्व में जारी किया गया पत्र इस बात को दशार्ता है कि कहीं न कहीं उच्च शिक्षा विभाग को जमीनी हकीकत की जानकारी नहीं है। जिसके कारण ही एक ऐसा आदेश जारी किया गया जिसके कारण पूरे प्रदेश में संशय की स्थिति पैदा हो गई। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में से एक हैं। इसलिए सरकार को ऐसी जनहित नीतियां बनानी चाहिए जिससे आम आदमी को लाभ हो। इस तरह के फैसले शिक्षकों एवं कर्मचारियों में अविश्वास पैदा करते हैं। कुटा सचिव डॉ जितेंद्र खटकड़ ने कहा कि सरकार ने देर से ही सही लेकिन सही फैसला लिया है। जिस तरह का पत्र जारी किया गया उसकी कोई जरूरत नहीं थी। भविष्य में सरकार को ऐसे निर्णय लेने से पहले विचार करना चाहिए ताकि विश्वविद्यालय का मौहाल खराब न हो।

### घायल बच्चों का हाल देखने अस्पताल पहुंचे मेयर


अस्पताल में उपचाराधीन बच्चे का स्वास्थ्य जानते मेयर मदान।

**सोनीपत।** गत दिवस राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल की बस एक ट्रक से टककर में दुर्घटना ग्रस्त हो गई। राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक से दुर्घटनाग्रस्त होने के चलते स्कूल बस में सवार लगभग 30 बच्चे घायल हो गए। शनिवार को मेयर निखिल मदान ने फिम्स अस्पताल में पहुंचकर उपचाराधीन दो बच्चों के स्वास्थ्य का हालचाल जाना और उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने निगम क्षेत्र के गांव गढ़शहजान के निवासी अनुज और सोनीपत निवासी मयंक से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य का हाल जाना। इस दौरान ने मेयर ने मौके पर मौजूद चिकित्सकों को बेहतर इलाज करने के लिए कहा और परिजनों से बातचीत कर हादसे की जानकारी ली। मेयर मदान ने कहा कि वो पुलिस प्रशासन से अनुरोध करते हैं कि दुर्घटना के दोषी ट्रक और बस ड्राइवर पर सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए। साथ ही स्कूल प्रशासन को सार्वजनिक यातायात से संबंधित नियमों का कड़ाई से पालन करने को कहा जाए। स्कूल बस के चालकों की नियुक्ति पूरी छानबीन और तय मानकों को पूरा करने के बाद ही की जाए। गौरतलब है कि कुछ परिजनों ने स्कूल बस चालक की लापरवाही को भी दुर्घटना के लिए दोषी बताया है। मेयर निखिल मदान ने कहा कि वो ईश्वर से सभी बच्चों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं और इस कठिनाई के समय में परिजनों के साथ खड़े हैं।

# नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**पुलिस** ने घर बैठे नौकरी देने, वर्क फ्रोम होम का दावा कर ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 2.52 लाख हजार रुपये की नगदी, दो मोबाइल फोन, एक कम्प्यूटर किया गया बरामद किए गए। पुलिस की माने तो आरोपियों ने 100 लोगों के साथ धोखाधड़ी कर करोड़ों रुपये हड़पे है। करनाल की एक महिला ने आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

मामले की आगामी तफ्तीश एएसआई रविन्द्र कुमार पुलिस थाना साइबर अपराध करनाल रेंज, करनाल को सौंपी गई। दौराने तफ्तीश टीम द्वारा रुपये ट्रांसफर होने वाले बैंक खातों की डिटेल खंगाली गई और खातों से रुपये निकालने के स्त्रोत का पता लगाया। जिसके बाद 11 मई को टीम द्वारा विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर टीम द्वारा दो आरोपियों मुकेश कुमार राज वासी गांव मंझौली जिला सीतामढ़ी बिहार हाल प्रशांत गार्डन खोडा कालोनी जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश, जतिन वासी धूमीमल चावडी बाजार थाना हौज काजी सैन्ट्रल दिल्ली को दिल्ली से अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को दिनांक 12 मई को पेश अदालत करके दो दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है। दौराने रिमाण्ड पूछताछ में आरोपियों द्वारा उपरोक्त वारदात को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया।

## रेडक्रास के साथ युवा बनेंगे समाजसेवा के प्रेरक

**चंडीगढ़।** हरियाणा के युवा अब आमजन के लिए समाज सेवा के प्रेरक बनेंगे। हरियाणा रेडक्रास सोसायटी ने इसका खाका तैयार कर लिया है। यूथ रेडक्रास शिविर में हिस्सा लेने वाले स्कूल व कॉलेजों के विद्यार्थियों को सेवाभावी बनाया जाएगा, ताकि वह समाज में नई चेतना व जागृति पैदा करने में अपना सहयोग दें सकें।

हरियाणा रेडक्रास सोसायटी के राज्य महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल ने बताया कि हरियाणा रेडक्रास सोसायटी आजीवन सदस्य बनाने में भी देशभर में अग्रणी है। पिछले वर्ष रेडक्रास ने प्रदेशभर में 12860 नए आजीवन सदस्य जोड़े हैं, जिसके चलते हरियाणा शाखा को सदस्यता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अचीवमेंट पुरस्कार मिला है। हरियाणा रेडक्रास सोसायटी युवाओं को समाजसेवा के साथ जोड़ने के लिए स्कूल व कालेज स्तर पर यूथ रेडक्रास शिविरों का आयोजन करती है।

# स्लोगन राइटिंग में सीमा व पोस्टर मेकिंग में प्राची ने मारी बाजी, मिला पुरस्कार

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**श्री गुरु** नानक प्रीतम गर्ल्ज सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहाबाद के विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर रैली की। इसमें विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा नियमों का नारा लिखी तख्तियां और पोस्टर हाथ में लेकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। गाड़ी धीरे चलाओ, जान बचाओ, हेलमेट पहनो, हमेशा सड़क के बाईं ओर चलो आदि नारे लगाते हुए राहगीरों को जागरूक किया गया।

इससे पहले स्कूल की प्राचार्या दीपांश कौर ने बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि यातायात नियमों की सही जानकारी न होने के कारण हमारे देश में हजारों दुर्घटनाएं होती हैं और रोजाना सैकड़ों लोगों की मौत होती है। इसलिए सभी के लिए जरूरी है कि वे सड़क के नियमों को जानें और उनका पालन करें। इस दौरान सड़क सुरक्षा नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, रंगोली आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में नौवीं कक्षा की सीमा ने प्रथम, समरदीप ने द्वितीय व राधिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्राची ने प्रथम, रेणु बाला ने द्वितीय व सलोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में दिवांशु, नताशा, योगिता, गुरमीत, पलक की टीम प्रथम रही।


सड़क सुरक्षा नियमों पर बनाए पोस्टर दिखातीं छात्राएं।

# परमात्मा से जुड़ने पर यमदूत का भय खत्म हो जाता है : ज्ञानी पतवंत सिंह

## गुरुद्वारा श्री मस्तगढ़ साहिब में ज्येष्ठ महीने की संक्रांति पर किया धार्मिक कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**शहीदों** के स्थान ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्रीमस्तगढ़ साहिब के हैड ग्रंथी ज्ञानी पतवंत सिंह ने कहा कि गुरबाणी अनुसार जो जीव परमात्मा के चरणों से जुड़ जाते हैं, उनमें यमदूत का भय खत्म हो जाता है। वे शनिवार को गुरुद्वारा श्री मस्तगढ़ साहिब में ज्येष्ठ महीने की संक्रांति पर आयोजित कायक्रम में संगत का मार्गदर्शन कर रहे थे।

उन्होंने गुरबाणी शब्द के उदाहरण देकर संगत को परमात्मा से जुड़ने और आवागमन से मुक्ति बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ज्येष्ठ का महीना परमात्मा से जुड़ने का सबसे अच्छा समय है। उन्होंने कहा कि लोग हीरे-मोती जैसी बहुमूल्य संपत्ति इकट्ठा करने के लिए दौड़ रहै हैं और उस धन की चोरी के बारे में भी चिंतित रहते हैं। यदि वे परमात्मा के नाम रूपी धन को अर्जित करें, तो निश्चित रूप से दोनों जहान का सुख प्राप्त कर सकते हैं। इससे पहले संगत द्वारा गुरुद्वारा साहिब में वीरवार से रखे श्री अखंड पाठ साहिब जी का समापन किया गया।

समापन पर गुरुद्वारा साहिब के हजूरी रागी जत्था भाई सरूप सिंह ने रसमयी गुरबाणी कीर्तन कर संगत को निहाल किया। तत्पश्चात गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी ज्ञानी पतवंत सिंह ने सरबत के भले के लिए गुरु चरणों में अरदास की। समागम में लोकल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुखवंत सिंह कलसानी व सदस्य, भारतीय पत्रकार सुरक्षा संघ ट्रस्ट के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रेस क्लब शाहाबाद के चेयरमैन जसबीर सिंह दुग्गल, जिला कष्ट निवारण समिति के पूर्व सदस्य बलदेव सिंह गाबा, प्रीतम सिंह शिंगारी, हरजीत सिंह राणा, सुरजीत सिंह नंबरदार, गुरप्रीत सिंह चट्ठा, महिद्र सिंह, गुरदेव सिंह गाबा, इंद्रपाल सिंह नंबरदार, अवतार सिंह, मनजीत सिंह गाबा, गुरविंद्र सिंह गाबा, नवनीत सिंह गाबा सहित संगत मौजूद रही।



ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री मस्तगढ़ साहिब के हैड ग्रंथी ज्ञानी पतवंत सिंह गुरबाणी शब्द की व्याख्या करते हुए। हजूरी रागी जत्था भाई सरुप सिंह गुरबाणी कीर्तन करते हुए।

## सुकवि-संवाद



सुकवि डॉ.एस.एन.भारद्वाज 'अश्क'
कवि, लेखक एवं वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार
विश्व भारती शिक्षण संस्थान समूह,
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627

### दौलत

माँ बाबा के आशीषों की हम पर ढाल
साथ दिया दुख सुख में अपनों ने हर हाल
खूब कमाया हो लोगों ने धन तो क्या
हम रिश्तों की दौलत से हैं मालामाल

# आर्थिक नीतियों को फिर से तय करने पर विचार करे सरकार : चिदंबरम

## केंद्र एवं राज्यों के राजकोषीय संबंधों की समीक्षा किए जाने की जरूरत

### जीएसटी क्षतिपूर्ति करने की मियाद अगले तीन वर्षों के लिए बढ़ा दी जाए

एजेंसी। उदयपुर

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति पर गंभीर चिंता जताते हुए शनिवार को कहा कि वैश्विक और स्थानीय घटनाक्रमों के मद्देनजर यह जरूरी हो गया है कि उदारीकरण के 30 साल के बाद अब आर्थिक नीतियों को फिर से तय करने पर विचार किया जाए।

पूर्व वित्त मंत्री ने केंद्र सरकार से यह आग्रह भी किया कि राज्यों की खराब वित्तीय स्थिति के मद्देनजर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की क्षतिपूर्ति की मीयाद अगले तीन वर्षों के लिए और बढ़ा दी जाए। उन्होंने कहा कि अब केंद्र एवं राज्यों के राजकोषीय संबंधों की भी समग्र समीक्षा किए जाने की जरूरत है। कांग्रेस के चिंतन शिविर के लिए गठित अर्थव्यवस्था संबंधी समन्वय समिति के संयोजक चिदंबरम ने संवाददाताओं से बातचीत में अर्थव्यवस्था की स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, उदारीकरण के 30 वर्षों के बाद यह महसूस किया जा रहा है कि वैश्विक और स्थानीय घटनाक्रमों को देखते हुए आर्थिक नीतियों को फिर से तय करने के बारे में विचार करने की जरूरत है। पूर्व वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि आर्थिक नीतियों को फिर से तय करने की उनकी मांग का यह मतलब कतई नहीं है कि कांग्रेस उदारीकरण से पीछे हट रही है, बल्कि उदारीकरण के बाद पार्टी आगे की ओर कदम बढ़ा रही है। समन्वय समिति की बैठक में हुई चर्चा से निकले निष्कर्षों का उल्लेख करते हुए चिदंबरम ने कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति गंभीर चिंता का विषय है। पिछले आठ वर्षों में धीमी आर्थिक विकास दर केंद्र में सत्तारूढ़ नरेंद्र मोदी सरकार की पहचान रही है।

उन्होंने दावा किया, महामारी के बाद अर्थव्यवस्था की स्थिति में सुधार बहुत साधारण और अवरोध से भरा रहा है। पिछले पांच महीनों के दौरान समय-समय पर 2022-23 के लिए विकास दर का अनुमान कम किया जाता रहा है। एक सवाल के जवाब में पूर्व गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार में केंद्र और राज्यों के बीच विश्वास पूरी तरह खत्म हो चुका है।

पूर्व वित्त मंत्री ने कहा, भारत सरकार महंगाई का ठीकरा कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी पर नहीं फोड़ सकती। महंगाई में बढ़ोतरी यूक्रेन युद्ध शुरू होने के पहले से हो रही है। उनके मुताबिक, यह असंतोषजनक बहाना है



### सभी धर्म स्थलों पर यथास्थिति बरकरार रहे

**उदयपुर।** कांग्रेस ने ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी परिसर के वीडियोग्राफी सर्वेक्षण संबंधी अदालती आदेश की पृष्ठभूमि में शनिवार को कहा कि देश के सभी धार्मिक स्थलों पर यथास्थिति बरकरार रहनी चाहिए क्योंकि ऐसा नहीं होने पर टकराव की स्थिति पैदा हो सकती है। कांग्रेस नेता चिदंबरम ने चिंतन शिविर में कहा कि धर्म सर्वेक्षण अधिनियम, 1991 को तत्कालीन पीवी नरसिंह राव सरकार ने इसी टकराव से बचने के लिए पारित किया था। उन्होंने ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी परिसर के वीडियोग्राफी सर्वेक्षण के बारे में पूछे जाने पर कहा, धर्म स्थल अधिनियम, 1991 को गहन विचार-विमर्श करके पारित किया गया था। इससे रामजन्मभूमि को अलग रखा गया था। हमारा मानना है कि धार्मिक स्थल जिस स्थिति में है और थे, उसी स्थिति में रहने चाहिए। इनमें किसी तरह का बदलाव नहीं होना चाहिए अन्यथा बड़ा टकराव होगा। इसी टकराव को खत्म करने के लिए तत्कालीन नरसिंह राव सरकार ने इसे पारित किया था।

### रोजगार की स्थिति कभी इतनी खराब नहीं हुई जितनी आज

**चिदंबरम** ने कहा कि महंगाई अस्वीकार्य स्तर पर पहुंच गई है और आगे भी इसके बढ़ते रहने की आशंका है। उनके मुताबिक, रोजगार की स्थिति कभी भी इतनी खराब नहीं रही, जितनी आज है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पेट्रोल-डीजल पर कर बढ़ाकर और जीएसटी की उच्च दर रखने जैसी अपनी गलत नीतियों से महंगाई की आग में घी डालने का काम कर रही है। चिदंबरम ने जीएसटी के बकाए का उल्लेख करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि केंद्र और राज्यों के बीच के राजकोषीय संबंधों की समग्र समीक्षा की जाए। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि राज्यों की खराब हालात को देखते हुए उन्हें जीएसटी की क्षतिपूर्ति करने की मीयाद अगले तीन वर्षों के लिए बढ़ा दी जाए जो आगामी 30 जून को खत्म हो रही है।

# मोदी के नेपाल दौरे से पहले भारत-नेपाल सीमा पर चौकसी तेज



एजेंसी। महाराजगंज

**बुद्ध** पूर्णिमा के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेपाल के लुंबिनी दौरे से पहले उत्तर प्रदेश पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने भारत-नेपाल सीमा पर चौकसी तेज कर दी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि मुख्य रूप से रात में होने वाली घुसपैठ को रोकने के लिए निगरानी की जा रही है। नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 मई को लुंबिनी की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। 2014 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी की यह पांचवीं नेपाल यात्रा होगी। गोरखपुर सेक्टर के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) मंजीत सिंह पड्डा ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की किसी भी गतिविधि को रोकने के लिए सुरक्षा एजेंसियों को सीमा पार करने से पहले लोगों की पहचान करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि नेपाल जाने वाले मुख्य मार्गों के अलावा एसएसबी चौकी पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। एसएसबी के नशीले पदार्थों, हथियारों और महिलाओं की तस्करी रोधी शाखा के प्रशिक्षित श्वान दस्ते को भी तैनात किया गया है। नेपाल सीमा पर मुख्य चेकपोस्ट सोनौली और थुतिबाड़ी में मेटल डिटेक्टर और बैगेज स्कैनर लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि एसएसबी ने मुख्य रूप से रात में होने वाली घुसपैठ को रोकने के लिए सीमा पर चौकसी तेज कर दी है और कर्मियों को पूरे सीमा क्षेत्र में गश्त के दौरान 24 घंटे सतर्क रहने को कहा गया है। खुफिया इकाइयों को सीमा से लगे धार्मिक स्थलों पर भी नजर रखने को कहा गया है। पड्डा ने बताया कि सशस्त्र सीमा बल और नेपाल के साथ सीमा साझा करने वाले महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर और बलरामपुर जिलों में पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है। उत्तर प्रदेश नेपाल के साथ 599.3 किलोमीटर लंबी खुली सीमा साझा करता है, जो सात जिलों पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थ नगर और महाराजगंज से सटी है।

### प्रधानमंत्री 16 मई को लुंबिनी की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे

## संक्षिप्त समाचार

### न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री कोरोना संक्रमित हुईं

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह इस महीने के अंत में अमेरिका की व्यापार यात्रा करने और हार्वर्ड विश्वविद्यालय में संबोधन देने की अपनी योजना पर कायम हैं। अर्डर्न ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर अपनी कोविड जांच की रिपोर्ट साझा की। उन्होंने कहा कि वह अगले हफ्ते की जाने वाली विभिन्न सरकारी योजनाओं की घोषणा से जुड़े कार्यक्रमों में शामिल न हो पाने को लेकर निराश हैं। इनमें सरकार के वार्षिक बजट से लेकर ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती की योजना शामिल है। अर्डर्न ने लिखा, मैं वहां व्यक्तिरूप से उपस्थित नहीं हो सकती, लेकिन मैं टीम के संपर्क में रहूंगी और अपने विचार साझा करूंगी। पूर्ण टीकाकरण करा चुकीं अर्डर्न बीते रविवार से ही अपने वेलिंगटन स्थित आवास में पृथकवास में रह रही हैं।

### अमेरिका में डियर जिले के पास गोलीबारी, तीन घायल

**मिलवॉकी (अमेरिका)।** मिलवॉकी में बक्स खेल के बाद डियर जिले के पास तीन लोगों को गोली मार दी गई, जिससे वे लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मिलवॉकी अग्निशमन विभाग ने बताया कि तीनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों के अनुसार, तीनों की हालत खतरे से बाहर हैं। पुलिस ने बताया कि 29 वर्षीय एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने देखा कि बास्केटबॉल खेल के बाद एक बार के बाहर झगड़ा हो रहा था। डियर जिले से सटे पार्किंग स्थल पर तैनात कर्मचारी बिल रीनमैन ने कहा कि उन्होंने गोलियों की आवाज सुनी लेकिन किसी को गोली मारते या गोली मारने वाले व्यक्ति को नहीं देखा।

### 2023 के ऑस्कर पुरस्कार समारोह की तारीख घोषित

**लॉस एंजेलिस।** अकादमी पुरस्कार के 95वें संस्करण का आयोजन 13 मार्च 2023 को लॉस एंजिलिस में किया जाएगा। आयोजकों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज (एएमपीएएस) ने एक बयान जारी कर बताया कि ऑस्कर पुरस्कारों से जुड़े नामांकन 24 जनवरी 2023 को सार्वजनिक किए जाएंगे। ऑस्कर के इतिहास में यह दूसरी बार है, जब पुरस्कार समारोह मार्च के महीने में आयोजित किया जाएगा। साल 2022 में यह पुरस्कार समारोह 28 मार्च को किया गया था। वार्षिक पुरस्कार समारोह ओवेशन हॉलीवुड के डॉल्बी सभागार में होगा और दुनियाभर के 200 से अधिक क्षेत्रों में एबीसी पर इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

### ट्रंप के खिलाफ चुनावी मुकदमा वापस लेने से इनकार किया

**न्यूयॉर्क।** कोलोराडो के एक न्यायाधीश ने शुक्रवार को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव अभियान, उससे जुड़े दो वकीलों और मुट्ठीभर रूढ़ीवादी मीडिया संगठनों के खिलाफ एक चुनाव प्रणाली कार्यकर्ता द्वारा दायर मानहानि के मुकदमे को खारिज करने से इनकार कर दिया। जिला न्यायाधीश मैरी एवरी मूसा ने 136 पन्नों के अपने फैसले में एरिक कूमर द्वारा दायर मुकदमे को खारिज करने के लिए प्रतिवादियों की ओर से दिए गए विभिन्न तर्कों को ठुकरा दिया। कूमर ने आरोप लगाया है कि उन पर न सिर्फ 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे डेमोक्रेट प्रत्याशी जो बाइडेन के पक्ष में मोड़ने की कोशिश करने के बेबुनियाद आरोप लगाए गए, बल्कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई।

### विधायकों के साथ केजरीवाल की बैठक रद्द

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के मुंडका स्थित एक इमारत में भीषण आग की घटना के मद्देनजर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों के साथ शनिवार को होने वाली बैठक रद्द कर दी गई। मुंडका अग्निकांड में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई और 29 लोग लापता हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा विद्युत वाहन चार्जिंग प्वाइंट के उद्घाटन सहित कई अन्य कार्यक्रमों को भी रद्द कर दिया गया है। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित नगर निगमों द्वारा शुरू किए गए अतिक्रमण रोधी अभियान से निपटने के लिए रणनीति तैयार करने के वास्ते यहां पार्टी विधायकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करने वाले थे। बैठक सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री के सिविल लाइंस स्थित आधिकारिक आवास पर शुरू होने वाली थी। पुलिस ने बताया कि चार मंजिला इमारत में शुक्रवार को आग लगने की घटना में अभी तक 27 लोगों की मौत हो चुकी है।

### शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान यूएई के राष्ट्रपति बने

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में शनिवार को शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान को राष्ट्रपति नियुक्त किया गया। यूएई में शासकों ने घोषणा की कि उन्होंने शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान को राष्ट्रपति के रूप में नियुक्त किया है। देश के सात शेखों की एक बैठक में यह निर्णय लिया गया। गौरतलब है कि यूएई के राष्ट्रपति एवं अबू धाबी के शासक शेख खलीफा बिन जायद अल नाह्यान का शुक्रवार को निधन हो गया था।

# 12 हजार जवान संभालेंगे अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा का जिम्मा

## ड्रोन कैमरे व जम्मू कश्मीर पुलिस की भी होगी कड़ी निगाह

### यात्रा में करीब तीन लाख श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान

एजेंसी। नई दिल्ली

**अर्धसैनिक** बलों के कम से कम 12 हजार जवान और जम्मू कश्मीर पुलिस के सैकड़ों कर्मी ड्रोन कैमरों की मदद से अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अमरनाथ यात्रा 30जून से शुरू हो रही है। कोरोना वायरस संक्रमण के चलते यात्रा का आयोजन दो वर्ष बाद किया जा रहा है। केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने दक्षिण कश्मीर में 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुफा तक की यात्रा के लिए शुक्रवार को सुरक्षा संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। यह यात्रा वर्ष 2021 और 2020 में कोरोना वायरस संक्रमण के कारण नहीं हो सकी थी। वहीं, 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त करने से पूर्व इस यात्रा को तय समय से पहले खत्म कर दिया गया था।

जम्मू कश्मीर में हाल में निशाना बनाकर लोगों की हत्याओं की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है, जिसे देखते हुए अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा सरकार के लिए काफी अहम है। अधिकारियों ने बताया कि गृह सचिव ने अर्धसैनिक बलों और जम्मू-कश्मीर प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों के साथ अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि पहलगाम और बालटाल यात्रा मार्गों में जम्मू-कश्मीर पुलिस के अलावा अर्ध सैनिक बलों के 12,000 जवानों (120 कंपनी) को तैनात किए जाने की संभावना है।



# संजय राउत ने एक देश, एक भाषा की वकालत की

एजेंसी। मुंबई

**शिवसेना** नेता संजय राउत ने शनिवार को एक देश, एक भाषा की वकालत की। उन्होंने कहा कि हिंदी पूरे भारत में बोली जाती है और उसकी स्वीकार्यता भी है।

राउत ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह को यह चुनौती स्वीकार करनी चाहिए कि सभी राज्यों में एक भाषा हो। उनकी यह टिप्पणी तब आई है, जब करीब एक महीने पहले शाह ने कहा था कि हिंदी को अंग्रेजी के विकल्प के तौर पर स्वीकार किया जाना चाहिए, न कि स्थानीय भाषाओं के विकल्प के तौर पर। उनके इस बयान का दक्षिण राज्यों में कई प्रतिष्ठित नेताओं ने विरोध किया था। राउत ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह टिप्पणी की। उनकी यह टिप्पणी तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री के पोनमुडी से जुड़े एक सवाल के जवाब में आई है, जिन्होंने एक दिन पहले हिंदी को कथित तौर पर थोपने की किसी भी कोशिश की निंदा की थी और उन दावों पर सवाल उठाए थे कि इस भाषा को सीखने से रोजगार मिलेगा। हिंदी सीखने वालों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होने का दावा करने वालों पर निशाना साधते हुए पोनमुडी ने पूछा था कि अभी कोयंबटूर में पानी पूरी कौन लोग बेच रहे हैं। उनका इशारा स्पष्ट रूप से इस कार्य से जुड़े हिंदी भाषी विक्रेताओं की ओर था।

तमिलनाडु के मंत्री की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर राउत ने कहा कि उनकी पार्टी ने हमेशा हिंदी का सम्मान किया है। शिवसेना नेता ने कहा, मुझे सदन में जब भी मौका मिलता है, मैं हिंदी में बोलता हूं, क्योंकि देश को सुनना चाहिए कि मैं क्या कहना चाहता हूं, यह राष्ट्र की भाषा है।



### मामा का कटा हुआ सिर लेकर थाने पहुंचा युवक

**सीधी (मप्र)।** मध्य प्रदेश के सीधी जिले में काले जादू के संदेह में एक युवक ने अपने 60 वर्षीय मामा का कथित तौर पर सिर काट दिया और फिर कटा हुआ सिर तथा कुल्हाड़ी हाथ में लेकर पुलिस थाने की ओर चल दिया, लेकिन पुलिस ने उसे रास्ते में ही पकड़ लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। घटना शुक्रवार को जिला मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर जमोड़ी थाना क्षेत्र के कारीमाटी गांव में हुई।

आरोपी युवक (26) को संदेह था कि उसका मामा उस पर जादू टोना कर उसके और परिवार के लिए समस्या पैदा कर रहा है। जमोड़ी थाना प्रभारी शेषमणि मिश्रा ने बताया कि आरोपी लाल बहादुर गौड़ शुक्रवार को अपने मामा मकसूदन गौड़ के घर गया और जादू टोना की बात पर दोनों में कहासुनी हो गई जिसके बाद युवक ने कुल्हाड़ी से मामा पर हमला कर दिया। उन्होंने कहा, हमला इतना तीव्र था कि मकसूदन का सिर धड़ से अलग हो गया।

# टीआरएस नेता कविता ने तेलंगाना दौरे से पहले शाह से किए सवाल

एजेंसी। हैदराबाद

**तेलंगाना** में सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) की विधान परिषद सदस्य कल्वकुंतला कविता ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक बैठक में हिस्सा लेने के लिए शनिवार को हैदराबाद आ रहे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से जरूरी वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि सहित विभिन्न मुद्दों पर कई सवाल किए।

मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी कविता ने ट्विटर पर लिखा कि अमित शाह को तेलंगाना के लोगों को बताना चाहिए कि केंद्र सरकार राज्य को लंबित बकाए का भुगतान कब करेगी। उन्होंने कहा अमित शाह तेलंगाना के लोगों को बताएं कि केंद्र सरकार निम्नलिखित का भुगतान कब करेगी। कहा, वित्त आयोग अनुदान का बकाया 3,000 करोड़ से अधिक, पिछड़ा क्षेत्र अनुदान 1,350 करोड़, जीएसटी मुआवजा 2,247 करोड़ रुपये है। टीआरएस नेता ने आसमान छूती महंगाई, रिकॉर्ड तोड़ बेरोजगारी, भाजपा शासन में बड़े पैमाने पर सांप्रदायिक हिंसा और ईंधन के सबसे महंगा होने से जुड़े सवालों पर शाह की प्रतिक्रिया मांगी। शाह लोगों को समझाएं कि केंद्र पिछले आठ वर्षों के दौरान तेलंगाना में एक भी आईआईएम, आईआईएसईआर, एनआईडी या मेडिकल कॉलेज को मंजूरी देने में नाकाम क्यों रहा। पूछा, अमित शाह क्या यह केंद्र सरकार का सरासर पाखंड नहीं है कि कर्नाटक की ऊपरी भद्रा परियोजना और केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिया जाता।

# बीएसएफ के जवानों ने जम्मू में पाकिस्तानी डोन पर चलाई गोलियां

एजेंसी। जम्मू

**अंतरराष्ट्रीय** सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने शनिवार तड़के पाकिस्तान की ओर से आ रहे एक ड्रोन पर कई गोलियां बरसाईं, जिससे उसे वापस जाना पड़ा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इलाके में यह सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया है कि ड्रोन से कोई हथियार या मादक पदार्थ न गिराया गया हो। बीएसएफ के उप महानिरीक्षक (जम्मू फ्रंटियर) एसपी संधू ने कहा, शनिवार तड़के चौकन्ना बीएसएफ जवानों ने आसमान में चमकती रोशनी देखी और अरनिया इलाके में तत्काल उसकी दिशा में गोलियां चलाईं, जिससे पाकिस्तानी ड्रोन को वापस लौटना पड़ा। इलाके में संयुक्त तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

अधिकारियों के मुताबिक, बीएसएफ जवानों ने तड़के करीब 4.45 बजे पाकिस्तानी ड्रोन को देखा और उसे नीचे लाने के लिए करीब आठ गोलियां चलाईं। हालांकि, ड्रोन हवा में कुछ मिनटों तक मंडराने के बाद वापस चलाया गया। आरएस पुरा सेक्टर के तहत आने वाले इलाके में सघन तलाशी अभियान चल रहा है। गौरतलब है कि अरनिया में यह सात दिनों के भीतर इस तरह की दूसरी घटना है। सात मई को भी बीएसएफ ने इसी इलाके में एक पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलियां चलाई थीं।



# फ्रांस की अध्यक्षता में यूरोपीय संघ में भारत पर महत्वपूर्ण ध्यान

एजेंसी। नई दिल्ली

**फ्रांस** के राजदूत इमैनुएल लेनिन ने कहा है कि फ्रांस की अध्यक्षता में यूरोपीय संघ (ईयू) की परिषद में भारत पर महत्वपूर्ण ध्यान है तथा 27 देशों के समूह और नई दिल्ली के बीच राजनीतिक संबंधों को गहरा करने के साथ-साथ लोगों के आपसी संबंधों को मजबूत करना चाहिए। राजदूत ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच अधिक अकादमिक जुड़ाव का आह्वान करते हुए कहा कि यह साझेदारी के भविष्य में सर्वश्रेष्ठ निवेश होगा। लेनिन शुक्रवार शाम को यूरोपीय संघ इरास्मस-प्लस कार्यक्रम की 35वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक आयोजन को संबोधित कर रहे थे, जिसे 1987 में दुनिया भर के छात्रों के लिए शिक्षा का समर्थन करने के साथ-साथ विश्वविद्यालयों के बीच साझेदारी को प्रोत्साहित करने के लिए स्थापित किया गया था। फ्रांस के राजदूत ने कहा कि इरास्मस कार्यक्रम के तहत 6,000 से अधिक भारतीय छात्रों ने अब तक यूरोप की यात्रा की है, जो दर्शाता है कि यूरोपीय संघ भारत के साथ छात्रों के जरिए जुड़ाव को कितना महत्व देता है। लेनिन ने कहा, पिछले दो वर्षों से फ्रांस इरास्मस छात्रवृत्ति धारकों की सबसे अधिक संख्या का स्वागत करने वाला देश रहा है और हमें इस पर बहुत गर्व है। उन्होंने कहा, यूरोपीय संघ की परिषद में फ्रांस की मौजूदा अध्यक्षता में भारत पर महत्वपूर्ण ध्यान है।

### विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में हिस्सा लेने पर जल्द फैसला लेंगे बोम्मई

**बेंगलुरू।** कर्नाटक के सीएम बसवराज बोम्मई ने शनिवार को कहा कि वह विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में हिस्सा लेने के लिए स्विट्जरलैंड के दावोस शहर के अपने दौरे पर जल्द ही फैसला लेंगे। उन्होंने कहा कि राज्यसभा और विधान परिषद के आगामी चुनावों को देखते हुए उन्हें अपना कार्यक्रम तय करना होगा। इसके अलावा स्थानीय निकाय चुनावों की तारीखों का भी एलान होना है। कहा, मैं आज अपनी प्रस्तावित दावोस यात्रा के बारे में फैसला करूंगा। मैं देश के उन दो मुख्यमंत्रियों में से एक हूं जिन्हें दावोस का निमंत्रण मिला है, यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम होता है। लेकिन चूंकि अब चुनाव बेहद नजदीक आ गए हैं, इसलिए मुझे कितने दिन के लिए जाना चाहिए और कब जाना होगा, इसको लेकर मैं फैसला करूंगा।

# एक जून से दिल्ली सचिवालय में सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगेगा बैन

## प्लास्टिक पर बैन लगाने का मसौदा दिल्ली सरकार ने तैयार किया था

एजेंसी। नई दिल्ली

**दिल्ली** सचिवालय में एक जून से एकल उपयोग (सिंगल यूज)प्लास्टिक से बनी वस्तुओं पर रोक लग जाएगी। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

राय ने बताया कि दिल्ली सचिवालय में एकल प्रयोग प्लास्टिक पर रोक राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध से एक महीने पहले ही प्रभावी हो जाएगी। राय ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि एकल प्रयोग प्लास्टिक के विकल्प जैसे कागज से बने प्लेट, कप, स्ट्रा का इस्तेमाल दिल्ली सचिवालय परिसर में हो। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों से एकल प्रयोग प्लास्टिक से बने बोतल से बचने को कहा जाएगा और उनके स्थान पर कुल्हड़, स्टील के ग्लास या कागज के बने कप का प्रयोग पानी पीने के लिए करने को कहा जाएगा उल्लेखनीय है कि पिछले साल अगस्त में केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी करके पॉलिस्ट्रीन सहित चिह्नित एकल प्रयोग प्लास्टिक के उत्पादों के विनिर्माण, आयात, भंडारण और वितरण, विक्री और इस्तेमाल पर एक जुलाई 2022 से रोक लगाने की घोषणा की थी।





### इन प्रोडक्टों को किया गया चिह्नित

चिह्नित एकल प्रयोग प्लास्टिक के सामान में कान साफ करने की डंडी, गुब्बारों में लगने वाली प्लास्टिक की डंडी, चॉकलेट आइसक्रीम की प्लास्टिक की डंडी, पॉलिस्ट्रीन (थर्माकोल) से बने प्लेट, कप, ग्लास, कांटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, ट्रे, मिठाई के डिब्बों को लपेटने के लिए पन्नी, निमंत्रण कार्ड, सिगरेट के पैकेट, 100 माइक्रान से कम मोटे प्लास्टिक या पीवीसी के बैनर शामिल हैं। दिल्ली में इन वस्तुओं के निर्माताओं, खुदरा विक्रेताओं, आम लोगों और दुकानदारों को पहले ही निर्देश दिया है कि वे 30 जून 2022 तक इन वस्तुओं का भंडार अपने यहां से हटा दें।

# जेलेंस्की बोले, कोई अनुमान नहीं लगा सकता युद्ध कब तक चलेगा

एजेंसी। कीव

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन के लोग रूसियों को देश से बाहर निकालने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं, लेकिन आज कोई यह अनुमान नहीं लगा सकता कि यह युद्ध कब तक चलेगा।

जेलेंस्की ने राष्ट्र के नाम अपने रात्रि वीडियो संबोधन में कहा, यह दुर्भाग्य से न केवल हमारे लोगों पर निर्भर करेगा, जो पहले से ही अपना अधिकतम दे रहे हैं, बल्कि यह हमारे भागीदारों पर, यूरोपीय देशों पर, पूरी स्वतंत्र दुनिया पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि वह उन सभी के आभारी हैं जो रूस पर प्रतिबंधों को मजबूत करने और यूक्रेन को दी जा रही सैन्य एवं वित्तीय सहायता बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा, यह रूसी आक्रमण के सामने स्वतंत्रता की रक्षा के लिए एकमात्र उपाय है। पश्चिमी देशों के लिए यह केवल एक खर्च या खर्च के हिसाब के बारे में नहीं है, यह भविष्य के बारे में है।

जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन ने शुक्रवार को युद्ध के दौरान 200 वें रूसी विमान को मार गिराया और उन्होंने टैंकों, बख्तरबंद वाहनों, हेलीकॉप्टरों और ड्रोन के लिहाज से रूस को भारी नुकसान पहुंचाया है। जेलेंस्की ने कहा, और किसलिए? ताकि लेनिन की मूर्ति अस्थाई रूप से कब्जे वाले जेनिचेस्क में कुछ देर तक और खड़ी रह सके? रूस के लिए और कोई परिणाम नहीं हो सकता है।



# गांवों और सेक्टरों के विकास पर खर्च होंगे 93 करोड़ रुपये

## ग्रेटर नोएडा वेस्ट का प्रवेश द्वार होगा दुरुस्त : सीईओ

● ग्रेनो प्राधिकरण ने 56 कार्यों के लिए निकाला टेंडर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने रखरखाव और विकास कार्यों की गति तेज कर दी है। प्राधिकरण ने गांवों व सेक्टरों के रखरखाव व विकास से जुड़े 56 कार्यों के लिए लगभग 93 करोड़ रुपये के टेंडर निकाले हैं। इन कार्यों में हल्दौनी मोड़ पर बारिश के दौरान जलभराव की समस्या का समाधान के साथ ही 8 स्मार्ट विलेज को विकसित करने, तीन एफओबी बनाने और टिगरी गोलचक्कर से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के प्रवेश द्वार को दुरुस्त करने आदि कार्य शामिल हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ सुरेन्द्र सिंह ने सेक्टरों और गांवों के रखरखाव विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता पर तेजी से कराने के निर्देश दिए हैं। इसे देखते हुए परियोजना विभाग ने 56 कार्यों के लिए लगभग 93 करोड़ रुपये के टेंडर निकाले हैं। प्राधिकरण सूरजपुर-कासना रोड पर कलेक्ट्रेट के सामने, जगत फार्म और ईशान इंस्टीट्यूट के सामने व कैलाश अस्पताल के सामने फुटओवर ब्रिज एफओबी बनाना चाह रहा है। अब तक बीओटी बिल्ट ऑपरेट एंड ट्रांसफर के आधार पर बनाना चाह रहा था, लेकिन कंपनियों के न आने के कारण अब खुद से बनाने का निर्णय लिया है। प्राधिकरण ने इन तीनों एफओबी के लिए फिर से टेंडर निकाले हैं।

ग्रेटर नोएडा के 7 गांवों को स्मार्ट विलेज बनाने के लिए भी टेंडर निकाले गए हैं। इनमें युसुफपुर चक शाहबेरी, अमीनाबाद उर्फ मियाना, चिपियाना खुर्द उर्फ तिगरी, चीरसी, अस्तौली, सिरसा, छपरौला, सादुल्लापुर और जलपुरा शामिल हैं। ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक लगाने और पांच साल तक रखरखाव के लिए 1.27 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किए गए हैं। बारिश के समय में हल्दौनी मोड़ के आसपास जलभराव हो जाता है, जिससे आवाजाही भी बाधित होती है। प्राधिकरण ने हल्दौनी मोड़ से हिंडन तक आरसीसी ड्रेन बनाने का निर्णय लिया है। परियोजना विभाग ने इसके लिए भी टेंडर जारी कर दिए हैं। इस पर करीब 5.05 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

टिगरी रोटरी के पास 60 मीटर चौड़ी रोड पर प्रवेश द्वार का मरम्मत कर और सुंदर बनाया जाएगा। अलग-अलग गांवों में छह फीसदी प्लॉटों के लिए पाइपलाइन का तीन वर्षों तक मेनटेन करने पर 2.38 करोड़ रुपये खर्च होंगे। भनौता गांव में आरसीसी ड्रेन का निर्माण करने के लिए भी टेंडर जारी किए गए हैं। इस पर करीब 44 लाख रुपये खर्च होंगे। सेक्टर अल्फा वन कॉमर्शियल बेल्ट का तीन वर्षों तक रखरखाव के लिए भी टेंडर जारी कर दिए गए हैं। सेक्टर ईटा वन के स्टाफ क्वार्टर के मरम्मत के कार्य जल्द कराने के लिए भी टेंडर निकाले गए हैं।

इसके अलावा प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के टेकजोन फोर के ग्रीन बेल्ट में 6000 वर्ग मीटर एरिया में नर्सरी के आवंटन की स्कीम निकाली है। 13 मई से इसमें आवेदन कर सकते हैं। प्री क्वालीफि केशन बिड खुलने की अंतिम तिथि 26 मई है। प्राधिकरण के महाप्रबंधक परियोजना एके अरोड़ा ने टेंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कर इन कार्यों को शुरू कराने की बात कही है।

# एक करोड़ की कोकीन के साथ 2 तस्कर दबोचे

● एनसीआर में छात्रों को करते थे सप्लाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

वाहनों की जांच के दौरान ग्रेटर नोएडा पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। वाहनों की जांच के दौरान ग्रेटर नोएडा के दादरी में स्थित जीटी रोड पर एक वाहन में करीब एक करोड़ की कोकीन पुलिस ने बरामद की है।

कोकीन के साथ 2 तस्कर भी पुलिस ने दबोचे हैं। यह दोनों काफी समय से दिल्ली, नोएडा और पूरे



एनसीआर में युवाओं को कोकीन की सप्लाई कर रहे थे। यह ग्रेटर नोएडा पुलिस की एक बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा की दादरी पुलिस छपरौला गांव के पास जीटी रोड पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान पुलिस ने एक वाहन से करीब एक करोड़ रुपये की कोकीन बरामद की। पुलिस ने बताया कि बदायूं के रहने वाले राकेश और बिंटू को गिरफ्तार किया है। यह दोनों आरोपी एनसीआर के छात्रों को नशीला पदार्थ बेचते थे। जांच में पता चला है कि यह दोनों मूल रूप से बदायूं के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से 225 ग्राम कोकीन बरामद किया है। जिसकी आज के समय में बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये है। इसके अलावा पुलिस ने इनके कब्जे से 93 हजार रुपये और एक बाइक बरामद की है। पुलिस दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट के सामने पेश कर रही है।

## युवती के साथ गैंगरेप, दो गिरफ्तार एक आरोपी फरार

**नोएडा।** जनपद में एक युवती के साथ 3 युवकों ने गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया है। वारदात के बाद पीड़िता ने सेक्टर-24 थाने में मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने 3 में से 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गैंगरेप आरोपियों में से एक आरोपी अभी फरार है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

सेक्टर.24 थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञान सिंह ने बताया कि नोएडा के हरौला गांव में रहने वाली एक युवती अपने परिवार के साथ रहती है। युवती ने सेक्टर.24 थाने में रिपोर्ट कराई है कि उसे रंजीत नामक युवक उसको बीती रात को सेक्टर-12 स्थित शिमला पार्क में घुमाने ले गया। यहां पर उसके दोस्त अमित और पंकज पहुंच गए। आरोप है कि तीनों ने उसके साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी रंजीत और पंकज को गिरफ्तार कर लिया है।

# नोएडा की युवती हुई लव जिहाद का शिकार, केस दर्ज

## डीसीपी वृंदा शुक्ला ने दिए जांच के आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-39 कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवती का कहना है कि वो लव जिहाद का शिकार हुई है। युवती का आरोप है कि एक विशेष समुदाय के युवक ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर लव मैरिज के कागजात पर हस्ताक्षर करा लिए हैं। युवती ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की है। मामले की जांच डीसीपी महिला सुरक्षा वृंदा शुक्ला कर रही हैं।

सदरपुर गांव निवासी एक युवती ने बताया कि वह सदरपुर में पिछले 16 सालों से अपने मां के साथ रह रही थी। मां सदरपुर में किराना की दुकान चलाती है। दुकान पर अक्सर आबिद सामान लेने आता था। इसी बीच युवती और युवक के बीच दोस्ती हो गई। युवक ने अपना नाम अनिल बताया था। युवती का आरोप है कि युवक ने उससे अपना नाम बदलकर दोस्ती की थी। जब युवती को सच्चाई का पता चला तो उसने दोस्ती खत्म कर दी। जिसके बाद युवक युवती को जान से मारने की धमकी देता था। एक दिन युवक ने युवती को मिलने के लिए बुलाया और उसे अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी में बिठा लिया। गाड़ी में युवक के पिता और एक अन्य व्यक्ति भी बैठा हुआ था। युवक ने युवती की कनपटी पर बंदूक रखते हुए शादी के लिए जबरन हां करवाई और शादी न करने पर उसके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

आरोप है कि युवक 16 अप्रैल 2022 को उसे अपनी कार से दादरी तहसील ले गया। जहां उसने युवती को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाया और जबरन उसके साथ कोर्ट मैरिज कर ली। युवक ने शादी के बाद जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने बताया कि जैसे तैसे करके वह उनके चंगुल से बचकर अपनी मां के पास पहुंची और सारी घटना बताई।

## संक्षिप्त समाचार



सेक्टर-51 होशियारपुर के बालिका इंटर कॉलेज में साइबर अपराध के बारे में जानकारी देतीं इंस्पेक्टर रीटा यादव। फोटो : अंकित

### महिला पत्रकार हुई ठगी का शिकार

**नोएडा।** साइबर ठगी के मामले रोजाना बढ़ते जा रहे हैं। आरोपी लोगों को अलग-अलग तरीकों से ठगी का शिकार बनाते हैं। ऐसा ही एक मामला नोएडा के सेक्टर.22 में देखने को मिला है। सेक्टर-22 में एक पत्रकार महिला के साथ ठगी हुई है। आरोपियों ने महिला के फोन पर लिंक भेजा और 8200 रुपये निकाल लिए है। पैसे निकलने का मैसेज आने पर पीड़ित को ठगी का पता चला है। महिला पत्रकार को ठगों ने उनके पिता का दोस्त बताया और महिला से पिता द्वारा लिए गए उधार रुपयों को वापस करने का झांसा दिया। पीड़ित आरोपियों की बातों में आ गई। आरोपियों ने महिला पत्रकार के पास एक लिंक भेजा और खाते से 8200 रुपये निकाल लिए। पैसे निकलने का मैसेज आने पर महिला पत्रकार को ठगी का पता चला। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गाजियाबाद का नाम बदलने को लेकर दिया ज्ञापन

**गाजियाबाद।** सामाजिक संस्था रस्म के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने शनिवार को गाजियाबाद जिले का नाम बदलने को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में जिले का नाम बदलने की मांग की गई है। सामाजिक संगठन के संयोजक संदीप अधिवक्ता संदीप त्यागी ने बताया कि गाजियाबाद जिले का नाम बदलने को लेकर कई सालों से जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। करीब 128 संगठनों ने भी अपना समर्थन पत्र दिया है। शहर के भाजपा विधायकों को भी जिले का नाम बदलने को लेकर ज्ञापन दिया गया है। त्यागी ने बताया कि शनिवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को दिया गया। ज्ञापन में प्रदेश के मुख्यमंत्री से गाजियाबाद का नाम बदलकर कुछ और रखने की मांग की गई है। महानगर अध्यक्ष ने सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं को अभियान में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में अभियान से जुड़े अशोक भारतीयए डॉक्टर ओपी अग्रवाल एवं दुष्यंत दुष्यंत पुंडीर आदि रहे।

### मजदूर की ऊंचाई से गिरकर मौत

**नोएडा।** सेक्टर 126 क्षेत्र के सेक्टर 128 में एक मकान का निर्माण कार्य कर रहे मजदूर की ऊंचाई से गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। सेक्टर 126 के थाना प्रभारी विकास जैन ने बताया कि सेक्टर 128 में एक व्यक्ति के मकान का निर्माण कार्य कर रहा शाहबाज (21)तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया। गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अगर मृतक के परिजन इस मामले में कोई शिकायत करते हैं तो पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करेगी।

### यमुना एक्सप्रेसवे के लिए सुरक्षा उपायों की नई कार्ययोजना बनेगी

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे पर मई महीने में हुए दो बड़े हादसों के बाद सुरक्षा उपायों पर फिर से योजना बनेगी। इसमें तय लेन का पालन कराने, ओवरलोड वाहनों पर अंकुश, एंबुलेंस व पेट्रोलिंग वाहनों की बढ़ोतरी को शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यमुना एक्सप्रेसवे प्रबंधन और यमुना प्राधिकरण मिलकर नए सिरे से कार्ययोजना बनाकर लागू करेंगे। यमुना एक्सप्रेसवे पर मई महीने में दो बड़े हादसे हुए। एक हादसे में सात और दूसरे हादसे में पांच लोगों की जान चली गई। इन हादसों की वजह आगे चल रहे ओवरलोड वाहन रहे। इन हादसों के लिए इन्हीं वाहनों को जिम्मेदार माना जा रहा है। इन हादसों के बाद यमुना एक्सप्रेसवे पर सुरक्षा उपायों की फिर समीक्षा करने की जरूरत पड़ी है। यमुना एक्सप्रेसवे प्रबंधक और यमुना प्राधिकरण मिलकर नई कार्ययोजना बनाएंगे ताकि हादसों को रोका जा सके।

## कर चोरी में 10 लोहा फर्मों पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** नोएडा, बुलंदशहर और गाजियाबाद में लोहे का कारोबार करने वाली 10 फर्मों के खिलाफ राज्य वाणिज्यकर विभाग ने एफ आईआर दर्ज कराई है। फर्मों के मालिकों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जीएसटी में पंजीकरण कराया था। इसके जरिए 650 करोड़ रुपये का कारोबार दिखाते हुए 128 करोड़ की फर्जी आईटीसी का लेनदेन किया था।

राज्यकर नोएडा और गाजियाबाद जोन की अपर आयुक्त अदिति सिंह ने बताया कि 23 अप्रैल को नोएडा, हापुड़, दादरी, गाजियाबाद, बुलंदशहर, सिकंद्राबाद और खुर्जा में शनिवार को राज्य वाणिज्यकर विभाग की टीमों ने छापेमारी की थी। सातों शहरों में लोहा कारोबारियों की कुल 49 फर्मों को चिह्नित किया गया था। इस दौरान 44 फर्मों पर जांच और सीज करने की कार्रवाई की गई थी। कर और इनपुट टैक्स क्रेडिट आईटीसी चोरी की जानकारी पर यह कार्रवाई की गई थी। फर्मों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जीएसटी में पंजीकरण प्राप्त कर लिया और सिर्फइंवैबिल बनाकर आईटीसी का लाभ ले लिया। उन्होंने कहा कि वास्तविक लाभार्थियों को भी चिह्नित करते हुए आईटीसी ब्लॉक कर वसूली की कार्रवाई की जाएगी। इन मामलों में 27 तहरीर दी गई थी। इनमें से दो फर्मों पर पहले और आठ पर अब एफआईआर दर्ज हुई। वहीं, नोएडा की नौ फर्मों के खिलाफ मामला दर्ज कराने की प्रक्रिया चल रही है।



मुरादनगर गंगनहर में डूबे युवक को तलाशती एनडीआरएफ की टीम।

# गंगनहर में नहाने आए युवक की डूबने से मौत, शव बरामद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● एनडीआरएफ ने घंटो चलाया सर्च अभियान

गर्मी से निजात पाने के लिए मुरादनगर स्थित गंगनहर में नहाने वालों के लिए छलांग लगाना मौत को न्यौता देना साबित हो रहा है। हालांकि, नहाते समय डूबने वालों में युवाओं की तादाद ज्यादा है। दोस्त के संग मुरादनगर स्थित गंगनहर में नहाने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर एनडीआरएफ की टीम सर्च अभियान चलाते हुए घंटों बाद शव को बरामद किया।

एनडीआरएफ कमांडेंट पीके तिवारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह सूचना मिली की खोड़ा कॉलोनी निवासी ललितेश उर्फ कालू 25 मुरादनगर गंगनहर में घाट से करीब 800 मीटर दूरी पर नहाते वक्त डूब गया है। सूचना पर एनडीआरएफ की डीप डाइविंग टीम ने मौके पर पहुंचकर सर्च ऑपरेशन लॉन्च किया। विभिन्न तकनीकि तरीकों का इस्तेमाल करते हुए दोपहर करीब 12: 40 बजे ललितेश के शव को नहर से बरामद कर पुलिस को सौंप दिया गया। आपको बता दें कि छोटा हरिद्वार मुरादनगर गंगनहर में गर्मी आते ही युवाओं की भीड़ बढ़ जाती है। कोई हादसा न हो इसके लिए पुलिस हर वक्त घाट पर मौजूद रहती है। मगर छलांग लगाने के चक्कर में युवा घाट से दूर जाकर अपनी जान को जोखिम में डालते हैं। मुरादनगर थाना एसएचओ सतीश कुमार ने बताया कि गंगनहर पर प्राइवेट गोताखोर तैनात रहते हैं। जगह-जगह चेतावनी बोर्ड लगाया हुआ है। मगर युवा घाट से दूर जाकर छलांग लगाते हैं। गर्मी में नहर पर बढ़ते स्नान को देखते हुए चौकसी और बढ़ा दी गई है।

## मरने से पहले महिला ने दर्ज कराया था रेप का केस

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित रॉयल पार्क हाउसिंग सोसायटी में बीते 13 मई 2022 को एक महिला की लाश बरामद हुई थी। इस मामले में अब बड़ी जानकारी हाथ लगी है। महिला ने मरने से पहले उत्तराखंड के रानीखेत थाने में रेप का एक मुकदमा दर्ज करवाया था। महिला ने अपनी ही सोसाइटी में रहने वाले एक व्यक्ति पर रेप का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया था। इस मामले में उत्तराखंड पुलिस का कहना है कि घटनास्थल गौतमबुद्धनगर का होने के कारण उन्होंने जीरो एफआईआर दर्ज कर परिजनों को सूचना दी थी। इस मामले में नोएडा पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की है, लेकिन कोई भी जानकारी हाथ नहीं लग पाई और ना ही रेप की पुष्टि हुई। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर.142 में स्थित रॉयल पार्क हाउसिंग सोसाइटी में एक 45 वर्षीय महिला अपने 2 बच्चों और पति के साथ रहती थी। बीते 6 मई को महिला संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर से लापता हो गई थी। महिला ग्रेटर नोएडा से उत्तराखंड पहुंच गई थी। उत्तराखंड में स्थित रानीखेत कोतवाली में महिला पहुंची और अपनी सोसाइटी में रहने वाले एक आरोपी के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज करवाया। रानीखेत कोतवाली पुलिस ने इस मामले की जानकारी महिला के परिजनों को दी। थाना प्रभारी नासिर हुसैन का कहना है कि जिस समय वह थाने में आई। उस समय वह काफी डरी हुई थी। उन्होंने अपनी सोसाइटी में रहने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज करवाने की जिद की थी। पुलिस टीम ने उनको काफी समझाने का प्रयास कियाए लेकिन वह किसी की एक सुनने को तैयार नहीं थी।


# पुलिस कमिश्नरेट ने 19 चौकी प्रभारियों का किया तबादला

## गौतमबुद्धनगर जनपद में कानून व्यवस्था दुरुस्त करने में मिलेगी मदद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट में जोन स्तर पर बड़ा फेरबदल किया गया है। नोएडा के डीसीपी राजेश एस ने प्रथम जोन में 34 दारोगाओं के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। जिसमें 19 चौकी प्रभारी और 2 सीनियर सब इंस्पेक्टर शामिल हैं। यह बदलाव कानून व्यवस्था को और भी ज्यादा बेहतर करने के लिए किया गया है। इसके अलावा डीसीपी ने आदेश दिए हैं कि किसी भी इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर के कार्यक्षेत्र में कमी नहीं आनी चाहिए।

चौकी सफ़ाबाद पर तैनात उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार को वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना सेक्टर-58 बनाया गया है। दरोगा जुगल किशोर को वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना सेक्टर.24, कृष्णा पाल सिंह को थाना सेक्टर.58, अरुण कुमार वर्मा को चौकी



प्रभारी सोरखा, उप निरीक्षक निशांत मलिक को थाना सेक्टर.113, वीरभद्र सिंह को चौकी प्रभारी सेक्टर.19, विकास यादव को चौकी प्रभारी अट्टा से पुलिस लाइन, नितिन कुमार को चौकी प्रभारी अट्टा, सोनवीर सिंह को चौकी प्रभारी सदरपुर, मनोज राय को चौकी प्रभारी निठारी, सुशील कुमार को पुलिस लाइन, सत्वीर सिंह परमार को चौकी प्रभारी सफ बिाद, सुनील कुमार शर्मा को थाना फेस.वन, मनोज कुमार को चौकी प्रभारी सेक्टर 29, चंद्रशेखर को थाना सेक्टर.113 में नवीन तैनाती दी है।

उप निरीक्षक संदीप कुमार को चौकी प्रभारी सेक्टर.41, उपनिरीक्षक अजीत सिंह को चौकी प्रभारी सेक्टर.82 कट, जीआईपी चौकी प्रभारी रवि कुमार को थाना सेक्टर.113, अवनीश कुमार को चौकी जीआईपी, राजेंद्र कुमार को चौकी प्रभारी बोटैनिकल गार्डन, मोहम्मद सरताज को चौकी प्रभारी ओखला बैराज, पुष्पेंद्र सिंह को थाना सेक्टर 126, अरविंद कुमार को चौकी प्रभारी सेक्टर 126, सुभाष चंद्र को चौकी प्रभारी 12,22, ब्रह्मपाल सिंह को थाना सेक्टर 126, संदीप कालखंडे को चौकी प्रभारी विष्टाउन, विपिन कुमार को चौकी प्रभारी सेक्टर 51, मनोज कुमार को चौकी प्रभारी गिझौड़, राहुल कुमार को चौकी प्रभारी हरि दर्शन, नबी हसन को थाना सेक्टर 126, अमित कुमार को चौकी प्रभारी सेक्टर 54, कृष्ण वीर सिंह को थाना फेस वन, कृष्ण कुमार दिवाकर को चौकी प्रभारी सेक्टर 56, चंद्रशेखर भारद्वाज को थाना सेक्टर.113 में तैनात किया गया है।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष
( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )

दिन बेहतरीन रहने वाला है। मेहनत रंग लाएगी। परिवार के साथ दिन अच्छा बीतेगा। परिवार के लोग घरेलू कार्यों में मददगार रहेंगे। लोगों के साथ कॉन्फिडेंस से पेश आएंगे, लोग काफी प्रभावित होंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का खास ख्याल रखें, उन्हें धूल-मिट्टी से बचा कर रखें। यात्रा पर जा रहे हैं तो पानी की बोतल जरूर साथ रखें। रुके हुये काम बनेंगे।

**भाग्यांक :** 3
**विशेष :** सूर्य देवता को जल दें।

### वृष
( ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो )

मुनाफे के नजरिए से स्टॉक और म्यूचुअल फंड में निवेश करना फायदेमंद रहेगा। सामाजिक जलसों और कार्यक्रमों में भाग लेंगे, तो संगी-साथियों की फेहरिस्त में इजाफा कर सकते हैं। आज प्रिय का एक अलग ही अन्दाज देखने को मिल सकता है। सुनी-सुनाई बातों पर आंखें मूंदकर यकीन न करें और उनकी सच्चाई को भली-भांति परख लें। प्यार को सराहने का यह सही दिन है।

**भाग्यांक :** 2
**विशेष :** गुड़ का दान करें।

### मिथुन
( का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा )

दिन सामान्य रहने वाला है। हाल ही में शुरू किये हुए बिजनेस से उम्मीद से अधिक लाभ मिल सकता है। अनजान से निजी बातें शेयर ना करें। आपको बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। छोटी गलती आपके लिये परेशानी बन सकती है। लवमेट के साथ अधिक टाइम स्पेंड करने की कोशिश करें। रोमांटिक ट्रिप पर जाने की बजाय पारिवारिक पिकनिक पर जाना बेहतर रहेगा। सारी परेशानियां दूर होंगी।

**भाग्यांक :** 9
**विशेष :** बहते हुए जल में श्रीफल प्रवाहित करें।

### कर्क
( ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो )

योजनाओं में निवेश करने से पहले दो बार सोचें जो आज आपके सामने आयी हैं। कल्पनाओं के पीछे न दौड़ें और यथार्थवादी बनें- वक्त दोस्तों के साथ गुजारें- क्योंकि यह काफी अच्छा साबित होगा। एक लम्बा दौर जो काफी समय से आपको दबोचे हुए था, खत्म हो चुका है क्योंकि जल्दी ही आपको आपका जीवन-साथी मिलने वाला है। आपको महसूस होगा कि शादी के वक्त किए गए सारे वादे सच्चे हैं।

**भाग्यांक :** 3
**विशेष :** सूर्य नमस्कार करें।

### सिंह
( मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे )

दिन तरक्की देने वाला है। जो लोग कला के क्षेत्र से जुड़े हैं उन्हें पुरस्कार से सम्मानित किया जा सकता है। आप भावनात्मक होकर कोई फैसला न लें। डर, शंका और लालच जैसी नकारात्मक भावनाओं को पीछे छोड़ दें, तरक्की मिलनी तय है। बहन को कोई प्यारा सरप्राइज दें, रुका हुआ काम पूरा हो जाएगा। आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। स्वास्थ्य थोड़ा डाउन हो सकता है। बेहतर स्वास्थ्य के लिये मौसमी फल खायें। वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की जरूरत है।

**भाग्यांक :** 2
**विशेष :** गाय को बेसन के दो लड्डू खिलायें।

### कन्या
( टो ,पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो )

आज दान-पुण्य के काम मानसिक शान्ति और सुकून देंगे। सट्टेबाजी के जरिए आर्थिक हालात सुदृढ़ होंगे। छोटे भाई-बहन राय मांग सकते हैं। प्रिय द्वारा कही गयी बातों के प्रति काफी सम्वेदनशील होंगे। जज्बात पर काबू रखें और ऐसा कोई गैरजिम्मेदाराना काम न करें जिसके लिए बाद में आपको पछताना पड़े। उन लोगों की तरफ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो मदद की गुहार करेंगे। वैवाहिक जीवन के लिए यह कठिन समय है। सेहत का ध्यान रखें।

**भाग्यांक :** 9
**विशेष :** जरूरतमंद को कपड़े दान करें।

### तुला
( रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

सेहत की चिंता करने की कतई जरूरत नहीं है। आस-पास के लोग आपको प्रोत्साहित करेंगे और सराहेंगे। दिन चढ़ने पर वित्तीय तौर पर सुधार आएगा। बढ़िया दिन है सबके ध्यान को अपनी तरफ खींचेंगे आपके सामने चुनने के लिए कई चीजें होंगी और आपके सामने समस्या यह होगी कि किसे पहले चुना जाए। नये रोमांस की संभावना प्रबल है, प्रेम का फूल जिन्दगी में जल्दी ही खिल सकता है।

**भाग्यांक :** 9
**विशेष :** छोटे बच्चों के खिलौने बांटें।

### वृश्चिक
( तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

दिन शानदार रहने वाला है। रुका हुआ काम आज समय पर पूरा हो जाएगा। मन प्रसन्न रहेगा। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को धनलाभ हो सकता है। छात्र स्टडी में आ रही प्रॉब्लम्स को आसानी से सॉल्व कर लेंगे। बच्चों के साथ दिन मौज-मस्ती में बीतेगा। पार्क में घूमने जा सकते हैं। सारे काम सफल होंगे। वैवाहिक जीवन में कई उतार-चढ़ाव के बाद एक-दूसरे के प्यार को सराहने का यह सही दिन है।

**भाग्यांक :** 9
**विशेष :** माता-पिता के पैर छूकर दिन की शुरुआत करें।

### धनु
( ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे )

अच्छी खबर मिल सकती है। कमीशन, लाभांश या रोयल्टी के जरिए फायदा होगा। परिवार की भलाई के लिए मेहनत करें। कामों के पीछे प्यार और दूरदृष्टि की भावना होनी चाहिए, न कि लालच का जहर। वे कपड़े न पहनें जो प्रिय को पसंद न हों, नहीं तो मुमकिन है कि वो आहत महसूस करें। साफगोई से मन की बात कहने में घबराएं नहीं। जीवनसाथी का सख्त और रूखा पहलू देखने को मिल सकता है, जिससे असहज महसूस करेंगे।

**भाग्यांक :** 3
**विशेष :** पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें।

### मकर
( भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी )

आज आपको दिक्कतों और मतभेदों का सामना करना पड़ सकता है, झुंझलाहट और बेचैनी महसूस करेंगे। सांस्कृतिक परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। लापरवाह रवैया माता-पिता को दुःखी कर सकता है। नयी परियोजना शुरू करने से पहले उनकी राय भी जान लें। दोस्तों में प्रगाढ़ता के चलते रोमांस का फूल खिल सकता है। यात्रा के कारण आप आपाधापी और तनाव का शिकार हो सकते हैं।

**भाग्यांक :** 1
**विशेष :** बहते जल में तिल प्रवाहित करें।

### कुंभ
( गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा )

दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा। जरूरी काम को पूरा करने में थोड़ी दिक्कतें आएंगी, ग्रुप के सहयोग से काम पूरा हो जायेगा। जमीन खरीदने की सोच रहे हैं तो उसमें कुछ रुकावट आ सकती है। लवमेट शाम तक कहीं लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे। रिश्तों में मधुरता आएगी। वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाकर चलें, ट्रैफिक सिग्नल पर फाइन भरना पड़ सकता है। खुशियों का आगमन होगा। चिट्ठी-पत्री में सावधानी बरतने की जरूरत है।

**भाग्यांक :** 8
**विशेष :** गाय को गुड़ खिलाएं।

### मीन
( दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची )

दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। परिवार में नई जिम्मेदारी भी मिलने की सम्भावना बन रही है। नए मौकों का भरपूर फायदा उठाएंगे, चेहरे पर मुस्कान बनी रहेगी। जीवन में बदलाव लाने का कोई नया तरीका अपना सकते हैं। नए लोगों से मुलाकात होगी, लोग आपसे जुड़ना चाहेंगे। सेहत पर ध्यान देने की जरूरत है। जीवन में खुशहाली आएगी। आने वाले दिनों में बहुत-से मौके हाथ लगेंगे। टैक्स और बीमे से जुड़े विषयों पर गौर करने की जरूरत है।

**भाग्यांक :** 6
**विशेष :** माता को प्रणाम करें।

# रॉयल्स को हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की करने उतरेगी लखनऊ

## सुपर जाइंट्स की टीम 16 अंक के साथ दूसरे स्थान पर चल रही है

**एजेंसी।** मुंबई

पूरे सत्र के दौरान शानदार फॉर्म में चल रही लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम पिछले मैच में मिली हार से उबरकर रविवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को हराकर प्ले आफ में अपनी जगह पक्की करने के इरादे से उतरेगी।

लगातार चार जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही लोकेश राहुल की अगुआई वाली सुपर जाइंट्स की टीम ने पिछले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ हार के साथ अपना नंबर एक स्थान इस टीम को गंवा दिया था। सुपर जाइंट्स की टीम 16 अंक के साथ दूसरे स्थान पर चल रही है और प्लेऑफ की शुरुआत से पहले एक और मैच गंवाना नहीं चाहेंगी।

रॉयल्स की टीम भी पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आठ विकेट की करारी हार के बाद वापसी करके प्ले आफ में जगह बनाने का अपना दावा मजबूत करने की कोशिश करेगी। सपुर जाइंट्स की टीम अगर रविवार को जीत दर्ज करती है तो उसकी प्लेऑफ में जगह सुनिश्चित हो जाएगी। रॉयल्स की टीम भी अगर जीत दर्ज करती है तो अंतिम चार में जगह बनाने की तरफ एक और कदम बढ़ा लेगी। लखनऊ की टीम के लिए कप्तान राहुल और क्विंटन डिकॉक को एक बार फिर अधिकांश रन जुटाने होंगे। टाइटंस के खिलाफ ये दोनों सस्ते में पवेलियन लौट गए थे और रॉयल्स के खिलाफ उम्दा पारी खेलना चाहेंगे। राहुल 12 मैच में 459 रन के साथ टूर्नामेंट के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक हैं और अब तक दो शतक और इतने ही अर्धशतक जड़ चुके हैं। डिकॉक ने अब तक तीन अर्धशतक की मदद से 12 मैच में 355 रन जुटाए हैं। दीपक हुड्डा भी अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं और अब तक तीन अर्धशतक की मदद से 347 रन बना चुके हैं। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज में बड़े शॉट खेलने की क्षमता भी है। रॉयल्स की टीम की नजरें एक बार फिर इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर पर टिकी होंगी जो 12 मैच में तीन अर्धशतक और इतने ही अर्धशतक की बदौलत 625 रन बना चुके हैं। टीम के उनके साथी बल्लेबाज हालांकि अच्छी फॉर्म में नहीं हैं।



### टीम इस प्रकार हैं

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** लोकेश राहुल (कप्तान), मनन वोहरा, एविन लुईस, मनीष पांडे, क्विटन डिकॉक, रवि बिश्नोई, दुष्मंता चमीरा, मोहसिन खान, मयंक यादव, अंकित राजपूत, आवेश खान, एंड्रयू टाय, मार्कस स्टोइनिस, काइल मेयर्स, करण शर्मा, कृष्णप्पा गौतम, आयुष बडोनी, दीपक हुड्डा, कृणाल पंड्या और जेसन होल्डर।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, शिमरोन हेटमायर, देवदत्त पडिक्कल, प्रसिद्ध कृष्णा, युजवेंद्र चहल, रियान पराग, केसी करियप्पा, नवदीप सैनी, ओबेद मैकॉय, अनुनय सिंह, कुलदीप सेन, करुण नायर, ध्रुव जुरेल, तेजस बरोका, कुलदीप यादव, शुभम गढ़वाल, जेम्स नीशाम, नाथन कूल्टर-नाइल, रेस वान डेर डुसेन और डेरिल मिशेल।

समय: मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

### सुपरकिंग्स के खिलाफ शीर्ष दो में जगह पक्की करने उतरेगा गुजरात

**मुंबई।** प्लेऑफ में जगह सुनिश्चित कर चुकी गुजरात टाइटंस की टीम रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग में खिताब की दौड़ से बाहर हो चुकी चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ जीत दर्ज करके शीर्ष दो में जगह पक्की करने का प्रयास करेगी। टाइटंस की टीम 12 मैच में 18 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही है और रविवार को जीत से टीम की शीर्ष दो में जगह लगभग सुनिश्चित हो जाएगी, जिसका मतलब होगा कि टीम को फाइनल में जगह बनाने का एक अतिरिक्त मौका मिलेगा। लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में 62 रन की जीत के साथ टाइटंस ने प्ले आफ में जगह पक्की की जबकि सुपरकिंग्स को अपने पिछले मैच में मुंबई इंडियन्स के खिलाफ पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा।



# आईपीएल : केकेआर ने छह विकेट पर बनाए 177 रन

**एजेंसी।** पुणे

**कोलकाता** नाइट राइडर्स (केकेआर) ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में शनिवार को यहां छह विकेट पर 177 रन बनाए। केकेआर की तरफ से आंद्रे रसेल ने नाबाद 49 और सैम बिलिंग्स ने 34 रन बनाए। सनराइजर्स के लिए उमरान मलिक ने 33 रन देकर तीन विकेट लिए। रिंकू सिंह टी. नटराजन की गेंद पर आउट हो गए। अंपायर के आउट देने के बाद रिंकू दूसरे बल्लेबाज बिलिंग्स के यह चर्चा कर रहे थे कि रिव्यू लें या न लें।

तब तक 15 सेंकेंड बीत गए। रिंकू को पवेलियन लौटना पड़ा। इस मसले पर अंपायर और दोनों बल्लेबाजों के बीच कुछ समय तक बहस भी हुई। सैम बिलिंग्स 34 रन बनाकर भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर आउट हुए।

# सीबीआई ने आईपीएल मैच फिक्सिंग के आरोप में सात लोगों पर मामला दर्ज किया

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पाकिस्तान से मिली सूचना के अधार पर वर्ष 2019 में आईपीएल मैच की कथित फिक्सिंग करने के आरोप में सात संदिग्ध सट्टेबाजों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

एजेंसी ने इस सबंध में दो प्राथमिकी दर्ज की हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने मामले में राष्ट्रव्यापी जांच शुरू की है और दिल्ली, हैदराबाद, जयुपर और जोधपुर में सात ठिकानों की तलाशी ली है। प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि एजेंसी को जानकारी मिली कि क्रिकेट सट्टेबाजी में संलिप्त व्यक्तियों का नेटवर्क पाकिस्तान से मिली सूचना के आधार पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के तहत होने वाले मैचों के नतीजों को प्रभावित कर रहा है।



## संक्षिप्त समाचार

### ट्रैप टीम ने सुहल जूनियर विश्व कप में दो रजत पदक जीते

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष और महिला ट्रैप टीमों ने दो और रजत पदक अपने नाम किए जिससे जर्मनी के सुहल में चल रहे आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में देश ने तालिका में अपना शीर्ष स्थान मजबूत कर लिया। भारत ने शुक्रवार को दो रजत पदक जीते। इस समय भारत आठ स्वर्ण और आठ रजत पदक से पहले स्थान पर है जबकि आस्ट्रेलिया और अमेरिका संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं जिनके नाम एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक है। पहले महिला वर्ग में प्रीति रजक, सबीरा हैरिस और भाव्या त्रिपाठी की ट्रैप तिकड़ी को स्वर्ण पदक के मुकाबले में इटली से 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। फिर शार्दुल विहान, आर्य वंश त्यागी और विवान कपूर की पुरुष ट्रैप तिकड़ी को स्वर्ण पदक के मैच में अमेरिका से 4-6 से हार मिली। भारत के जूनियर विश्व कप में शॉटगन स्पर्धा में पहले दो पदक हैं।

### चैंपियनशिप में खिताब की रक्षा को नहीं उतरेंगे मिकेलसन

**न्यूयॉर्क।** दिग्गज गोल्फर फिल मिकेलसन ने पीजीए चैंपियनशिप में अपने खिताब की रक्षा नहीं करने का फैसला किया है जिससे प्रतिस्पर्धी गोल्फ से उनकी दूरी बनी रहेगी। सऊदी समर्थित प्रतिद्वंद्वी लीग का समर्थन करने और पीजीए टूर पर लालची होने का आरोप लगाने के बाद से मिकेलसन किसी प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट में नहीं खेले हैं। मिकेलसन ने पिछले साल पीजीए टूर्नामेंट में इतिहास रचा था जब काइवा आइलैंड में उन्होंने 50 साल की उम्र में खिताब जीता था और मेजर प्रतियोगिताओं के 161 साल के इतिहास में सबसे उम्रदराज चैंपियन बने थे। मिकेलसन छह फरवरी को सऊदी इंटरनेशनल में खेलने के बाद से किसी प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट में नहीं खेले हैं और सार्वजनिक तौर पर नजर भी नहीं आए हैं। इस स्टार गोल्फर ने पीजीए चैंपियनशिप के लिए अनुबंध करने की 25 अप्रैल की समय सीमा का पालन किया था और उनके मैनेजर ने कहा था कि मिकेलसन खेलने को लेकर सुनिश्चित नहीं है, लेकिन अपने विकल्प खुले रखना चाहते हैं। पीजीए आफ अमेरिका ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर टूर्नामेंट में नहीं खेलने के उनके फैसले की घोषणा की।

### स्पेन, जर्मनी ने महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**नई दिल्ली।** गत चैम्पियन स्पेन और जर्मनी ने यूएफा यूरोपीय चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचकर अक्टूबर में भारत में होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। स्पेन और जर्मनी ने बोस्निया और हर्जेगोविना में खेली जा रही यूरोपीय महिला अंडर-17 चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में क्रमश फ्रांस और नीदरलैंड को हराया। अब रविवार को होने वाले फाइनल में दोनों एक दूसरे के आमने सामने होंगे। फ्रांस और नीदरलैंड के बीच रविवार को होने वाले तीसरे स्थान के मुकाबले की विजेता टीम भी फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के लिए यूरोप से क्वालीफाई करने वाली तीसरी टीम होगी। फीफा ने भारत में होने वाले आयु ग्रुप महिला टूर्नामेंट के लिए यूरोप को तीन स्थान दिए हैं। जर्मनी और स्पेन इस तरह चीन, जापान, न्यूजीलैंड, अमेरिका, कनाडा, मेक्सिको, ब्राजील, चिली, कोलंबिया और मेजबान भारत के साथ शामिल हो जाएंगे जिन्होंने 11 से 30 अक्टूबर तक होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के लिए अपने स्थान सुनिश्चित कर लिए हैं। सोलह टीमों के विश्व कप के लिए अभी सिर्फ अफ्रीकी प्रतिनिधित्व करने वाली टीम का पता नहीं चला है। अफ्रीकी क्वालीफाइंग का फाइनल दौर अभी किया जाना बाकी है।

# तमिलनाडु सरकार ने 44वें शतरंज ओलंपियाड की तैयारी शुरू की

**एजेंसी।** चेन्नई

तमिनालडु सरकार ने महाबलीपुरम में 44वें शतरंज ओलंपियाड के आयोजन की तैयारी शुरू करते हुए 18 कार्य समितिओं का गठन किया और साथ ही भारत में खेल की केंद्रीय संचालन संस्था अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के साथ अनुबंध किया ।तमिलनाडु सरकार और एआईसीएफ के बीच महाबलीपुरम में 28 जुलाई से 10 अगस्त तक होने वाले टूर्नामेंट के आयोजन के लिए सहमति पत्र (एमओयू) पर मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए। युवा कल्याण, खेल एवं पर्यावरण राज्य मंत्री सिवा वी मेयानाथन, मुख्य सचिव वी इराई अंबु, प्रधान सचिव अपूर्वा, एसडीएटी सदस्य आर आनंदकुमार, ओलंपियाड के विशेष अधिकारी दारेज अहमद, एआईसीएफ अध्यक्ष संजय कपूर, एआईसीएफ सचिव भरत सिंह चौहान भी इस मौके पर मौजूद थे। 1



# फेलिक्स को हराकर नोवाक जोकोविच सेमीफाइनल में

**एजेंसी।** रोम

**दुनिया** के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कड़े मुकाबले में शुक्रवार को फेलिक्स आगर एलियासिम को सीधे सेट में हराकर इटली ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

वर्ष 2021 में कैलेंडर ग्रैंडस्लैम पूरा करने से सिर्फ एक मैच दूर पहुंचे जोकोविच ने फेलिक्स को 7-5, 7-6 से हराया। जोकोविच ने इस जीत के साथ सुनिश्चित किया कि सोमवार को जब नवीनतम एटीपी रैंकिंग जारी होगी तो दूसरे नंबर के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव उन्हें पछाड़ नहीं पाएंगे।



# रायुडू ने आईपीएल से संन्यास की घोषणा के बाद वापस लिया फैसला

### अंबाती रायुडू ने सोशल मीडिया पर की थी संन्यास की घोषणा

**एजेंसी।** मुंबई

चेन्नई सुपर किंग्स के खेमे की उथल-पुथल एक बार फिर सामने आई जब अनुभवी बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने सोशल मीडिया पर आईपीएल से संन्यास की घोषणा की, लेकिन एक घंटे के अंदर टीम प्रबंधन द्वारा संपर्क किए जाने के बाद इस वह इस फैसले से पीछे हट गए।



चेन्नई की टीम पहले ही प्ले-ऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है। टीम के हालांकि अभी कुछ मैच बाकी हैं। पूर्व कप्तान रवींद्र जडेजा चोटिल होने के कारण पहले ही टीम का साथ छोड़कर अपने घर चले गए है। इस घटना ने हालांकि इन अटकलों को हवा दिया कि उनका प्रबंधन के साथ विवाद हो गया है। रायुडू ने शनिवार की सुबह ट्विटर के जरिए इस लीग से संन्यास की घोषणा की। भारत के सीमित ओवर प्रारूप के इस खिलाड़ी ने ट्वीट किया, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि यह मेरा आखिरी आईपीएल होगा। मुझे इस लीग के अपने 13 साल के सफर में दो महान टीमों का हिस्सा बनने का मौका मिला और उनके साथ मैंने शानदार समय बिताया। इस शानदार यात्रा के लिए मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स को ईमानदारी से धन्यवाद देना चाहूंगा।

# चीन 2023 एएफसी एशियाई कप की मेजबानी नहीं करेगा

**एजेंसी।** कुआलालंपुर

चीन ने देश में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए अगले साल एएफसी एशियाई कप फाइनल चरण की मेजबानी नहीं करने का फैसला किया है। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने शनिवार को कहा कि चीन के फुटबॉल संघ ने उसे आधिकारिक तौर पर सूचित कर दिया है कि वह अगले साल महाद्वीपीय टूर्नामेंट की मेजबानी नहीं कर पाएगा।

एएफसी ने एक बयान में कहा, चीनी फुटबॉल संघ (सीएफए) के साथ व्यापक चर्चा के बाद, एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) को सीएफए द्वारा आधिकारिक तौर पर सूचित किया गया है कि वह एएफसी एशियाई कप 2023 की मेजबानी नहीं कर पाएगा।



चीन को जून 2019 में पेरिस में एएफसी की बैठक के बाद 2023 एएफसी एशियाई कप के मेजबान के रूप में नामित किया गया था। इस 24 टीमों की प्रतियोगिता को अगले साल 16 जून से 16 जुलाई तक देश के 10 शहरों में खेला जाना था। एएफसी ने कहा, एएफसी कोविड-19 महामारी के कारण हुई असाधारण परिस्थितियों को स्वीकार करता है, जिसके कारण चीन ने मेजबानी के अपने अधिकारों को त्यागने का फैसला किया

# टखने में चोट लगने के बाद भी हार न मानने को प्रतिबद्ध था : प्रणय

### हार न मानने की मानसिकता ने जीत के दौरान प्रेरित किया

**एजेंसी।** बैंकॉक

टखने में चोट के बाद भी अपने करियर की सबसे यादगार जीत में से एक दर्ज करने के बाद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में हार न मानने की मानसिकता ने उन्हें थॉमस कप सेमीफाइनल में डेनमार्क पर शानदार जीत के दौरान प्रेरित किया।

प्रणय ने निर्णायक एकल मैच में शानदार प्रदर्शन किया, जिससे भारतीय पुरुष टीम ने शुक्रवार को यहां डेनमार्क पर 3-2 से जीत के साथ इतिहास रच दिया। भारतीय टीम पहली बार थॉमस कप के फाइनल में पहुंचने में सफल रही।



दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी रास्मस गेमके के खिलाफ प्रणय को कोर्ट पर फिसलने के कारण टखने में चोट भी लगी लेकिन इस भारतीय ने मेडिकल टाइमआउट लेने के बाद मुकाबला जारी रखा। वह कोर्ट पर दर्द में दिख रहे थे, लेकिन इस परेशानी के बावजूद उन्होंने 13-21, 21-9, 21-12 से जीत दर्ज कर भारत का नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करा दिया। प्रणय ने मुकाबले के बाद कहा, मानसिक रूप से मेरे दिमाग में बहुत सी बातें चल रही थीं। फिसलने के बाद मुझे सामान्य से अधिक दर्द महसूस हो रहा था और मैं ठीक से चल भी नहीं कर पा रहा था। मैं सोच रहा था कि ऐसी स्थिति में क्या करना है। उन्होंने कहा, मेरे दिमाग में हार नहीं मानने की बात चल रही थी, मैं बस कोशिश करके देखना चाहता था कि चीजें कैसी चल रही है। मैं प्रार्थना कर रहा था कि दर्द न बढ़े। मेरा दर्द दूसरे गेम के दौरान कम होने लगा था और तीसरे गेम के दौरान मैं काफी बेहतर महसूस कर रहा था।

भारतीय टीम 1979 के बाद से कभी भी सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ सकी थी। लेकिन उसने जुझारू जज्बा दिखाते हुए 2016 के चैम्पियन डेनमार्क को हरा दिया। प्रणय ने कहा कि मेडिकल टाइमआउट के बाद कोर्ट में जाकर उनकी योजना अपने प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बनाए रखने की थी और इसने उनके पक्ष में काम किया।

# पंजाब किंग्स के साथ पारी का आगाज करने का लुत्फ उठा रहे जॉनी बेयरस्टो



**एजेंसी।** मुंबई

**जॉनी** बेयरस्टो ने हाल में इंग्लैंड के लिए काफी मुकाबलों में पारी का आगाज नहीं किया है, लेकिन वह मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स की ओर से सलामी बल्लेबाज की भूमिका का लुत्फ उठा रहे हैं।

बेयरस्टो ने शुक्रवार को सिर्फ 29 गेंद में चार चौकों और सात छक्कों की मदद से 66 रन की पारी खेली जिससे पंजाब किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को 54 रन से हराया। बेयरस्टो ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मैंने जिस तरह सलामी बल्लेबाजी से सामंजस्य बैठाया है उससे मैं खुश हूं। शीर्ष क्रम पर दोबारा खेलने का काफी लुत्फ उठा रहा हूं। बेयरस्टो मौजूदा टूर्नामेंट के लिए देर से पहुंचे और शुरुआत में मध्यक्रम में बल्लेबाजी की जहां उन्हें लय में आने के लिए जूझना पड़ा। टीम प्रबंधन ने इसके बाद उन्हें शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी का मौका दिया और कप्तान मयंक अग्रवाल ने मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ सलामी बल्लेबाज के रूप में पहले मुकाबले में बेयरस्टो सिर्फ एक रन ही बना सके लेकिन इसके बाद उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 56 और फिर शुक्रवार को 66 रन की पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की। पिछले दो साल में बेयरस्टो ने इंग्लैंड के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में अधिकांश समय मध्यक्रम में बल्लेबाजी की है, लेकिन कुछ मुकाबलों में उन्होंने पारी का आगाज भी किया है।

जब जोस बटलर नहीं खेल रहे होते तो बेयरस्टो विकेटकीपर की भूमिका भी निभाते हैं। बेयरस्टो ने कहा, इंग्लैंड के लिए खेलना और यहां खेलना दो बिलकुल अलग बाते हैं। मध्यक्रम में इंग्लैंड के लिए मुझे अलग भूमिका निभानी होती है और यहां आप आंकड़े देख सकते हो कि मैं पारी का आगाज करने का लुत्फ उठा रहा हू।

# इंडोनेशिया के खिलाफ डेविस कप फाइनल में इतिहास रचने उतरेगा भारत

## इंडोनेशिया की टीम ने टूर्नामेंट में अब तक कोई मुकाबला नहीं गंवाया

**एजेंसी।** बैंकॉक

**आत्मविश्वास** से भरा भारत रविवार को यहां थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया के खिलाफ एक बार फिर इतिहास रचने के इरादे से उतरेगा।

गत चैंपियन इंडोनेशिया का इस टूर्नामेंट में रिकॉर्ड शानदार रहा है और टीम मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक अजेय रही है। भारतीय पुरुष टीम ने हालांकि मलेशिया और डेनमार्क जैसी टीम को हराकर पहली बार फाइनल में जगह बनाई है और दिखाया है कि वे किसी भी टीम को हराने की क्षमता रखते हैं। भारत के लिए यह एतिहासिक लम्हा है। अपने से बेहतर रैंकिंग वाली टीम के खिलाफ भारतीय खिलाड़ियों में आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं दिखी और पिछले दो मैच में पिछड़ने के बावजूद टीम ने मानसिक मजबूती दिखाते हुए जीत दर्ज की।



इंडोनेशिया की टीम ने टूर्नामेंट में अब तक कोई मुकाबला नहीं गंवाया है जबकि भारत को एकमात्र शिकस्त का सामना ग्रुप चरण में चीनी ताइपे के खिलाफ करना पड़ा। इंडोनेशिया ने नॉकआउट चरण में जून और जापान को हराया तो भारत ने पांच बार के पूर्व चैंपियन मलेशिया और 2016 के विजेता डेनमार्क को शिकस्त दी। भारत के स्टार पुरुष खिलाड़ियों किदांबी श्रीकांत और एसएस प्रणय ने जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाई है और अब तक अपने सभी पांच मुकाबले जीते हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने भी प्रभावी प्रदर्शन किया है।

### प्रणय ने डेनमार्क के खिलाफ भारत को दिलाई थी जीत

**अगर** मुकाबला करीबी रहता है तो फिर प्रणय को दुनिया के 24वें नंबर के खिलाड़ी शेसार हिरेन रुस्तावितो का सामना करना पड़ सकता है। प्रणय ने सेमीफाइनल में टखने में चोट के बावजूद डेनमार्क के खिलाफ भारत को जीत दिलाई थी। दुनिया के 23वें नंबर के खिलाड़ी रुस्तावितो के खिलाफ प्रणय ने अब तक अपने दोनों मुकाबले जीते हैं, लेकिन वह पिछले पांच साल में इस युवा खिलाड़ी से नहीं भिड़े हैं। टीम के साथ मौजूद पूर्व भारतीय कोच विमल कुमार ने बताया, हमारे पास काफी संतुलित टीम है, युगल खिलाड़ी काफी अच्छा योगदान दे रहे हैं। सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है और करीबी मुकाबलों में जीत दर्ज की है।

कृष्णा प्रसाद गारगा और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला की युवा जोड़ी कमजोर कड़ी साबित हुई है, लेकिन मलेशिया और डेनमार्क के खिलाफ हार के दौरान इन्होंने कड़ी चुनौती पेश की। भारत फाइनल में दूसरी युगल जोड़ी के रूप में एक बार फिर एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला को उतार सकता है। इस जोड़ी ने राउंड रोबिन प्रारूप में दो मुकाबले खेले जिसमें से एक में उन्होंने जीत दर्ज की जबकि दूसरे में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट की शुरुआत में भोजन विषाक्तता से परेशान दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन पिछले दो मैच में टीम को सकारात्मक शुरुआत दिलाने में नाकाम रहे हैं।

रविवार को लक्ष्य को दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी एंथोनी सिनिसुका गिनटिंग से भिड़ना पड़ सकता है और भारतीय खिलाड़ी इंडोनेशिया के खिलाड़ी के खिलाफ पिछले मैच में अपने प्रदर्शन से प्रेरणा लेना चाहेगा जब मार्च में जर्मन ओपन के दौरान उन्होंने सीधे गेम में आसान जीत दर्ज की थी।

श्रीकांत के दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ने की उम्मीद है जो शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। क्रिस्टी स्विस ओपन का खिताब जीतने के अलावा कोरिया ओपन और बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में उप विजेता रहे। श्रीकांत ने क्रिस्टी के खिलाफ चार मुकाबले जीते हैं जबकि पांच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि इस साल क्रिस्टी के खिलाफ दो करीबी मुकाबले गंवाए हैं और पिछले मुकाबलों में हार का बदला चुकता करने के इरादे से उतरेंगे।

# भाजपा की राह पर चलेगी कांग्रेस 'एक परिवार एक टिकट' पर मंथन



सुभाष शर्मा
( लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं )

**देश की राजनीति का अच्छा ज्ञान रखने वाले पंडितों का कहना है कि अगर पार्टी अध्यक्ष गांधी परिवार से बाहर का बने और उसकी कमान गांधी परिवार के हाथ में रहे तो भी पार्टी तरक्की कर सकती है परंतु जब तक राहुल-प्रियंका के हाथ कमान रहेगी, पार्टी आगे नहीं बढ़ सकती। अभी हाल ही में प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश की कमान संभाली थी परंतु चुनावों में कांग्रेस बुरी तरह हारी और इसी प्रकार जहां-जहां राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार किया वहां-वहां भी कांग्रेस चुनाव हारी इसलिए जरूरी है नेतृत्व किसी ओर के हाथ में हो।**

**मंथन**

पिछली एक शताब्दी से परिवारवाद के आरोपों से घिरने वाली कांग्रेस पार्टी अब भारतीय जनता पार्टी की तर्ज पर एक परिवार एक टिकट देने पर विचार कर रही है। कांग्रेस पार्टी के उदयपुर में चल रहे चिंतन शिविर में पार्टी के महासचिव अजय माकन ने इस बात की पुष्टि की है कि पार्टी हाईकमान एक परिवार एक टिकट देने के मुद्दे पर मंथन कर रही है। हालांकि इसके साथ ही इसमें ऐसे नेता को छूट देने पर भी चर्चा हो रही है, जिसका कोई दूसरा सदस्य पिछले पांच सालों से पार्टी में सक्रिय रूप से काम कर रहा हो। यानी परिवार का कोई दूसरा सदस्य तभी टिकट का दावेदार होगा, अगर उसने पिछले पांच वर्ष पार्टी में काम किया हो या वो किसी पद पर रहकर काम कर रहा हो।

हालांकि पार्टी महासचिव अजय माकन का यह भी मानना है कि फिलहाल पार्टी के संगठन को मजबूत करने की जरूरत है ताकि भाजपा व उसकी सहयोगी आरएसएस को टक्कर दी जा सके। कांग्रेस पार्टी पर लंबे समय से नजर रखने वाले राजनेताओं का कहना है कि पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इस मुद्दे पर विचार करने में काफी देर कर दी, जबकि यह मुद्दा भाजपा के उठाने से पूर्व ही कांग्रेस में एक बड़ा मुद्दा था परंतु पार्टी पर काबिज बुजुर्ग नेता ऐसा होने नहीं देना चाहते थे क्योंकि उनके परिवार में कई-कई लोग कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ते थे। पार्टी में इस बात की भी चर्चा शुरू हो गई है कि पार्टी में महत्वपूर्ण पदों पर 50 साल तक की उम्र वाले नेताओं को बिठाने की जरूरत है ताकि आने वाले समय में पार्टी मजबूत की जा सके। दरअसल पार्टी की तानाशाही नीतियों, गांधी परिवार का गुणगान करने वाले चाटुकार नेताओं के चलते पाटी का जनाधार धीरे-धीरे हाशिये पर चला गया। अब लंबे समय के बाद उदयपुर में जारी चिंतन शिविर में विचार किया जा रहा है कि अगर कांग्रेस पार्टी के भविष्य को सुरक्षित करना है तो भजापा की अच्छी नीतियों का अनुसरण करने में कोई बुराई नहीं है।



हालांकि कांग्रेस की कमान किसी बाहरी व्यक्ति के हाथ में रहेगी या फिर से गांधी परिवार ही इस पर काबिज होगा, इस मुद्दे पर पार्टी में एक राय नहीं बन पाई है। पार्टी के जी-23 ग्रुप के दिग्गज नेता इशारों में कई बार संकेत दे चुके हैं कि अगर गांधी परिवार से बाहर का कोई नेता कांग्रेस का नेतृत्व करे तो पार्टी एक बार फिर से सत्ता में लौट सकती है, जबकि अनेक चाटुकार नेता ऐसे भी हैं, जो किसी कीमत पर गांधी परिवार के अलावा किसी को नेता मानने को तैयार ही नहीं हैं। यही कारण है कि पार्टी धीरे-धीरे अपना राजनीतिक धरातल खोती जा रही है।

देश की राजनीति का अच्छा ज्ञान रखने वाले पंडितों का कहना है कि अगर पार्टी अध्यक्ष गांधी परिवार से बाहर का बने और उसकी कमान गांधी परिवार के हाथ में रहे तो भी पार्टी तरक्की कर सकती है परंतु जब तक राहुल-प्रियंका के हाथ कमान रहेगी, पार्टी आगे नहीं बढ़ सकती। अभी हाल ही में प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश की कमान संभाली थी परंतु चुनावों में कांग्रेस बुरी तरह हारी और इसी प्रकार जहां-जहां राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार किया वहां-वहां भी कांग्रेस चुनाव हारी इसलिए जरूरी है नेतृत्व किसी ओर के हाथ में हो। पार्टी की नीतियों से हताश होकर अनेक दिग्गज कांग्रेसी नेता पार्टी छोड़-छोड़कर जा रहे हैं। पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने भी पार्टी की नीतियों से इत्तफाक न रखते हुए पार्टी छोड़ दी है। ऐसे दर्जनों उदाहरण हैं, जब कांग्रेस के दिग्गज नेता खुद ब खुद पार्टी को अलविदा कह गए। खैर लंबे अंतराल के बाद कांग्रेस पार्टी ने चिंतन व मंथन करने की प्रक्रिया शुरू की है, जिसमें एक परिवार से दो टिकट न दिए जाने का मुद्दा भी शामिल है। ऐसे ही अनेक मुद्दे हैं, जिन्हें सुधारना होगा, अगर पार्टी ने अपनी गलतियों से सबक नहीं सीखा तो फिर आने वाले समय में भाजपा का कांग्रेस मुक्त भारत का सपना पूरा होने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।

## देख मेरे शहर की हालत क्या हो गई भगवान

**हरियाणा** का मैनचेस्टर कहलाने वाला फरीदाबाद जिला जो कभी प्रदेश की औद्योगिक हब हुआ करता था। आज अपना पुराना रूतबा भी खो रहा है, जहां तक उद्योगों का सवाल है, बिजली की किल्लत के चलते रात को कारखाने चलाने पर पाबंदी लगा दी गई और दिन में बिजली की स्थिति क्या है, किसी से छुपी नहीं है। गर्मी के मौसम में बार-बार लगने वाले पावर कटों ने आम जनमानस की हालत खराब कर दी है। दुकानदारों, व्यापारियों, उद्योगपतियों सहित सभी तरह के कारोबारियों के हालात खस्ता हो गई है। कामधंधों में जबरदस्त गिरावट है, जिसके चलते अकुशल श्रमिकों को काम नहीं मिल रहा। हजारों हजार युवक-युवतियां जो शापिंग माल, दुकानों कंपनियों के अलावा मार्केटिंग के धंधे से जुड़े थे, टारगेट पूरा न कर पाने के चलते बेरोजगारी हो गए हैं, जबकि दूसरी ओर महंगाई है कि सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती जा रही है, बिमार होने पर अस्पतालों में इलाज करवाने के लिए पैसे नहीं है। आयुष्मान योजना का लाभ किन लाभार्थियों को मिल रहा है, इसकी जानकारी भी आम आदमी के पास नहीं है।




**विकास कार्यों को लगा ग्रहण :** शहर की ज्यादातर सड़कें टूटी पड़ी हैं, जगह-जगह गड्ढे हैं, सीवर ओवरफ्लो कर रहे हैं। सफाई व्यवस्था भगवान भरोसे है। पीने के पानी के लेकर चारों तरफ कोहराम मचा है। हालांकि हर बार गर्मियों के दो से तीन महीनों तक पानी की किल्लत रहती है परंतु इस बार मार्च महीने से ही पानी की किल्लत जारी है। कहने को यह शहर स्मार्ट शहरों की लिस्ट में शुमार है। पूरे शहर को स्मार्ट बनाने का दावा किया गया है, पिछले 2-3 सालों से स्मार्ट कार्य किए जा रहे हैं परंतु दिखाई कहीं नहीं दे रहे। दरअसल विकास कार्यों की आड़ में घपले हो रहे हैं। अकेले फरीदाबाद नगर निगम में अंदाजन 200 करोड़ रुपये के ऐसे घोटाले सामने आ चुके हैं, जहां बिना काम के ही ठेकेदारों को भुगतान कर दिया गया यानी फर्जी बिल बना कर बंदरबाट जारी है। लोगों को इस बात की हैरानी है कि क्या अकेले ठेकेदार या अधिकारी मिलकर इतना बड़ा घोटाला कर सकते हैं, ऐसा मुमकिन नहीं लगता, हमारे जनप्रतिनिधि क्या कुंभकर्णी नींद में सोये थे, जब उनके इलाके में बिना काम कराए भुगतान किए जा रहे थे। सूत्र बताते हैं कि इसमें सत्ता पक्ष से जुड़े नेताओं की हिस्सेदारी तय थी, तभी ये घोटाले हो पाये। सूत्रों का तो यह भी दावा है कि इन घोटालों की आंच नगर निगम के कई पूर्व कमिश्नरों तक भी जा रही है, जैसे-जैसे विजिलेंस विभाग जांच कर रहा है। करीब आधा दर्जन आईएएस अधिकारी भी लपेटे में आते दिखाई दे रहे हैं, जिनके हस्ताक्षरों से बिना काम किए भुगतान हुए बहुत सारे इलाकों में निम्र गुणवत्ता के कार्य भी सामने आ रहे हैं। ठेकेदारों ने निर्माण कार्यों के लिए माल खरीदा ही नहीं अगर खरीदा है तो बहुत कम और बिल बना दिए करोड़ों के जानकारों का दावा है कि अगर ईमानदार अधिकारियों से जांच करा ली गई तो फिर भ्रष्टाचार का ऐसा पिटारा खुलेगा, जिसमें आइएएस अधिकारियों से लेकर निचले स्तर के अधिकारी तो लपेटे में आएंगे ही कई सफेदपोश जनप्रतिनिधियों के चेहरे से नकाब उतर जाएगा क्योंकि ज्यादातर ठेकेदार इन्हीं के यारे प्यारे के जिन्होंने घोटालों के अंजाम दिया।

12वीं का फाइनल एग्जाम होने के पहले ही कई युवक एनडीए का एंट्रेंस देते हैं। चूंकि प्रत्येक वर्ष अप्रैल और सितंबर में एग्जाम का दो बार आयोजन होता है और इसके फॉर्म प्रत्येक वर्ष जून और दिसंबर में आपको मिल जाते हैं।



## सेना में अफसर बनना है तो चुनें नेशनल डिफेंस एकेडमी

**सेना** के बारे में जरा भी रुचि रखने वाले लोग एनडीए, यानी नेशनल डिफेंस एकेडमी में जाना या अपनी संतान को भेजना अपना पैशन समझते हैं। आर्मी ऑफिसर का अपना अंदाज और सबसे अलहदा कॅरियर होता है, जिससे तमाम युवा प्रेरित होते हैं और खुद को देश सेवा के लिए समर्पित करना चाहते हैं। न केवल इंडियन आर्मी, बल्कि इंडियन एयर फोर्स और इंडियन नेवी में जाने का रास्ता भी एनडीए से होकर गुजरता है। प्रश्न उठता है कि इसकी तैयारी किस प्रकार की जानी चाहिए और आखिर कौन इसके लिए एलिजिबल है?

वास्तव में एनडीए की परीक्षा, यूपीएससी (यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन) अरेंज करती है और यह प्रत्येक साल आयोजित की जाती है। इसमें अगर आपको भाग लेना है, तो आपको इससे संबंधित शर्तें ठीक ढंग से जान लेनी चाहिए। इसकी परीक्षा में बैठने के लिए 12वीं में मुख्य सब्जेक्ट मैथ और फिजिक्स होने चाहिए, तभी आप इंडियन एयरफोर्स और नेवी में जा सकते हैं। हालांकि इंडियन आर्मी में अगर आप जाना चाहते हैं, तो आप किसी भी सब्जेक्ट से 12वीं पास होने चाहिए। इसके अलावा आपका अविवाहित होना अनिवार्य है, तो फिजिकल फिटनेस में किसी भी प्रकार का किंतु-परंतु नहीं होना चाहिए। मतलब मानकों पर पूरी तरह से फिट होना एक अनिवार्य शर्त है एनडीए में जाने के लिए। खास बात यह भी है कि आपकी उम्र साढ़े 16 से 19 साल के बीच में होनी चाहिए, तो आपकी हाइट 157 सेंटीमीटर से कम नहीं होनी चाहिए। वस्तुत: एनडीए में जाना लाखों बच्चों का सपना होता है, इसीलिए यह काफी टफ कॉम्पीटेटिव एग्जाम माना जाता है। यह जान लें कि अगर आप आर्मी, एयर फोर्स या नेवी ऑफिसर बनना चाहते हैं, तो आपको जी तोड़ मेहनत करनी पड़ेगी और बेहद सतर्कता से अपनी तैयारी को अंजाम देना होगा।

अनियमित तैयारी के बल पर अगर आप एनडीए एग्जाम पास करने की सोचते हैं, तो यह आपकी गलती है! बल्कि रेगुलर टाइम टेबल बनाकर आपको इसके लिए महीनों तक लगातार तैयारी करनी पड़ेगी। इसके अलावा एनडीए एग्जाम के लिए बेहतरीन से बेहतरीन अध्ययन सामग्री का चुनाव आपकी प्राथमिकता में होना चाहिए। साथ ही, कम से कम बीते 5 साल और अधिकतम 10 साल के पुराने एनडीए के पेपर को लगातार हल करें और उसका पैटर्न आपको काफी कुछ इस एग्जाम के बारे में समझा देगा। ध्यान रखें, मोक पेपर आपको सिर्फ समझने के लिए, न कि रट्टा मारने के लिए!

12वीं का फाइनल एग्जाम होने के पहले ही कई युवक एनडीए (राष्ट्रीय रक्षा अकादमी) का एंट्रेंस देते हैं। चूंकि प्रत्येक वर्ष अप्रैल और सितंबर में एग्जाम का दो बार आयोजन होता है और इसके फॉर्म प्रत्येक वर्ष जून और दिसंबर में आपको मिल जाते हैं। ऑनलाइन भी यूपीएससी की वेबसाइट से फॉर्म भरे जा सकते हैं। हालांकि सिर्फ एंट्रेंस एग्जाम निकालने भर से ही आप एनडीए में भर्ती नहीं हो जाएंगे, बल्कि अगर आप एंट्रेंस एग्जाम निकाल लेते हैं तो आपको एसएसबी, यानी सर्विस सिलेक्शन बोर्ड का इंटरव्यू क्लियर करना होता है। इस इंटरव्यू में फिजिकल टेस्ट के अलावा एप्टिट्यूड टेस्ट, जीडी अर्थात ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू जैसे परीक्षाओं के कई राउंड होते हैं, जो आपको क्लियर करना होता है। अगर आप सौभाग्यशाली रहे और एसएसबी आपने क्लियर कर लिया, तो तमाम एग्जाम के बाद आपको 3 साल के लिए ट्रेनिंग के लिए भेजा जाता है। इस ट्रेनिंग को सफलतापूर्वक करने के बाद आप भारतीय सेना के तीनों अंगों में से किसी एक में जाते हैं और तब आप का स्वप्न साकार होता है, जिसे आप ने बरसों से देखा होता है।

